3 बस्तर संभाग
कलेक्टर की अध्यक्षता में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के...

6 अभिमत
जलवायु परिवर्तन पर सामाजिक कार्रवाई

10 संस्कारधानी
नपं अध्यक्ष के देवर की गाड़ी से रेत परिवहन,विधायक ने दिए...

11 न्यायधानी
एसएसपी का तबादला और स्वास्थ्य मंत्री के समर्थक पर...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 5 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 106 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज

वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का निधन

नयी दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि दुआ का अपराह्न करीब साढ़े चार बजे देहावसान हुआ। दुआ को लीवर में संक्रमण के कारण कुछ दिनों पूर्व परमानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, पिछले पांच दिनों से उनका अपोलो अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में उपचार चल रहा था। वह 67 वर्ष के थे, उनके परिवार में दो पुत्री हैं।

बडगाम में लश्कर का सक्रिय आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने शनिवार को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सक्रिय आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान अब्दुल हमीद नाथ, बडगाम निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नाथ को खुफिया अभियान के तहत एक विशेष जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, बडगाम के पोशकर इलाके में आतंकवादी गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने के बाद पुलिस, राष्ट्रीय रायफल और केन्द्रीय रिजर्व बल ने क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

विधानसभा सत्र की मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। आगामी 13 से 17 दिसम्बर तक आयोजित हाने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के बारहवें सत्र के आयोजन के पूर्व तैयारियों के संबंध में दिशा निर्देश देने मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से सत्र के दौरान विभागीय प्रकोष्ठ का गठन एवं नोडल अधिकारी की नियुक्ति, सत्र के दौरान प्रस्तुत होने वाले विधेयको की पूर्व तैयारी, लंबित आश्वासनों के उत्तर, विधानसभा के पटल पर रखे जाने वाले पत्रकों की तैयारी, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्पण सूचना, याचिकाओं, शून्य काल की सूचनाएं, विधान सभा की विभिन्न समितियों के प्रतिवेदनों पर त्वरित कार्रवाही, सत्र के दौरान चर्चा के संभावित विषयों की तैयारी लोक महत्व के विषयों पर चर्चा की तैयारी, पालन प्रतिवेदन, सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

भारत के बुनियादी ढांचे पर 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश का लक्ष्य : पीएम मोदी

वार्ता ‹ देहरादून
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत, आधुनिक बुनियादी ढांचे पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के इरादे से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की नीति, गति शक्ति की है, दोगुनी-तीन गुनी तेजी से काम करने की है। उन्होंने कहा कि सड़क और संपर्क सुविधाओं के विकास से क्षेत्र में पर्यटन, तीर्थाटन और अन्य आर्थिक गतिविधियों का विकास होता है, अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। मोदी विधान सभा चुनावों की ओर बढ़ रहे उत्तराखंड में 18000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने उत्तराखंड में एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। यहां की सरकार उन योजनाओं को 'जमीन पर उतार रही है।' आज यहां 18000 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि इस शताब्दी की शुरुआत में, तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भारत में कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधाएं) बढ़ाने का अभियान शुरू किया था। प्रधानमंत्री ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि वाजपेयी सरकार के समय शुरू किए गए राजमार्ग विकास अभियान को उसके बाद आयी सरकार ने बिखेर दिया। उन्होंने कहा, लेकिन उनके बाद 10 साल देश में ऐसी सरकार रही, जिसने देश का, उत्तराखंड का, बहुमूल्य समय व्यर्थ कर दिया। दस साल तक देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर घोटाले हुए, घपले हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बुनियादी संरचनाओं के विकास का काम फिर तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा,÷ इससे देश का जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई के लिए हमने दोगुनी गति से मेहनत की और आज भी कर रहे हैं। आज मुझे बहुत खुशी है कि दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा परियोजना का शिलान्यास हो चुका है। इससे उत्तराखंड तथा दिल्ली के बीच पड़ने वाले बागपत से शामली तक के जिलों में आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह राजमार्ग परियोजना जब ये बनकर तैयार हो जाएगी तो, दिल्ली से देहरादून आने-जाने में जो समय लगता है, वह करीब-करीब आधा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केदार घाटी इस बात का उदाहरण है कि सड़क सम्पर्क बढ़ने से पर्यटन और तीर्थाटन में तेजी आती है। केदारनाथ त्रासदी से पहले, 2012 में पांच लाख 70 हजार लोगों ने दर्शन किया था। ये उस समय एक रिकॉर्ड था। मोदी ने कहा कि सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी पहले की सरकारों ने उतनी गंभीरता से काम नहीं किया, जितना करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बॉर्डर के पास सड़कें बनें, पुल बनें, इस ओर उन्होंने ध्यान नहीं दिया जबकि कोरोना काल शुरू होने से पहले, 2019 में 10 लाख से ज्यादा लोग केदारनाथ जी के दर्शन करने पहुंचे थे, यानी केदार धाम के पुनर्निर्माण ने न सिर्फ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाई बल्कि वहां के लोगों को रोजगार-स्वरोजगार के भी अनेक अवसर उपलब्ध कराए हैं, हमारे पहाड़, हमारी संस्कृति, आस्था के गढ़ तो हैं ही, ये हमारे देश की सुरक्षा के भी किले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में आज जो सरकार है, वह दुनिया के किसी देश के दबाव में नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में रहने वालों का जीवन सुगम बनाना देश की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से दशकों तक जो सरकार में रहे, उनकी नीति-रणनीति में दूर-दूर तक ये चिंतन कहीं था ही नहीं। साल 2007 से 2014 के बीच जो केंद्र की सरकार थी, उसने सात साल में उत्तराखंड में केवल 288 किलोमीटर नेशनल हाईवे बनाए। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने अपने सात साल में उत्तराखंड में दो हजार किलोमीटर से अधिक लम्बाई के नेशनल हाईवे का निर्माण किया है। उन्होंने कहा, वन रैंक-वन पेंशन हो, आधुनिक अस्त्र-शस्त्र हो, आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देना हो, जैसे उन लोगों ने हर स्तर पर सेना को हतोत्साहित करने की कसम खा रखी थी।

इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोकने प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री बघेल से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दिल्ली में सेफी पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनसे इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के विरूद्ध सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। सेफी के अंतर्गत आने वाले अनेक इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों पर निजीकरण की तलवार लटकी हुई है, जिसमें मुख्य रूप से नगरनार इस्पात संयंत्र, नीलांचल इस्पात संयंत्र, राष्ट्रीय इस्पात निगम, विशाखापट्टनम तथा सेल की तीन इकाईयों के निजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों की महत्ता को समझा है और इनके राष्ट्रीय व सामाजिक, शैक्षणिक तौर पर सकारात्मक प्रभाव को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, छत्तीसगढ़ में स्थित नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध किया है। राज्य शासन ने विधानसभा में संकल्प पारित किया है कि नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की स्थिति में राज्य शासन इस संयंत्र का अधिग्रहण करेगा। सेफी ने संकल्प पारित किये जाने पर मुख्यमंत्री बघेल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बघेल से आग्रह किया कि इस्पात क्षेत्र की अन्य सार्वजनिक इकाईयों को निजी हाथों में देने की जगह यदि उनका उचित समायोजन कर दिया जाये तो राष्ट को एक अत्यंत ही लाभप्रद कंपनी प्राप्त हो सकता है। सेफी पदाधिकारियों ने भूपेश बघेल से आग्रह किया कि नगरनार इस्पात संयंत्र, नीलांचल इस्पात संयंत्र तथा वायजैक इस्पात संयंत्र एक दूसरे के पूरक बन सकते हैं। यदि तीनों कंपनियों का मर्जर कर एक कंपनी बनाया जाये, तो इस कंपनी के पास दो उन्नत इस्पात संयंत्र, प्रचुर मात्रा में लौह अयस्क तथा निर्यात के स्वयं के बंदरगाह की उपलब्धता रहेगी, जिससे वर्तमान में अलग-अलग संचालित होकर हानि उठाने वाली यह कंपनी संयुक्त रूप से अत्याधिक लाभ के मौकों का सृजन कर सकती है।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सौजन्य मुलाकात की।

मुफ्त सेवा, सुविधा देने पर बहस होनी चाहिए : नायडू

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने देश में निशुल्क सेवा और सुविधा देने पर व्यापक बहस का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि संसद और विधानसभाओं की वर्ष में कम से कम एक सौ बैठकें होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने यहां संसद की लोक लेखा समिति के एक सौ वर्ष पूरे होने पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में दुर्लभ संसाधनों और विकास की जरूरतों के साथ सरकारों के कल्याणकारी दायित्वों के अंतर्गत होने वाले खर्च को सुसंगत बनाया जाना चाहिए। निशुल्क सेवाओं तथा सुविधाओं पर व्यापक चर्चा करते हुए लोक लेखा समिति (पीएसी) को इस पहलू को भी जांच में शामिल करना चाहिए। नायडू ने कहा कि वांछित सामाजिक-आर्थिक परिणाम के लिए एक-एक रुपये का खर्च बुद्धिमानी, निष्ठा, और आवश्यक आधार पर किया जाना चाहिए। नायडू ने कहा कि जरूरतमंद लोगों का कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकारों का एक महत्वपूर्ण दायित्व है, लेकिन अब समय आ गया है कि कल्याण और विकास के उद्देश्यों में सामंजस्य स्थापित करने पर व्यापक बहस हो। व्यय को सावधानीपूर्वक संतुलित किया जाना चाहिए ताकि अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास उद्देश्यों पर समान ध्यान दिया जा सके। पीएसी को सामाजिक-आर्थिक परिणामों के संदर्भ में संसाधन उपयोग की प्रभावशीलता की जांच करनी है, इसलिए समिति के लिए व्यापक विचार के लिए इन दो उद्देश्यों को संतुलित करने के मुद्दे की जांच करना हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीएसी पहले से किए गए खर्च की जांच करती है, लेकिन संसद सदस्यों द्वारा उन पर आधारित प्रश्न और बहस तथा उस पर मीडिया रिपोर्टिंग, टिप्पणियों और सिफारिशों को और बढ़ाया जाना चाहिए।

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का शांति स्थापना से संबंध नहीं : शाह

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सात दशक से भी अधिक समय तक अनुच्छेद 370 रहने के बावजूद वहां शांति नहीं रही इसलिए यह स्पष्ट है कि अनुच्छेद 370 का जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित किये जाने से कोई संबंध नहीं है। शाह ने शनिवार को एक सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। जम्मू कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किये जाने को राजनीतिक मांग करार देते हुए उन्होंने कहा कि वहां नियम के अनुसार पहले परिसीमन होगा , उसके बाद चुनाव होंगे तथा उसके बाद में राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। राजनीतिक दल राज्य के दर्जे को एक मुद्दा बना रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में अभी जिस तरीके से शांति तथा कानून व्यवस्था बहाल हो रही है , पर्यटक जा रहे हैं और जन कल्याण की अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है वह पहले नहीं हुआ। उम्मीद है कि कश्मीर की जनता इस बदलाव का स्वागत कर रही है। 'मेरी सभी दलों से अपील है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सेदार बनें।' उन्होंने कहा, कश्मीर में 75 वर्षों तक 370 तो था ही तो वहां शांति क्यों नहीं रही। 370 का वहां शांति से कोई संबंध नहीं है। क्या 370 अनुच्छेद 1990 के दशक में वहां अस्तित्व में नहीं था इसके रहने के बावजूद वहां शांति क्यों नहीं थी। उन्होंने कहा कि अभी टारगेट किलिंग को भी जोड़ लें तो भी मौतों की संख्या में पहले की तुलना में वहां कमी आयी है। उत्तर प्रदेश में चुनाव के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा, वोट बैंकों के आधार पर बनने वाले गठबंधन लोगों को गाइड नहीं कर सकते। मतदाता अब जागरूक हो चुके हैं। मैं बडे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बहुत ही प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। मैं उत्तर प्रदेश के बहुत क्षेत्रों में गया हूं और वहां यह निश्चित है कि भाजपा बहुत अच्छे बहुमत के साथ चुनाव जीत रही है। किसान आंदोलन का उत्तर प्रदेश में असर नहीं पड़ना था लेकिन अब तो मोदी जी ने कानूनों को वापस लेकर इसे खत्म ही कर दिया है। पंजाब के बारे में उन्होंने कहा, पंजाब में हमारी ढिंढसा साहब से भी और कैप्टन अमरिंदर से भी बात चल रही है हम सकारात्मक ढंग से दोनों पार्टियों से बात कर रहे हैं।

प्रियंका ने भी की कोरोना पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के कोविड मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने कि मांग करने के बाद अब पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सरकार से पीड़ितों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव ने शनिवार को कहा कि सरकार को पीड़ित परिजनों के साथ संवेदना के साथ पेश आना चाहिए और उनकी पीड़ा को समझते हुए उन्हें तत्काल चार लाख रुपए का मुआवजा देना चाहिए। वाड्रा ने ट्वीट किया, भाजपा सरकार ने अब तक न तो कोरोना से हुई मौतों के सही आंकड़े जारी किए हैं और न ही मृतकों के परिजनों को किसी तरह का मुआवजा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करोड़ों भारतीयों की पीड़ा और संवेदना को संवेदनहीनता के बूटों तले कुचलिए मत। मृतक परिजनों को मुआवजा दीजिए।

गौरतलब है कि गांधी ने कल यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार से कोरोना मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की थी और आज वाड्रा ने उनकी इस मांग को आगे बढ़ाते हुए सरकार पर कोरोना पीड़ितों की मदद नहीं करने का आरोप लगाया।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिश में बड़ा कदम

रूस के सहयोग से अमेठी में पांच लाख राइफल बनाने की योजना को मंजूरी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा में रूस के सहयोग से पांच लाख ए के -203 असाल्ट राइफल बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस के राष्टपति व्लादीमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच सोमवार को यहां होने वाली शिखर वार्ता से दो दिन पहले यह घोषणा की गई है। सरकार के इस कदम को उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष के शुरू में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस परियोजना के शुरू होने से राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सेना पिछले तीन दशकों से इंसास राइफलों का इस्तेमाल कर रही है लेकिन अब जल्दी ही उसे 7.62 ङ्ग 39 एम एम कैलीबर की ए के-203 राइफल मिलने वाली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने गत बुधवार को ही इस योजना को मंजूरी दी थी। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पिछले महीने हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इन राइफलों की खरीद तथा देश में ही इन्हें बनाने की मंजूरी दी गई । इसके लिए रूस प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगा। सरकारी सूत्रों ने कहा है कि इससे रक्षा क्षेत्र में वैश्विक खरीद के बजाए मेक इन इंडिया पर जोर दिए जाने का पता चलता है। साथ ही रूस के साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती साझेदारी के संकेत भी मिलते हैं। इस परियोजना से सूक्ष्म, लघु और मझौली इकाईयों और रक्षा उद्योगों के लिए व्यवसाय के अवसर पैदा होंगे जिससे रोजगार भी बढ़ेंगे। साथ ही रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का योगदान भी बढ़ेगा। ए के-203 असाल्ट राइफल 300 मीटर की दूरी तक प्रभावशाली ढंग से मार करती हैं और यह हल्की, मजबूत तथा इस्तेमाल करने में आसान है। इससे आतंकवाद रोधी अभियानों में सेना की क्षमता भी बढ़ेगी। इस परियोजना के लिए एक विशेष उपक्रम इंडो रसियन राइफल प्राइवेट लिमिटेड बनाया गया है। राष्टपति पुतिन शिखर वार्ता में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंचेंगे इससे पहले दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच टू प्लस टू वार्ता भी होगी।

भारत में ई वेस्ट की डंपिंग चिंता का विषय : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व सतर्कता निदेशालय (डीआरआई) की देश की आर्थिक सीमाओं को संरक्षित बनाये रखने के लिए सराहना करते हुये मामलों के निपटान में तेजी लाने और सूचनाओं के आदान प्रदान तंत्र को सशक्त बनाने के साथ ही बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्रवाईयोग्य खुफिया जानकारियां एकत्रित किये जाने पर जोर दिया। सीतारमण ने यहां डीआरआई की संस्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि कार्रवाई योग्य सुखिया जानकारियां बहुत कम की मिलती है। बहुत अधिक खुफिया जानकारियां मिलती है लेकिन जब कार्रवाई की बात आती है तो वे जानकारियां हकीकत नहीं बन पाली है। कभी कभी तो ये जानकारियां इतनी हल्की होती है कि उस पर कार्रवाई करना भी कठिन होता है। वित्त मंत्री मुंद्रा पोर्ट पर तीन हजार किलोग्राम पादक पदार्थ की खेप पकड़े जाने का उल्लेख करते हुये कहा कि इस तरह की अवैध को रोकने के लिए किये जाने वाले आवश्यकत उपायों पर गौर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डीआरआई को ई वेस्ट डंपिंग पर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए क्योंकि यह देश के तट पर नहीं पहुंचना चाहिए।

देश में कोरोना के आठ हजार से अधिक नये मामले

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 8,603 नये मामले सामने आये हैं और 415 लोगों की इस महामारी से मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक लाख से घटकर 99974 हो गई है। कोरोना संक्रमण के 8,603 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 46 लाख 24 हजार 360 हो गई है। गुरुवार देर रात तक 8,190 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 40 लाख 53 हजार 856 हो गई है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटे में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से 415 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 70 हजार 530 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.29 फीसदी, रिकवरी दर 98.35 फीसदी और मृत्यु दर 1.36 फीसदी पर बरकरार है। मंत्रालय के अनुसार इसी अवधि में 73 लाख 63 हजार 706 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक 126 करोड़ 53 लाख 44 हजार 975 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। देश में केरल सक्रिय और मृतकों के मामलों में अभी भी आगे है। राज्य में सक्रिय मामले 263 बढ़कर 45293 हो गये है। राज्य में 4463 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 5070497 हो गयी है। इसी अवधि में 269 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 41124 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 77 घटकर 10805 रह गये है, जबकि 100 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 141149 हो गया है। वहीं 45 और मरीजों के कोरोना मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 6485335 हो गयी है।

धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारी लगातार कर रहे हैं उपार्जन केंद्रों का दौरा

■ खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव रीता शांडिल्य ने बेमेतरा के कई खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार उपार्जन केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा बेमेतरा जिले की प्रभारी सचिव रीता शांडिल्य ने बेमेतरा के कई खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर व्यवस्था का फीडबैक भी लिया।

कठिया धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया : खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बेमेतरा के कठिया धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान वहां धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की। वर्मा ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने आ रहे किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखें। बेमेतरा जिला की प्रभारी सचिव रीता शांडिल्य ने लेंजवारा (सरदा), कठिया, जेवरा, कुसमी, सरदा, बीजाभाठ एवं हसदा धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनके द्वारा उपार्जन केंद्र में लाए गए धान की मात्रा, धान के उत्पादन और समर्थन मूल्य के बारे में पूछा। उन्होंने खरीदी केंद्रों में मानव संसाधन, आर्द्रतामापी यंत्र, तौल बाट, पेयजल और विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली।

कबीरधाम जिले के कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में खुले चार नए धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने छिरहाबांधा, मोतीपुर, गौरमाटी और गोरखपुर कला के नए धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने इन केंद्रों के प्रभारियों से कहा कि किसानों की मांग पर नए खरीदे केंद्र खोले गए हैं। यहां धान बेचने आने वाले किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। धान बेचने में किसानों की सहुलियत के लिए कबीरधाम जिले में इस साल आठ नए धान खरीदी केंद्र खोले गए हैं।

पुलिस जवानों को आवास आवंटन का काम पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डीजीपी को दिए निर्देश

■ मुख्यमंत्री ने कहा पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक स्वयं और सतत करें समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस जवानों को शासकीय आवास आवंटन का काम पूरी पारदर्शिता पर गंभीरता के साथ करने के निर्देश पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों को आवास आवंटन का काम उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता के साथ किया जाए और काम में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। उन्होंने डीजीपी सहित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को इस कार्य को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस के जवान 24 घण्टे जनता की सेवा में लगे रहते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण जहां तक सम्भव हो सके तत्परता से किया जाना चाहिए, ताकि जवानों की भावनाएं आहत न हों और उनका मनोबल बना रहे।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि डीजीपी स्वयं आवास संबंधी मामलों की समीक्षा करें और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें । प्रत्येक जिले में एसपी भी अपने जिलाबल के जवानों को आवास आवंटन के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करें और इसकी सतत समीक्षा करें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुलिस जवानों की समस्याओं के निराकरण के लिए शुरू से ही बेहद संवेदनशील हैं । अपराधों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस जवानों की ड्यूटी बेहद अनुशासन और तनावपूर्ण रहती है। पुलिस जवानों का मानसिक तनाव कम हो और वे नवीन ऊर्जा के साथ कार्य कर सकें इसके लिये राज्य शासन द्वारा कई सालों से पुलिसकर्मियों की साप्ताहिक अवकाश की मांग को पूरा किया गया है। इस क्रम में विगत तीन वर्षों में पुलिसकर्मियों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनायें शुरू की गई हैं। पुलिस परिवार के करीब 72 हजार जवानों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल हिंसा में शहीदों और उनके परिजनों के प्रति पूरी संवेदनशील है। शासन द्वारा नक्सल हिंसा में शहीद जवानों के आश्रित परिजनों को दी जाने वाली एक्सग्रेसिया राशि 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दी गयी है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर पुलिस जवानों के शहीद एवं सामान्य मृत्यु के प्रकरणों को बेहद ही संवेदनशीलता के साथ निराकृत कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में तैनात पुलिस जवानों का तनाव कम करने सभी जिलों में रोस्टर बनाकर योगा शिक्षकों की सहायता से योगा क्लासेस भी शुरू की गयी है । खेल गतिविधियों से जोड़कर जवानों का तनाव दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा सम्मान निधि के रूप में 1 लाख रूपये दिये जाते थे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर 2 लाख रूपये कर दिया गया है।

अचानकमार टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणियों के रहवास सुधार में काफी मददगार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अचानकमार टाईगर रिजर्व में नरवा विकास योजना के तहत भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण वन्यप्राणियों के रहवास सुधार आदि में काफी मद्दगार साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में टाईगर रिजर्व में विगत दो वर्षों में 16 हजार 675 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 13 हजार 424 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इनके निर्माण के लिए कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 तथा 2020-21 के अंतर्गत 21 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत है।

डेम का निर्माण किया जा रहा है : इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि अचानकमार टाईगर रिजर्व लोरमी (बिलासपुर) में वर्ष 2019-20 के तहत दियाबार नाला, मनियारी नाला, जैनघाट नाला, रक्षाछाक नाला तथा सतबहिनया नाला और बेंदरी नाला में 9 करो? 72 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से 6 हजार 678 संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 5 हजार 850 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत 5 हजार 104 लूज बोल्डर चेक डेम, 1155 ब्रशवुड चेक डेम, 125 गेबियन संरचना, 25 कन्टूर ट्रेंच तथा 8 स्टॉप डेम का निर्माण किया जा रहा है।

इसी तरह वर्ष 2020-21 के भाग-एक के तहत चिरकापहाड़ नाला, कन्हैया नाला, गोई नाला, छोटे ठोड़ापानी नाला, बाघदुध नाला तथा सूखा नाला और चकदा नाला में 8 करोड़ 70 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से 7 हजार 35 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें अब तक 5 हजार 609 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो गया है। इसके तहत 4 हजार 247 लूज बोल्डर चेक डेम, 2 हजार 420 ब्रशवुड चेक डेम, 48 कन्टूर ट्रेंच, 4 स्टॉप डेम, 9 डबरी, 4 तालाब तथा 5 अरदन डेम आदि का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा वर्ष 2020-21 के भाग-दो के तहत अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत बावापत्थरा नाला तथा बारझोरी नाला में 03 करोड़ रूपए की राशि से 02 हजार 962 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। इनमें से अब तक 02 करोड़ 21 लाख रूपए की राशि व्यय कर 01 हजार 965 संरचनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

एआईसीटीई-सीएसवीटीयू (एमओयू) का साझा 12 दिवसीय नॉन टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के सयुंक्त तत्वावधान श्रीशंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर में 6 दिसंबर से 18 दिसंबर तक विषय 'अशैक्षिक कर्मचारी वर्ग के स्वास्थ्य एवं कार्य सामर्थ हेतु विविध प्रशिक्षण पर 12 दिवसीय नॉन टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजित होने जा रहा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन, मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसग? स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के कुलपति माननीय प्रोफेसर एम. के. वर्मा के कर कमलों द्वारा होगा। एआईसीटीई-सीएसवीटीयू (एफडीपी) के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर. एन. खरे, प्राचार्य विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, अंबिकापुर ने इस कार्यक्रम के विशेषता के बारे में बताया कि यह छ.ग. प्रदेश का तृतीय नॉन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम है प्रमुख रूप से अशैक्षिक कर्मचारी वर्ग के कार्य शैली को उत्कृष्टता प्रदान करना है । इसकी सहायता से वे वैश्वीकरण के इस युग में बहुत तेजी से विकासशील प्रौद्योगिकी के साथ काम करने के लिए आवश्यक, उन्नत कौशल की आवश्यकता को पूर्ण करना है। उन्होंने आगे बताया की इस कार्यक्रम को सम्बोधित करने वाले प्रमुख वक्त के रूप भारत देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे आई आई टी,एनआईटी शासकीय विश्विद्यालय,महाविद्यालय के विषय एक्सपर्ट रहेंगे । इन 12 दिनों में कुल 36 तकनीकी सत्र होंगे और इसके अलावा 12 योग सत्र होंगे* जिसकी सहायता से हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी लाभन्वित्त होंग। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या 56 है जिसमे से 40 प्रतिभागियों को इस सत्र का लाभ लेने का अवसर प्राप्त होगा। इस समारोह में डायरेक्टर (एफडीसी) कर्नल बी. वेंकट जी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली, पीएमसी चेयरमेन के रूप में डॉ. एस.पी.एस. मथारू जी, प्रोफेसर राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, रायपुर, डॉ. आर. एन. पटेल, प्रोफेसर राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, रायपुर, कुलसचिव डॉ. के. के. वर्मा जी, तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई, एसएसआईपीएमटी, रायपुर के चेयरमेन (बीजी) निशांत त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हेमलता सिन्हा , कार्यक्रम सह-समन्वयक आनंद ताम्रकार, कार्यक्रम में उपस्थित देश भर के आये शिक्षाविद, समस्त अधिकारी एवं प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह सम्पन्न होगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के 200 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक (सुपरवाईजर) के रिक्त 200 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग में सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर खुली सीधी भर्ती और परिसीमित सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नियुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ की मूल निवासी महिलाएं ही आवेदन कर सकती हैं। नियमानुसार आरक्षित श्रेणियों और दिव्यांगजनों के लिए भी पद आरक्षित है। खुली सीधी भर्ती में किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समतुल्य उपाधि रखने वाली महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। परिसीमित सीधी भर्ती के लिए केवल विभाग में 10 वर्षों से सतत् कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही आवेदन के लिए पात्र होंगी। आवेदन करने की प्रक्रिया 3 दिसम्बर से शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार 30 दिसम्बर 2021 को रात 11.59 बजे तक व्यापम की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बीरगांव में 208 तथा गोबरा-नवापारा में 5 अभ्यार्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन-2021 के तहत नगर पालिका निगम, बीरगांव में आज 3 दिसम्बर अंतिम दिवस तक 208 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम बीरगांव के रिटर्निंग ऑफिसर बी बी पंचभाई ने बताया कि आज दिनांक तक वार्ड क्रमांक 1 अनारक्षित (महिला) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 2 अनुसूचित जाति (मुक्त) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 3 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 4 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 5 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 6 अनारक्षित (महिला) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 7 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 8 अनुसूचित जाति (महिला) के लिए 7, वार्ड क्रमांक 9 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 8, वार्ड क्रमांक 10 अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 11 अनारक्षित (महिला) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 13 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 15 अनुसूचित जाति (मुक्त) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 16 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 17 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 8, वार्ड क्रमांक 18 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 19 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 20 अनारक्षित (महिला) के लिए 8, वार्ड क्रमांक 21 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 22 अनुसूचित जाति (मुक्त) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 23 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 7, वार्ड क्रमांक 24 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 7, वार्ड क्रमांक 25 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 26 अनुसूचित जाति (महिला) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 27 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 28 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 29 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 30 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 31 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 7, वार्ड क्रमांक 32 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 6, वार्ड क्रमांक 33 अनारक्षित (महिला) के लिए 8, वार्ड क्रमांक 34 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 35 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 5, वार्ड क्रमांक 36 अनारक्षित (मुक्त) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 37 अनारक्षित (महिला) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 38 अनारक्षित (महिला) के लिए 4, वार्ड क्रमांक 39 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए 3, वार्ड क्रमांक 40 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के लिए 5 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका परिषद् गोबरा-नवापारा के रिटर्निंग ऑफिसर निर्भय साहू ने बताया कि गोबरा-नवापारा में वार्ड नं 14 राधाकृष्ण वार्ड के लिए आज अंतिम दिवस तक 5 अभ्यर्थियों ने नांमाकन दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय निर्वाचन-2021 के तहत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 दिसम्बर तक थी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 दिसम्बर 2021 को पूर्वान्ह 10 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थियो से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 6 दिसम्बर 2021 अपरान्ह 3 बजे तक है। निर्वाचन ल?ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 6 दिसम्बर 2021 को अभ्यर्थिता वापसी के बाद किया जायेगा। मतदान 20 दिसम्बर 2021 को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक किया जायेगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 23 दिसम्बर 2021 को सुबह 9 बजे से की जायेगी।

बंफर ड्रा में मिलेगा टीवीएस स्कूटरेट व लकी ड्रा में होम एप्लांयसेंस

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो का आज होगा समापन, किसी ने प्लाट तो किसी ने फ्लैट लेने में दिखाई रूचि

■ बेस्ट लोकेशन का मनचाहा प्रोजेक्ट पाकर खुश हुए प्रापर्टी बायर्स

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो के दूसरे दिन शनिवार को प्रापर्टी की बुकिंग व साइट विजिट के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। कल 5 दिसंबर तक चलने वाले इस एक्सपो में ज्यादातर ऐसे लोग पहुंचे हुए थे जो वास्तविक खरीदार थे। और उन्हें शहर के बेस्ट लोकेशन पर अच्छी सुविधाओं वाली प्रापर्टी लेना था। अपने बजट के अनुरूप लोगों ने प्लाट व फ्लैट की खरीदी में रूचि दिखाई। एक्सपो में पहुंचे लोग इस बात को लेकर खुशी जाहिर कर रहे थे कि उन्हे मनपंसद प्रापर्टी लेने का विकल्प यहां मिल रहा है। कल रविवार को एक्सपो का अंतिम दिन हैं।

लगभग दो साल अंतराल के बाद आयोजित क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो में शनिवार को लोग परिवार सहित पहुंचे, जैसे ही वे एक्सपो स्थल पर प्रवेश कर रहे थे वेलकम के साथ हर विजिटर्स को बताया जा रहा था कि आप अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर दर्ज करायें, आपको क्रेडाई की तरफ से प्रायोजित लकी ड्रा में आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिल सकता है। खुशी-खुशी लोग जानकारी दर्ज कराने के साथ पूछ रहे थे कि क्या-क्या उपहार में हैं। जैसे कि मालूम हो बंफर ड्रा में टीवीएस स्कूटरेट तथा दैनिक लकी ड्रा में रेफ्रीजरेटर, वाशिंग मशीन, ओवन, होम थियेटर के साथ अन्य उपहार दिए जा रहे हैं। वहीं स्टॉल होल्डर्स, बिल्डर्स अपनी ओर से अलग उपहार स्पाट बुकिंग कराने पर दे रहे हैं।

प्रापर्टी बायर्स को फाइनेंस की सुविधा प्रदान करने के लिए एसबीआई, एचडीएफसी व पीएनबी जैसे बैंक के स्टॉल भी एक्सपो में लगे हुए हैं जो लोन की सारी प्रक्रिया को आसानी से समझा रहे हैं। लोन में दिक्कत इसलिए नहीं है क्योंकि क्रेडाई से संबद्ध बिल्डर्स यहां भाग ले रहे हैं और सभी की काफी अच्छी साख है। क्रेडाई है तो वैधानिक प्रोजेक्ट ही मिलेंगे। नई उम्मीद -नया सपना, घर होगा- अब अपना। स्लोगन के साथ एसबीआई होम लोन के लिए 6.70 प्रतिशत का ब्याज दर आफर कर रहे हैं। यदि बैंकों के ब्याज दर की बात करें तो यह काफी कम हैं इसलिए लोन लेने का भी अच्छा समय है।

शहर के सभी लोकेशन के प्रोजेक्ट मौजूद होने से शहरवासियों को प्रापर्टी एक्सपो में एक ही जगह पर सभी बड़े बिल्डर्स व डेवलपर्स की योजनाएं मिलने की वजह से लोगों को प्रापर्टी खरीदने में बेहद आसानी हो रही थी। पसंद आने पर उन्होंने तत्काल स्पॉट पर बुकिंग भी करायी। एक्सपो में शहर के जाने माने 40 से अधिक बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स लेकर मौजूद हैं। न्यू लॉचिंग की जानकारी भी दी जा रही थी।

छत्तीसगढ़ क्रेडाई के अध्यक्ष मृणाल गोलछा, प्रोग्राम चेयरमेन संजय रहेजा, को-चेयरमेन अशोक मूंदड़ा ने बताया कि क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो में आने वाले लोग इसलिए खुश दिखे कि उन्हें अपनी पसंद के लिए कहीं अलग अलग जाने की जरूरत नहीं पड़ रही बल्कि एक ही जगह पर सारे विकल्प हैं। जैसा बजट वैसी प्रापर्टी,पाकर लोग स्पाट पर ही बुकिंग करा रहे थे। दो दिन में काफी अच्छा रिस्पांश दिखा, कल रविवार को एक्सपो का आखिरी दिन है।

एक्सपो में शामिल हैं बिल्डर्स

अविनाश ग्रुप, आरती ग्रुप, वालफोर्ट बिल्डिंग होम, ऐश्वर्या ग्रुप, रहेजा ग्रुप, वीआईपी सिटी, रजत बिल्डेक, सिंघानिया बिल्डकॉन, आनंदम वर्ल्ड सिटी, पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रा.लि., ऋषभ बिल्डर्स, शेफ्रान, जीटी ग्रुप, वर्धमान ग्रुप, मोशर्या इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लासिक ग्रुप, हिमालया इंफ्राप्रोजेक्ट्स, व्हीजीआर रियल एस्टेट, गोल्फ ग्रीन्स, पायोनियर होम्स, भारद्वाज प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स, वुड्स एस्टेट, मल्टी स्पोट्स सिटी, चैतन्य ग्रीन्स, बजाज टाउनशिप, शिवा बिल्डर्स प्रमोट्स, वीबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐश्वर्यम विले, मोनिका बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, मेट्रो पार्क, स्वास्तिक ग्रुप, कोरेंज, ड्रीम होम्स।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन के लिए बैठक आयोजित

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

■ मिलर्स धान का उठाव समय पर करना सुनिश्चित करें

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्के का उपार्जन विगत 1 दिसम्बर से प्रदेश सहित जिले में प्रारंभ हो गया है। धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी बारदाना व्यवस्था, धान उठाव, कस्टम मिलिंग के संबंध में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यवेक्षण दल सहित मिलर्स, समिति प्रबंधक एवं खरीदी प्राभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर साहू ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में समुचित व्यवस्था एंव रख-रखाव के लिए जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है, वहीं नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गयी है, जो प्रतिदिन वहां की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाये रखेंगे और वहां की समस्याओं का निदान भी करेंगे। बैठक में कलेक्टर ने मिलर्स से चर्चा के दौरान कहा कि उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी प्रारंभ कर दी गयी है। धान का मिलर्स समय पर उठाव करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने बैंक गारंटी, पूर्व में प्रदाय बारदाने की आपूर्ति के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिलर्स को पहले से ही पर्याप्त मात्रा में बारदाने प्रदाय किये गये है, उन बारदानों को समितियों में समय पर वापस लौटायें। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी एचएल डड़सेना, जिला विपणन अधिकारी निषाद, नोडल अधिकारीप्रतीक अवस्थी, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रविकांत घ्रुर्वे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय चंदेल के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने धान उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त नोडल अधिकारी केन्द्र की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाये रखेंगे। इसके लिए परिसर की साफ-सफाई, टोकन काटे जाने वाले स्थान में रौशन सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखेंगें। इसके साथ ही केन्द्र में संधारित की जाने वाली पंजीयों टोकन पंजी, टोकन आवक पंजी, खरीदी पंजी इत्यादि का समुचित संधारण करेंगे। इसके अलावा केन्द्र में धान की नमी जांच, बोरा भराई, तौलाई, बोरे की स्टेकिंग और ड्रेनेज आदि की व्यवस्था पूर्व से करें। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के समय किसी भी विषय पर कोई विवाद न हो इस बात का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मिलर्स से प्राप्त बारदानों का पहले उपयोग करें। उसके पश्चात समिति के बोरों का उपयोग करें। कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में बारदानों की दर 18 रूपये प्रति बोरा की गयी थी, जिसमें वृद्धि करते हुए अब 25 रूपये कर दी गयी है। किसानों को बारदाना विक्रय करने हेतु प्रेरित करें। इसके साथ ही धान उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, मेडिकल किट, सेनेटाईजर आदि रखें। केन्द्र में काम करने वाले कर्मचारी कोरोना प्रोटाकाल का पालन करें, इस बात का ध्यान रखें।

कलेक्टर साहू ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रा में धान विक्रय करने के लिए आने वाले किसानों का कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जायेगा, इसके लिए मेडिकल दल की व्यवस्था की गयी है। यह दल प्रतिदिन निर्धारित स्थल एवं समय पर उपलब्ध रहेंगे। जिले के ऐसे किसान जिन्होंने कोविड-19 का टीह्यका नहीं लगावाया है। वे इन केन्द्रों में टीका लगवा सकते हैं। इसके साथ ही केन्द्रों में सुझाव पेटी भी रखें, जिसकी जिम्मेदारी नोडल अधिकारी की होगी। उन्होंने कहा कि धान विक्रय करने के लिए आने वाले छोटे किसानों को प्राथमिकता देवें, बडो किसानों को सूची में रखे। धान की तौलाई हेतु धर्म कांटा में 2 लोगों की ड्यूटी लगायी जाये। इन सभी कार्यों का नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आगजनी हत्या में शामिल 1 नक्सली सहित 16 जन मिलिशिया माओवादी सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

माओवादियों के पश्चिम बस्तर गंगालुर एरिया कमेटी के नक्सल अग्र संगठन में बरसो से जुड़े हुए सक्रिय 16 माओवादियों ने संगठन के खोखली विचारधारा से तंग आकर शनिवार किरंदुल थाने में आकर आत्मसमर्पण किया है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के अनुसार नक्सली संगठन में सक्रिय माओवादियों से आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक जीवनयापन करने के लिये लगातार आव्हान कर अपील किया जा रहा है।

शनिवार जन मिलिशिया सदस्य ग्राम कुटरेम थाना किरन्दुल क्षेत्र के 16 माओवादियों ने नक्सली विचारधारा त्याग कर समाज के मुख्यधारा में लौट आए हैं। आत्मसमर्पित माओवादी जिले के विभिन्न स्थान पर नक्सली कमाण्डरों के आदेश पर रोड़ खोदना पेड़ काटना वाहनों में आग लगाना संतरी ड्युटी कर पुलिस के मुव्हमेन्ट का रैकी करना नक्सलियों के लिए भोजन सामाग्री एकत्रित कर उन्हें उपलब्ध कराना तथा नक्सली बैनर पोस्टर लगाकर नक्सली विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते थे।इस दौरान थाने में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कर्ण कुमार उइके उप निरीक्षक शशिकांत टंडन थाना प्रभारी किरन्दुल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

हर सोमवार को होगा कलेक्टर जन चौपाल का आयोजन

बीजापुर। कलेक्टोरेट बीजापुर में अब हरेक सोमवार को प्रातः साढ़े 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कलेक्टर जन चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कलेक्टरराजेन्द्र कुमार कटारा जिले के आम जनता से रूबरू होकर उनकी समस्या -शिकायतें सुनेंगे और त्वरित निराकरण के लिए पहल करेंगे। इस दौरान जनसाधारण अपनी समस्या-शिकायतें समक्ष में रख सकते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की भर्ती के लिए दावा आपत्ति 7 दिवस के भीतर आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर के पत्रक अनुसार ग्राम पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञान जारी किया गया था। समिति के प्रथम मूल्यांकन बैठक पश्चात मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। जिसके लिए दावा आपत्ति 7 दिवस के भीतर आमंत्रित की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों के लिए पात्र/अपात्र की जारी सूची में ग्राम पंचायत कौरगांव गुफापारा से सावित्री अलामी (पात्र), महिमा(पात्र), जयमति नेताम(अपात्र), ग्राम पंचायत कोरलापाल नागफनी सरपंच पारा से कुमारी फूलमती तर्मा(पात्र), शर्मिला कश्यप (अपात्र), कुमारी रीना अलामी (अपात्र), कौश्ल्या (पात्र), रामबती वेटटी (पात्र), सुशिला नेताम (अपात्र), अनिता (पात्र), ग्राम पंचायत घोटपाल कामापारा से भाग्यवती यादव (पात्र), सरोज यादव (पात्र), लक्ष्मी कोवासी (पात्र), सुशिला नेताम (अपात्र), रामबती लेखामी (पात्र), कुमारी शिव कुमारी कोवासी (पात्र), ज्योती मरकाम (पात्र), संतोषी नेताम (अपात्र), कुमारी ललिता कश्यप (अपात्र), ग्राम पंचायत गुटोली तारलापाल स्कूलपारा से तुलसी जुर्री (पात्र), पार्वती इस्ताम (अपात्र), कुमारी रीना अलामी(पात्र), कुमारी रंजना (अपात्र), ग्राम पंचायत मुचनार सरपंचपारा से ललिता नाग(पात्र), कुमारी मनिषा नाग (पात्र), कुमारी करूणा नाग(पात्र), प्रतिभा नाग (अपात्र), रामबती भास्कर (अपात्र), बसंती ठाकुर (अपात्र) शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए पात्र/अपात्र की जारी सूची में ग्राम पंचायत कोरलापाल नागनी स्कूलपार से नीला यादव(पात्र), कुमारी शांति नाग(पात्र), कौशिल्या(पात्र), ग्राम पंचायत कासोली मडियापार से पांडे बाई अटामी (पात्र), मनबती अटामी (पात्र), मीना वेक (अपात्र), ग्राम पंचायत कासोली पदामीपारा से शिमला ठाकुर (अपात्र), मीना वेक (अपात्र), कमला भास्कर (पात्र), दुलमा यादव (पात्र), अम्बे भास्कर(पात्र), बती कश्यप (पात्र), सीला अटामी(पात्र), कुमारी फूलमती अटामी (पात्र), ग्राम पंचायत बुधपदर कोटवारपारा से प्रमिला वेक(अपात्र), बबली भास्कर (अपात्र), सरिता कश्यप (पात्र), ग्राम पंचायत जोड़ातराई मंझारपारा से मुन्नी नेताम(पात्र), सत्यवती नेताम(अपात्र), मोती नेताम(पात्र), ग्राम पंचायत कौरगांव हल्बापारा से कुमारी आसमती कडकी, गल्लेबाई कड़की, समो कडकी इनका किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं है। ग्राम पंचायत उपेट स्कूलपारा से कुमारी पुष्पा (अपात्र), कुमारी सुनिता (पात्र), चन्दनी कश्यप (पात्र), ग्राम पंचायत मुचनार मल्लुमुण्डा टोन्डो अलामी (पात्र), सुमित्रा इचमी (पात्र), फूलमती कुंजाम (पात्र), रामबती भास्कर (अपात्र), सुनिता (पात्र), प्रतिभा नाग (अपात्र), शामिल है।

पैसे की लालच में आकर किया शिक्षक की हत्या, अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पैसो की कमी एवं अधिक पैसा कमाने की लालच में अपने दो साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से घटना को दिय गया अंजाम सायबर सेल की मदद् से घटना के मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार, थाना नेलसनार की कार्यवाही पोटाकेबिन स्कूल नेलसनार कड़ेयामपारा के पास मोटरसायकल सवार नकाबपोश तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लूट के इरादे से शिक्षक महेन्द्र तर्मा की देशी कट्टा से गोली मारकर हत्या कर दिये थे । प्रकरण में थाना नेलसनार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ पंकज शुक्ला के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपियों की पता तलाश की गई । विवेचना के दौरान तथ्यों के आधार पर प्रकरण के संदेही अर्जुन कड़ती पिता स्व बुधराम कड़ती उम्र 26 वर्ष निवासी पाटलीगुड़ा थाना मिरतुर से बारिकी से पुछताछ की गई । पूछताछ पर संदेही अर्जुन कड़ती द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पैसा लूट करने के इरादे से घटना कारित करना बताया गया । आरोपी द्वारा बताया गया कि मृतक महेन्द्र तर्मा पूर्व में भी दीपावली के समय अधिक राशि लेकर जुआ खेलने मिरतुर जाता

था इसके पास अधिक रकम होना देखा गया था । आरोपी अपने दोनो साथियों के साथ महेन्द्र तर्मा पर नजर रखे हुये था । घटना दिनांक को महेन्द्र तर्मा अपने निजी कार से नेलसनार कड़ेयामपारा पोटा केबिन स्कूल के पास अपने साथी के आने का इंतजार कर रहा था तभी यह अपने दोनो साथियों के साथ मिलकर लूट के इरादे से अपने पास रखे देशी कट्टा से महेन्द्र तर्मा को गोली मारकर हत्या कर दिये और उसके पास से 20000/- नगद, मोबाईल विवो जेड-1 कीमती 18000/- एवं शिक्षक के साथी सुदरू राम नेताम के पास से 600/- नगद व विवो मोबाईल कीमती 14000/- लूट कर ले गये थे । घटना के मुख्य आरोपी अर्जुन कड़ती के मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपी के निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया होण्डा एसपी 125 लाल रंग का मोटर सायकल व 315 बोर देशी कट्टा, लूट की रकम 5000/- एवं घटना के समय पहने कपड़े व मोबाईल पाटलीगुड़ा मिरतुर से बरामद किया गया ।प्रकरण में आरोपी अर्जुन कड़ती के विरूद्ध अपराध धारा का सबुत पाये जाने से थाना नेलसनार में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है। प्रकरण के फरार अन्य दोनों आरोपियों की पता तलाश जारी है ।

कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन

कांकेर। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर में कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देव शंकर द्वारा सभी प्राध्यापकों कर्मचारियों तथा विर्द्यार्थियों के साथ-साथ कृषि फार्म में कार्यरत कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया। कोविड-19 महामारी के बचाव हेतु टीकाकरण की अनिवार्यता एवं सुनिश्चितता पर बल दिया गया। अन्य सावधानियाँ जैसे सेनेटाईजेशन, दो-गज की दूरी, मॉस्क पहनना आदि अपनाने के लिए लोगों को आहवान किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के द्वारा डुमरपारा सिंगारभाट में जन जागरूकता रैली निकाली गई।

समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत दलहनी एवं तिलहनी फसलों का किया जाएगा प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

विगत दिवस ग्राम बिंजाम में कृषि विज्ञान केन्द्र, दन्तेवाड़ा के वैज्ञानिकों द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना अंतर्गत बीज वितरण एवं दलहनी फसलों का ट्राईकोडर्मा से बीजोपचार की विधि बताई गई। कार्यक्रम के शुरूआत मेंडिप्रोशन बजारा (विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान) ने किसानों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत की। समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना अंतर्गत पूरे जिले में 25-25 एकड़ में क्रमशः चना एवं मटर तथा 25 एकड़ सरसों की खेती का प्रदर्शन किया जायेगा। चना एवं मटर की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चना एवं मटर की खेती मध्यम से भारी भूमि में की जाती है, किन्तु कन्हार भूमि अधिक उपयुक्त है। इन फसलों की बुआई का उचित समय 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक किया जा सकता है।बंजारा ने किसानों को कतार बोनी हेतु प्रेरित किया और बताया कि कतार बोनी करने से बीज दर को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है जिससे बीज में लगने वाली लागत आधी हो जायेगी एवं निंदाई गुडाई करने में आसानी होगी।

पूनम कश्यप (यंग प्रोफे शनल-2) ने ट्राईकोडर्मा द्वारा बीजोपचार के बारे में बताते हुए कहा कि ट्राईकोडर्मा एक बायोएजेन्ट है जिससे फसल में होने वाली बीमारियों से फसल को बचाया जा सकता है। साथ ही चने में बीज उपचार की विधि को प्रदर्शन करते हुए बताया कि 1 किलोग्राम चने को 5 ग्राम ट्राईकोडर्मा द्वारा उपचारित करने से चने में लगने वाली बिमारियां जैसे जड गलन, उकठा रोग इनको नियंत्रित किया जा सकता है। तत्पश्चातविक्की कुमार नेताम (यंग प्रोफे शनल-2) द्वारा जैव उर्वरकों के बारे में जानकारी बताई गई जिसमें उन्होंने बताया कि 10 किलोग्राम चने में 250 ग्राम राईजोबियम जेड. एस.बी. के.एस.बी. एवं पी.एस.बी. का उपयोग किया जाता है। इस उपचार द्वारा फसल में अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। इस कार्यक्रम में 50 किसानो ने भाग लिया जिन्हे चना एवं मटर बीज का वितरण किया गया।

कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन

कांकेर। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर में कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देव शंकर द्वारा सभी प्राध्यापकों कर्मचारियों तथा विर्द्यार्थियों के साथ-साथ कृषि फार्म में कार्यरत कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया। कोविड-19 महामारी के बचाव हेतु टीकाकरण की अनिवार्यता एवं सुनिश्चितता पर बल दिया गया। अन्य सावधानियाँ जैसे सेनेटाईजेशन, दो-गज की दूरी, मॉस्क पहनना आदि अपनाने के लिए लोगों को आह्वान किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के द्वारा डुमरपारा सिंगारभाट में जन जागरूकता रैली निकाली गई। सभी ने कोविड-19 के टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए नारे जैसे ÷टीकाकरण अपनाना है, कोविड को दूर भगाना है÷ तथा ÷दो गज की दूरी मास्क है जरूरी÷ आदि नारा लगाये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पी.एस. मरकाम, अनिल कुमार नेताम, देवचंद सलाम, हेमन्त टोप्पो, कृषि विज्ञान केन्द्र, कांकेर के वैज्ञानिक सुरेश मरकाम, डॉ. कोमल केराम, दिनेश सिन्हा, प्रदीप देवांगन एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी गंगाधर भगत द्वारा किया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का हो रहा टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशानुसार जिले में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। जिले में वैक्सीनेशन दर को बढ़ाने के लिए गांवों में वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में टीकाकरण की व्यवस्था की गयी है। वर्तमान में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार धान खरीदी में धान बेचने के लिए आने वाले किसानों का भी टीकाकरण किया जा रहा है, जिसमें प्रथम एवं सेकण्ड डोज लगाने वालों का टीकाकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर साहू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों का वैक्सीनेषन किया जाये। जिन किसानों ने एक भी डोज नहीं लगवाया है, उन्हें पहला डोज खरीदी केन्द्र में ही लगवाया जाये। इसके अलावा ऐसे किसान जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है किन्तु सेकण्ड डोज नहीं लगवा पाये है, उनका भी उपार्जन केन्द्रों में मेडिकल दल द्वारा टीकाकरण किया जायेगा। ऐसे किसान केन्द्रो में अपना वैक्सीनेशन कार्ड लेकर आयेंगे, जिसके आधार पर उनका टीकाकरण किया जायेगा। कलेक्अर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में सेनेटाईजर और मास्क का नियमित उपयोग किया जाये। उन्होंने किसानों से कहा कि जिन किसानों ने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया है, वे अवश्य लगवायें और जिन्होंने पहली डोज लगवा ली है, वे दूसरी डोज भी निर्धारित केन्द्रों पर जाकर लगवायें। इसके साथ ही अपने घरों के आसपास के लोगों को भी कोरोना का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें।

सम्मेलन में दुनिया भर के 3500 प्रतिनिधि शामिल हुए

एनएमडीसी पॉलीटेक्निक को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में क्यूसीएफआई ने दिया उत्कृष्ट पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) के द्वारा 24-27 नवंबर, 2021 के दौरान ह्यहैदराबाद में 'क्वालिटी कंट्रोल सर्कल्स (आईसीक्यूसीसी - 2021) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का आयोजन हुआ। सम्मेलन में दुनिया भर से लग-भग 3500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में 904 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें भारत से बड़ी संख्या में टीमों ने भाग लिया ।

वर्तमान वैश्विक महामारी की स्थिति, समाज और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन की मेजबानी 'सामाजिक और आर्थिक बदलाव की गुणवत्ता अवधारणा' विषय पर की गई। इस महामारी से मिली सीख से पता चलता है कि सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों में नवीन समाधान और उसके तरीके विकसित करने के लिए प्रेरित किया है। इस सम्मेलन में मौजूद कई गणमान्य विषेषज्ञों और चिकित्सकों ने अपने विचारों एवं दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करते हुए कम लागत मे समस्यों का निवारण हेतु पथ प्रदर्षित किया। सम्मेलन में फोरम मॉडल और चार्ट के माध्यम से केस स्टडी व एक मॉडल प्रदर्शनी और होम काइजन प्रदर्शनी का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। कुछ माह पूर्व एनएमडीसी पॉलीटेक्निक की क्वालिटी सर्किल टीम मैकेनिकल विभाग स्टाफ ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया था और क्वह्यालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, भिलाई चैप्टर द्वारा इस टीम को आयोजित ''गोल्ड अवार्ड'' से उन्हें सम्मानित किया गया । इसी आधार पर क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया हैदराबाद द्वारा आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2020 में राष्ट्र स्तर की भागीदारी के लिए टीम का चयन हुआ। इस स्तर पर टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी दी कि टीम ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जो कि सभी के लिए हर्ष की बात है। एनएमडीसी पॉलीटेक्निक टीम में प्राचार्य फैसिलिटेटर के रूप में हैदराबाद में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में शामिल हुए एवम अपना प्रेजेंटेशन दिया। मैकेनिकल शाखा के छात्र बीनू कुमार एवं श्याम केशरवानी ने टीम सदस्य के रूप में प्रेजेंटेशन दिया। एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने पर एन एम डी सी प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक बचेली प्रणब कुमार मजुमदार ने सीएसआर विभाग, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी स्टाफ को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। महाविद्यालय के द्वारा यह उपलब्धि न केवल दंतेवाड़ा बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व की बात है। डी ए व्ही प्रबंधन की ओर से शिव रमन गौर डायरेक्टर, डी ए व्ही सीएमसी एवं प्रशांत कुमार रीजनल डायरेक्टर ने भी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं भविष्य में इस प्रदर्शन को बरकरार रखने को कहा।

दिसम्बर से मार्च 2022 तक राशन कार्डधारियों को मिलेगा निःशुल्क चावल

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डों तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित और निःशक्तजन राशनकार्डो पर माह दिसम्बर 2021 से मार्च 2022 तक नियमित एवं अतिरिक्त आबंटन के खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत माह दिसम्बर 2021 हेतु चावल का अतिरिक्त आबंटन जारी कर दिया गया है और उचित मूल्य दुकानों में भंडारण किया जा रहा है। उक्त दिशा-निर्देश के अनुरूप उचित मूल्य की दुकानों में स्थापित ई-पॉस उपकरण या टैबलेट में राशन कार्डधारी हितग्राहियों की वितरण हेतु प्रदर्शित पात्रता के आधार पर चावल का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। इस दिशा में हितग्राहियों से आग्रह किया गया है कि ई-पॉस उपकरण या टैबलेट में प्रदर्शित पात्रता अनुसार चावल का उठाव करें। सामान्य राशन कार्डो पर खाद्यान्न का वितरण वर्तमान में प्रचलित मासिक पात्रता एवं उपभोक्ता दर अनुसार ही किया जायेगा। माह दिसम्बर 2021 से मार्च 2022 तक आबंटित खाद्यान्न के भंडारण एवं वितरण की समुचित मॉनिटरिंग का दायित्व राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संयुक्त मॉनिटरिंग समिति द्वारा की जावेगी।

प्रदेश सरकार को अब छत्तीसगढ़ के किसानों का एक-एक दाना खरीदना चाहिए : कामता पटेल

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महासमुंद के जिला अध्यक्ष कामता पटेल ने केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 में छत्तीसगढ़ के कोटे में 100 लाख टन से अधिक धान से निर्मित 61.65 लाख मीटरिक टन चावल लेने की सहमति दिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार को अब केंद्र के खिलाफ मिथ्या प्रलाप से बाज आकर किसानों के हित में ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी है। पटेल ने कहा कि सत्ता में आने के बाद से नित-नए षड्यंत्रों के जाल बुनकर किसानों को अपमानित-प्रताड़ित करती आ रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की अब कोई भी आनाकानी उसकी बदनीयती और किसान विरोधी चरित्र का परिचायक होगी।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महासमुंद के जिला अध्यक्ष कामता पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मांग के मुताबिक इस वर्ष केंद्र सरकार ने चावल लेने पर सहमत हो गई है तो प्रदेश सरकार अब उसना चावल के नाम पर बहानेबाजी करके किसानों को परेशान करने के षड्यंत्र का नया ताना-बाना बुनने की साजिशाना सियासत के ओछेपन पर उतरने से बाज आए। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार इधर-उधर की बातों में प्रदेश के किसानों को उलझाने के बजाय इस वर्ष 01 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी शुरू करे और किसानों को राहत पहुँचाने पर ध्यान दे। समय पर धान खरीदी के साथ धान का समयबद्ध परिवहन और उठाव करके धान संग्रहण केंद्रों में स्थानाभाव का संकट पैदा न होने दे और समय पर कस्टम मिलिंग करा केंद्रीय पूल में समय पर चावल जमा करने की व्यवस्था अभी से सुनिश्चित करे। कामता पटेल ने कहा कि सन् 2019-20 के खरीफ़ सत्र में प्रदेश सरकार ने कई बार मोहलत मांगने के बाद भी केंद्रीय पूल में

चावल जमा नहीं कराया था और फिर अपने नाकारापन का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ने की बचकानी कोशिश की थी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महासमुंद के जिला अध्यक्ष कामता पटेल ने कहा कि पिछले वर्ष खरीफ सत्र 2020-21 में भी प्रदेश सरकार ने एक तो धान खरीदी काफी विलंब से शुरू की और खरीदी की अवधि भी कम रखी गई, जिसके कारण किसानों को अपना धान बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विपक्ष में रहते हुए जो कांग्रेस नेता प्रदेश में 01 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का हंगामा मचाते थे, सत्ता में आने के बाद धान खरीदी के नाम पर प्रदेश के किसानों को खून के आंसू रुलाने पर आमादा हैं। पटेल ने कहा कि धान खरीदी के दौरान बारदाना संकट का माहौल बनाकर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार पर अपनी नाकामी छिपाने केंद्र सरकार के विरुद्ध मिथ्या प्रलाप किया था, जबकि पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी थी। समय पर धान उठाव नहीं होने और समयबद्ध कस्टम मिलिंग नहीं कराए जाने के कारण लाखों मीटरिक टन धान खुले में पड़ा रहा और बेमौसम बारिश के कारण सड़ गया। इस वर्ष भाजपा किसानों को प्रताड़ित और प्रदेश के अन्नदाताओं के उपजाए अन्न का अपमान नहीं करने देगी, यह बात प्रदेश सरकार अच्छी तरह ध्यान में रखे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महासमुंद के जिला अध्यक्ष कामता पटेल ने कहा कि वोटों की फसल काटने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तरप्रदेश में प्रदेश के खजाने का करोड़ों रुपए अपनी पार्टी के राजनीतिक स्वार्थ लिए के लुटा रहे हैं जबकि प्रदेश के किसान प्रदेश सरकार की बदनीयती, कुनीतियों और तुगलगशाही के चलते अपनी उपज का पूरा मूल्य भी एकमुश्त पाने के लिए मोहताड़ बना दिए जाते हैं। पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने लगातार धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया है, लेकिन प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य की बढ़ोतरी का सीधा लाभ प्रदेश के किसानों को नहीं दे रही है। छल-कपट करके प्रदेश सरकार 2500 रुपए की लफ्फाजी करके किसानों के हक का लगभग 390 रुपए प्रति क्विंटल डकार रही है। कामता पटेल ने प्रदेश सरकार से केंद्र की ओर से किसानों के कल्याण के लिए बढ़ाए गए समर्थन मूल्य की अंतर राशि भी 2500 रुपए के अलावा किसानों को प्रदान करने की मांग की है।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कुकुरदी में वृक्षारोपण किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से वन विभाग द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।

फलदार प्रजाति जैसे आम, जामुन, मुनगा, कटहल, ईमली एवं अमरूद प्रजाति के लगभग डेढ़ सौ पोधे लगाये गये। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, कलेक्टर सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, कुशल वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पार्षद रूपेश ठाकुर, विद्याभूषण शुक्ल सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाये। कार्यक्रम आयोजन के लिए पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने जिला प्रशासन को बधाई दी। कलेक्टर जैन ने आजादी के अमृत महोत्सव की स्मृति में लगाये गये इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपे। स्थानीय डी.के.कॉलेज की एन.एस.एस. की छात्र-छात्राओं ने प्रभारी नरेन्द्र देव मिर्झा के नेतृत्व में पौधे लगाकर हरियाली एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्दिकी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी पौधे लगाये।

सरसीवां में कोरोना टीकाकरण जन जागरूकता रैली निकली

■ बालक एवं कन्या स्कूल के छात्रों ने नारा लगा कर दी जागरूकता का संदेश

पायनियर संवाददाता ✓ सरसींवा
www.dailypioneer.com

कोविड-19 लहर की आशंकाओं के बीच 8 दिसंबर को जिला स्तरीय कोविड टीकाकरण महा अभियान को सफल बनाने जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं जिला शिक्षाधिकारी सी एस ध्रुव के निर्देशानुसार शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां में प्रभारी प्राचार्य बीएल कुर्रे के नेतृत्व में कोविड-19 टीकाकरण जन जागरूकता रैली निकाली गई। वही कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्रों ने भी प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में टीकाकरण हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई । दोनों जागरूकता रैली अपने अपने विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ कर बस स्टैंड, सतनामी मोहल्ला, महामाया मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, बाजार चौक, तालाब पारा, इंदिरा नगर होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त हुई। इस दौरान छात्र छात्रों द्वारा जन जागरूकता संबंधी नारे लगाकर लोगों में वैक्सीनेशन को लेकर व्याप्त भ्रांतियां दूर करते हुए बचे हुए लोगों को 8 दिसंबर को टीकाकरण महा अभियान में टीका लगाने की अपील की। रैली में दोनों ही विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय समारोह, निःशक्तजनों को मिला आईडी एवं उपकरण

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के स्पोर्टस स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह संपन्न हुआ। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बलौदाबाजार एसडीएम आईएएस प्रतिष्ठा ममगाई ने दिव्यांगजनों के बीच पहुंच कर उनका उत्साहवर्धन किया। उनके द्वारा 85 दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता बैटरी चलित ट्रायसायकल,श्रवणयंत्र, यूनिक आईडी कार्ड एवं अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को स्मार्टकेन साथ ही विशेष बस पास का वितरण किया गया। समारोह में दिव्यांगजनों की बढ़ चढ़कर सहभागिता को देखते हुए एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांगजनों की सामाजिक गतिशीलता को बढाने और जागरूकता फैलाने में

प्रभावी रहती है। शारिरिक अक्षमता इसकी प्रगति को नहीं रोक सकती। समाज कल्याण विभाग की ओर से उप संचालक आशा शुक्ला ने बताया कि कोविड-19 के प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें पूर्व से चिहांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों एवं यूनिक आईडी कार्ड का वितरण किया गया है। जिसमें निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 17 जोड़ों को 13 लाख रुपए की आर्थिक सहायता,30 दिव्यांगजनों को यूनिक आईडी कार्ड, 3 मोटराईज्ड ट्रायसायकल, 13 श्रवण यंत्र,1 स्मार्टकेन 1व्हीलचेयर एवं 15 दिव्यांगो विशेष बस पास का वितरण किया गया है। इस मौके पर आरटीओ के माध्यम से दिव्यांगो के लिए विशेष बस पास शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सोनपुरी के लोक सरिता कला मंच के द्वारा दिव्यांगजनों की जागरूकता एवं राष्ट्रीय भाव से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति दी गयी। इस लोक सरिता कला मंच की खास बात यह है कि इनके सभी कलाकार दिव्यांग है। दिव्यांगों के प्रस्तुति को देख कर एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई ने उत्साह वर्धन करतें हुए समिती को 21 सौ रुपये नगद पुरुस्कार भेंट की। जिला उप निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बंजारा ने सभी दिव्यांगों को उनके मताधिकार एवं वोट देने हेतु जागरूक किया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर मिथलेश डोंडे,श्यामा पटेल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

पुलिस चोरी के आरोपी को धरदबोचा

■ आरोपी से लोहे का राड, पलास, एक मोबाइल फोन तथा एक स्टील का चाकू एवं नगदी 950 रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में अपराधों पर रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय चौधरी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली ने चोरी के आरोपी शिवशंकर यादव पिता संतोष यादव(20) निवासी इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा । मामला इस प्रकार है कि प्रार्थी अपने क्वाटर को मितेश सिंह बदरोटे को 5000 रूपये मासिक किराया पर दिया है, जो 20नव. को स्वास्थ्य खराब होने से परिवार सहित इलाज हेतु रायपुर गये है तथा घर की चाबी मुझे दिया था। 02.दिसं. को सपरिवार रात्रि में खाना खाकर सो गये थे सुबह उठकर देखा तो कमरे का ताला टूटा है। तो अन्य किरायेदार संतु गोयल के साथ अंदर जाकर देखे तो सामान बिखरा हुआ था मितेश सिंह की पत्नी को फोन लगाकर पूछने पर शो केश के उपर पर्स में करीबन 1100 रूपये रखना बताये जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोर का पता तलाश कर 3.नव. को मुखबीर की सूचना पर संदिग्ध आरोपी शिवशंकर यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से एक लोहे का राड, एक लोहे का पलास तथा एक मोबाइल फोन तथा एक स्टील का चाकू एवं नगदी 950 रूपये को जप्त कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि मानिकराम बंजारे, आरक्षक मदन सेठ, देवनारायण ध्रुव, मनोज यादव का विशेष योगदान रहा।

बाबा भैरवनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आदर्श ग्राम पंचायत तोषगांव में प्राचीन कालीन खाड़ा तालाब सरोवर स्थित स्वयंभू शिवलिंग भगवान शिव मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित बाबा काल भैरवनाथ मंदिर का प्रतिष्ठा सनातन वैदिक धर्म संस्कृति परम्परानुसार ग्राम कुल पुरोहित ब्राम्हण पंडित पण्डा पुजारियों संकल्प कर्ता यज्ञमान कृष्ण किशोर यादव दम्पति परिवार एवं ग्रामीण शिव उपासकों की उपस्थिति में मंदिर के कलश कुंभ भराई धर्म ध्वज पूजन कर विश्व मंगल कामना कल्याण के लिए पूरी विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव- पार्वती रूद्राभिषेक यज्ञ हवन महाआरती पश्चात सभी श्रद्धालु भक्त वृन्द एवं जनमानस को हरिपंगत लंगर में महाभोग प्रसाद वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर भगवान नित्यानंद गौरमठ जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में भव्य रात्रिकालीन संकीर्तन्य भजन संध्या आयोजन जिनमें पहण्डी और झुनगापाली

ओडिशा के संकीर्तन मंडली के कलाकारों ने ओडिसी जणान भजन छांद चंपू तोड़ी शास्त्रीय आधुनिक गीत संगीत मृदंग के सुर लय ताल गायन वादन भजनांजली प्रस्तुति के आकर्षण ने श्रोता दर्शक दीर्घा को पूरी रात भक्ति की डोरी से बांधे रखा। सर्वप्रथम समाजसेवी साहित्य शिल्पी विद्याभूषण सतपथी ने संकीर्तन मंडली का स्वागत सम्मान कर मंदिर समिति सदस्यों वरिष्ठ जन मार्गदर्शकों ग्राम पंचायत पदाधिकारियों धर्मानुरागी उदार दान दाताओं सेवाकार्य में निमग्न युवावर्गों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सेवा समर्पण सहयोग से संकल्पित कार्य ऐतिहासिक और अविस्मरणीय सम्पन्न होने पर सभी को साधुवाद ज्ञापित किया।

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की राजकार्यकारिणी का शपथ एवं केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम का सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम सकलोर में छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबजार राज की राजकार्यकारिणी का शपथ एवं केद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा का सम्मान समारोह रखा गया । बलोदाबजार राज के राजप्रधान धमेद्र सरासीहा ने अपने राज कार्यकारिणी जिसमे ज्ञानेशु प्रसन्न वर्मा (राजमंत्री) .लेखराम वर्मा. मानक वर्मा . टाकेश्वर वर्मा (उपराज प्रधान) .प्रदीप बघमार (सचिव) . भानुप्रताप वर्मा (युवा अध्यक्ष) .पीलुराम वर्मा (कोषाअध्यक्ष) .चोवाराम वर्मा .(सह सचिव) .मोतीराम वर्मा .(कार्यालयीन सचिव) के रूप में

केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरवात महापुरूषों के माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। तत पश्चात समस्थ अतिथियो केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा .पुर्व केंद्रीय अध्यक्ष विपिन बिहारी वर्मा .दशरथ वर्मा (राज प्रधान धरसीवा) राकेश वर्मा (जिला पंचायत अध्यक्ष) भुनेश्वर वर्मा (राज प्रधान अर्जुनी) भुनेश्वरी वर्मा (राज प्रधान पलारी) ठाकुर राम वर्मा (राज प्रधान तिल्दा राज) जागेश्वर वर्मा (राज प्रधान रायपुर राज) टेशुलाल वर्मा . खोडस कश्यप (पूर्व राजप्रधान) कुशल वर्मा . रामशरण वर्मा उपस्थित रहे ।

अभियान को समाज के सभी वर्गो का मिल रहा समर्थन

कोरोना टीकाकरण महाअभियान 8 को, 1 लाख टीका लगाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले महा टीकाकरण अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। लोग स्वप्रेरणा से इस अभियान में अपने हिस्से की आहूति डालने को कमर कस रहे हैं। कलेक्टर के आग्रह को स्वीकार करते हुए कसडोल एवं बिलाईगढ़ के सरपंचों, समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों ने गांव गोद लेकर शत प्रतिशत टीकाकरण का संकल्प लिया। कसडोल के पूर्व विधायक अरुण मिश्रा ने एक कदम और बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत टीकाकरण वाले पंचायतों के अभियान के दौरान शत प्रतिशत टीकाकरण करने पर 5-5 हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज कसडोल और बिलाईगढ़ में बैठक लेकर टीकाकरण अभियान में सहयोग के लिए सभी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और समाज के सहयोग से ही 8 तारीख का टीकाकरण अभियान सफल हो पायेगा। बैठक में संसदीय सचिव विधायक शकुन्तला साहू एवं चन्द्रदेव राय विशेष रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं अतिथियों के समक्ष मंच से सभी सरपंचों और समाज प्रमुखों ने अभियान में सौ फीसदी सहयोग का वायदा किया और उन्होंने कुछ गांव टीकाकरण के लिए गोद भी लिए। कलेक्टर ने कहा कि तीसरी लहर को मात देने इस अभियान को हाथ मे लिया गया है। यह ब?ा काम अकेले प्रशासन का नहीं बल्कि जनसहयोग जरूरी है। टीका के संबंध में फैली तमाम भ्रांतियां गलत साबित हुई हैं। लगभग 10 लाख लोगों को जिले में टीका लग चुका है। अभी तक एक भी मौत अथवा दुष्प्रभाव सामने नहीं आया है। संसदीय सचिव एवं विधायक शकुन्तला साहू ने टीकाकरण अभियान चलाने के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के सबसे बुरे दौर को जिले के लोगों ने भुगता है। इसका दुहराव और नहीं चाहते। यह तभी सम्भव है कि जब हर पात्र व्यक्ति को टीका लगे। महाअभियान के रूप में टीका लगाने का अच्छा अवसर मिल रहा है। इसका फायदा उठाना चाहिए। संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने कहा कि जब तक सभी लोगों को टीका नही लग जाता तब तक खतरा बना रहेगा। कोरोना दुष्प्रचार से दूर होकर टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता की जागरूकता एवं सहयोग से ही कोई भी योजना सफल होती है। अभियान रूपी यज्ञ में हम सभी को सहयोग रूपी आहुति देना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने कहा कि महा अभियान के दिन 8 तारीख को 1 लाख लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी है। इस दिन 549 टीकाकरण सत्र लगाए जाएंगे। पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन मंगा ली गई है। दूरस्थ केन्द्रों पर टीम एक दिन पूर्व पहुंच जाएगी। सवेरे 7 बजे से अंतिम व्यक्ति के टीका लगने तक टीम तैनात रहेगी। बैठक को पूर्व विधायक अरुण मिश्रा, जनपद अध्यक्षा गौरीदेवी सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, उपाध्यक्ष नीलू चंदन साहू, टुंड्रा अध्यक्ष गीता पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गोरेलाल पटेल, मेलाराम साहू, विमल अजय आदि ने संबोधित करते हुए सौ फीसदी टीकाकरण के लिए शपथ लिए।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, Registered Contractor class in "D" & above **C.G. P.W.D.** For Form "A" (Percentage Rate Tender) in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract	Last date of Bid submission
74/SE E/M/202122 (1 Call) System Tender No. 87828	STALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF VRV/VRF AIR-CONDITIONING SYSTEM AT AUDITORIUM HALL HALL IN COLLEGE OFTECHER EDUCATION (CTE) SHANKAR NAGAR Raipur	Rs. 43.29 Lacs	21-12-2021

Note :-
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractor/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D.,E/M Circle Raipur (C.G.)

G- 65590/4

विकास का वादा-मजबूत इरादा
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह
Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
गढ़बों नवा छत्तीसगढ़

बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम ने मांगों को लेकर उच्च न्यायालय से लगाई गुहार

जैजैपुर। छत्तीसगढ़ नर्सिंग संगठन के द्वारा उच्च न्यायालय में अपनी मांग को लेकर गुहार लगाई गई। जिसमें एनआरएचएम के माध्यम से हो रही मन मानी जिसमे नए फ्रेशर एवं नौसिखियो को पात्र लेकर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर बनाकर स्वास्थ्य के खिलाफआम जनता को भयभीत किया जा रहा एवम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर बनाकर भेजा जाएगा और जो पुराने एक्सपीरियंस होल्डर तथा जिनके पास मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल का सर्टिफिकेट तथा कोवीड के दौरान जिन नर्सिंग स्टाफलोगों ने अपना इतना बड़ा अहम योगदान दिया ।

उनको कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद के लिए कोई प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा जो इंटीग्रेटेड कोर्स सरकार निकाली है उसको अभी छत्तीसगढ़ में लागू हुए मुश्किल से साल भर भी नहीं हुआ है और उसके लाभान्वित नर्सिंग स्टूडेंट्स मुश्किल से छत्तीसगढ़ मे बहुत ही कम संख्या में है उनको इस पद में प्राथमिकता दिया जा रहा है। आज दिनांक 3/12/2021 आज हमने हमारे साथी 50 लोग मिले स्वास्थ्य मंत्री जी के पास जाकर कोर्ट का आदेश को दिखाया और उनसे आश्वासन लिया एवं अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाया उनका कहना है की जरूर कुछ ना कुछ करेगें।

प्रत्येक नागरिक से टीकाकरण कराने कलेक्टर ने किया अपील

उत्तर बस्तर कांकेर। कलेक्टर चन्दन कुमार ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए जिले के सभी नागरिकों को कोरोना का टीका लगवाने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को पूरे कांकेर जिले में टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है, प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पहुंचकर कोरोना का टीका लगायेंगे। आप निर्भिक होकर इस अभियान में शामिल हों और अपना टीकाकरण करायें। कोरोना का टीका पूरी तरह सुरक्षित तथा वैज्ञानिक मापदंडों के अनुरूप है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अब तक जिन व्यक्तियों ने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है तथा ऐसे व्यक्ति भी जिन्होंने प्रथम डोज का टीका लगवा लिया, लेकिन समयावधि पूरा होने के बाद भी अभी तक दूसरा डोज का टीका नहीं लगवाया है, वे इस टीकाकरण महाअभियान में अपना टीकाकरण जरूर करवायें। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण करवाना है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सभी अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मी, राजस्व, पुलिस, पंचायत तथा नगरीय निकायों और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित मैं स्वयं भी कोरोना के दोनों डोज का टीका लगवा चुका हूॅं। कांकेर जिले में शत-प्रतिशत नागरिकों का कोरोना टीकाकरण के लिए मैं पुनः अपील करता हूॅं कि शनिवार को आयोजित कोरोना टीकाकरण महाअभियान में अपनी भागीदारी निभायें तथा टीकाकरण करवाकर स्वयं कोरोना से सुरक्षित रहें और समाज को भी कोरोना से सुरक्षित रखें।

गांजा बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहे 3 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

चारामा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर तीन व्यक्तियो के पास से पुलिस मादक पदार्थ गांजा को जब्त किया है।

अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को बेचने के लिए कोरर चौक मेन रोड चारामा में घुम रहे हैं कि सूचना पर थाना चारामा पुलिस द्वारा मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेरा बंदी किया गया. जहां पर तीन व्यक्ति बैग लेकर संदेहास्पद मिले पूछताछ करने पर तीनो मध्यप्रदेश का होना बताये जिनकी तलासी लेने पर (01) राजेश राजपूत पिता बंशीलाल राजपूत,उम्र-25 साल, नि.सनखेड़ी (डोबी) थाना सायगंज, जिला सिहोर म.प्र. से मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 20 किलो 400 ग्राम एवं 01 नग पर्स, 01 नग मोबाईल, 01 नग काला बैग, नगदी रकम 710.00 रु0 (02) पं. निलेश शर्मा पिता कमलेश शर्मा उम्र-33 साल, नि0.देवनगर देहगांव थाना देहगांव जिला-रायसेन म.प्र. से मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 19 किलो 100 ग्राम एवं 01 नग मोबाईल, नगदी रकम 1260.00 रु0, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, 01 नग बैंग, (03) पवन पाल पिता शिवदयाल पाल उम्र-29 साल, नि0देवनगर थाना देहगांव जिला-रायसेन म.प्र. से मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 16 किलो 100 ग्राम एवं 02 नग मोबाईल, नगदी रकम 1000.00 रु0, 01 नग काला बैंग मिला. तीनो आरोपियों से कुल मादक पदार्थ गांजा 55 किलो 500 ग्राम किमती 2 लाख 75 हजार रुपये एवं 2970/- रु0 नगदी रकम, 04 नग मोबाईल को जप्त कर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 178/2021 धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर ज़ेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में उपनिरीक्षक रविशंकर साहू थाना प्रभारी चारामा उप निरीक्षक सत्यम साहू, उप निरीक्षक रूपेन्द्र पटेल , सउनि0 छत्रपाल सिंह साहू, प्रधान आर कौशल साहू आरक्षक राकेश दरों, विजय नरेटी, कैलाश कुजाम, दौलत राम उसेंडी, डोमेन्द बघेल, मंगलेश्वर वट्टी, ईश्वर मंडावी, म.आर. तेजेश्वरी कुंजाम, राजकुमारी तारम का योगदान रहा।

वत्सला एक नई सोच संस्था भारती मोदी के नेतृत्व में कर रही सेवा के कार्य

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

वत्सला एक नई सोच जब प्यास लगे तब कुआ खोदने से अच्छा है पहले से तयारी कर ली जाए इसी सोच के साथ वत्सला—एक नई सोच बिलासपुर ने ब्रह्मा विहार कुष्ठ आश्रम तथा राजकिशोर नगर छठ घाट मुक्तिधाम के पास रह रहे जरूरतमंदों को ठंड बढ़ने से पहले 50 कंबल वितरण किया आज अगहन का पहला गुरुवार है इस दिन इस नेक कार्य को करके हमे जो सुकून और आशीष मिला वो स्वयं ईश्वर की कृपा से कम नही है , इस कार्य में वत्सला—एक नई सोच के सदस्य अभिषेक ठाकुर, गायत्री सिंह, रेणु सिंघानिया, बरखा सिंह, एकता मलिक, प्रिया गोयल, अंजली अग्रवाल, कविता नलोटिया, भारती मोदी एवम ताज भैया का प्रमुख योगदान रहा , आयाँश जो की बंगलोर से हमारे साथ जुड़े है, प्रवीण भैया इंदौर से जुड़े है उनका भी विशेष सहयोग मिला, ताज भैया सहपरिवार आए थे जिनमे उनका छोटा सा बेटा भी था उद्देश यही था की बच्चों में ये संस्कार बालपन से पड़े , साथ की सुरक्षा की दृष्टि से 100 मास्क का भी वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत धाराशिव रोगदा में धान खरीदी का रवि पाण्डेय ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

किसानों के हित में लगातार लिए गए निर्णय के कारण छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश मे हो रही है उक्त बातें ग्राम धाराशिव (रोगदा) में धान खरीदी शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के सचिव इंका नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा की इस साल हमारी सरकार का 105 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य है, जिसके लिए हमने 88 नए धान खरीदी केंद्र सहित 2399 केंद्र में धान खरीदी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसानों के लिए गए निर्णय जैसे ऋण माफी, 2500 रुपये समर्थन मूल्य, सहित कई निर्णयों के कारण छत्तीसगढ़ में लोगों का किसानी की ओर रुझान बढ़ा है, जिसके कारण किसानी का प्रति वर्ष रकबा भी बढ़ा है साथ ही साथ इस साल 22 लाख 66 हजार रजिस्टर्ड किसान हो गए हैं। उन्होंने सभी किसानों को अपील किया कि 60 दिवस चलने वाले धान खरीदी त्योहार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। इसके पूर्व मुख्य अतिथि रवि पाण्डेय के द्वारा धान फड़ में पूजा अर्चना कर धान बेचने वाले प्रथम किसान का फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर कमल किशोर सिंह संस्था प्रबंधक नवागढ़, शैलेश सिंह धान खरीदी प्रभारी, आचार्य अमित मिश्रा, अमित सिंह, पूर्व सरपंच पवन यादव, गौठान समिति के अध्यक्ष रोहित यादव, सीमा कांत सरपंच ग्राम पंचायत पेंड्री, सुनीता बालकृष्ण यादव उपसरपंच, जगत पटेल सरपंच प्रतिनिधि बरबसपुर, पवन कश्यप, गोविंद खरसन, शिव कश्यप, अभिषेक सिंह संस्था प्रबंधक, छोटेलाल साहू लिपिक, शुभम सिंह, होरीलाल यादव, सुखसागर यादव, मनोज आदिले, दिगम्बर यादव, प्रेमप्रकाश कारकेल, दिनेश साहू, पुनिराम साहू, मनोज यादव, समेलाल यादव, गणेशराम यादव, रामकली पटेल, गौरीशंकर यादव, गोलू यादव, हेमंत साहू, पुरुषोत्तम पटेल, रामानुज कश्यप सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

भारत की इंदिरा चित्र प्रदर्शनी हम सबको एक प्रेरणा देगी - डॉ. चरण दास महंत

■ **महिलाएँ यदि आज आगे आई हैं तो उसकी देन सिर्फइंदिरा गांधी हैं : डॉ. किरणमयी नायक**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत की इंदिरा का चित्र प्रदर्शनी लोगों को आकर्षित कर रहा है। इस प्रदर्शनी को देखने प्रदेश भर के कांग्रेस के बड़े तमाम नेता व कार्यकर्ता रोज पहुँच रहे हैं वहीं स्कूली छात्र-छात्राएँ भी समूह के साथ पहुँच कर इंदिरा जी के इस चित्र प्रदर्शनी को देख उन्हें याद कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने पूर्व केन्द्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ विधानसभा में अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं विधायक शैलेष पाण्डेय गांधी मैदान के इस प्रदर्शनी स्थल में पहुँचे थे, प्रदर्शनी का अवलोकन कर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, प्रदेश युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई यह प्रदर्शनी हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी ने भारत के लिए जो साल जिया अब जो साल दिया और सहज भाव से देश की समस्या का समाधान किया, उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम था कि बांगलादेश को उन्होंने स्वतंत्रता दिलाई। इंदिरा जी ने नेहरू जी के आदर्शों एवं गांधी जी के सपनों को साकार करने भारत के निवनिर्माण में योगदान दिया।

यह देश के नवजवानों के लिए आज भी एक संदेश है। हम सबका सौभाग्य है कि इंदिरा जी का नेतृत्व इस देश को मिला। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक ने कहा कि इस प्रदर्शनी को देख एकात्मिक संतोष हुआ है, वैसे तो इंदिरा जी के बारे में कुछ कहना मतलब सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। उन्होंने कहा, इंदिरा जी जैसा लीडरशिप देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मिलना मुश्किल है। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि इंदिरा जी की वजह से ही आज यदि महिलाएँ आगे आई हैं तो यह उनकी ही देन थी। उन्होंने युवक कांग्रेस के इस अनोखे पहल के लिए उन्हें साधुवाद दिया,प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भी आज इस प्रदर्शनी के महत्व को देखते हुए एक सूचना जारी कर सभी कांग्रेस के मंत्री, विधायक एवं कार्यकर्ताओं को अवलोकनार्थ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। ज्ञातव्य हो कि युवक कांग्रेस की इस इंदिरा जी की प्रदर्शनी में रोज कोई न कोई मंत्री व विधायक पहुँच रहे हैं। केबिनेट मंत्री टी.एस. सिंहदेव, जयसिंह अग्रवाल, डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायकों में शैलेष पाण्डेय, विनोद चन्द्राकर, आशीष छाबड़ा सहित कईयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी भी कल शाम इस प्रदर्शनी में उपस्थित होकर अवलोकन किया था। आज विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राएँ काफी संख्या में उपस्थित होकर इंदिरा जी की चित्रों का दर्शन किया।

नारायणी धाम सेवा समिति चांपा के मार्गदर्शन में रायपुर में होने वाले महा मंगल पाठ स्थगित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

■ **वर्तमान कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए शासन के दिशा-निर्देशों के परिपालन में किया गया स्थगित**

नारायणी धाम सेवा समिति चांपा के मार्गदर्शन में राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम में आगामी 31 दिसंबर 1,2 एवं 3 जनवरी को होने वाले रानी सती दादी जी के सवा करोड़ फूलों का अभिषेक एवं 3100 प्लस महा मंगल पाठ का आयोजन किया जाना था, जिसे लेकर व्यापक रूप से नारायणी धाम सेवा समिति चांपा एवं आयोजन समिति रायपुर के सदस्यों द्वारा प्रत्येक शहरों का दौरा कर तैयारियों की जा रही थी, किंतु इसी बीच छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 को लेकर वर्तमान समय में देश में चल रही गाइडलाइन के अनुरूप नए दिशानिर्देश जारी होने से इस आयोजन को स्थगित कर दिया गया है,इसकी सूचना नारायणी धाम सेवा समिति शाखा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से देते हुए सभी दादी भक्तों से आग्रह किया है कि उन्होंने जो सहयोग इस आयोजन के लिए प्रदान किया, इसके लिए वे आभारी हैं, तथा जिन्होंने इस आयोजन के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों हेतु अपनी सेवा शुल्क की रसीदें कटवाई हैं, वे अपनी सहयोग राशि संबंधित सदस्यों से वापस ले सकते हैं।

उल्लेखित हो की छत्तीसगढ़ शासन ने 2 दिसंबर को ही पूरे प्रदेश में कोविड-19 की नई गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत शादी-विवाह सहित अन्य कार्यों में शामिल होने वाले लोगों की संख्या सीमित करते हुए नए गाइडलाइन के अनुरूप ही अनुमति दिए जाने के दिशा-निर्देश जारी किए गए है,तथा अन्य राज्यों एवं अन्य देशों से आने वाले यात्रियों की भी एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशनों में कोविड जांच बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए हैं, साथ ही प्रत्येक शहरों एवं गांवों में वार्ड स्तर पर टीकाकरण का विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

भाजपा चंद्रपुर एवं डभरा मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुर मंडल एवं डभरा मंडल की संगठनात्मक बैठक 3 दिसंबर को संपन्न हुई, चंद्रपुर मंडल की बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष रूद्र कुमार मेहर के गोपालपुर स्थित निवास में हुआ, जिसमें काफी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक को संबोधित करते हुए मंडल के प्रभारी एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिले के महामंत्री टिकेश्वर गबेल ने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी को शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन कर संगठन को मजबूत करना है, साथ ही बूथ समितियों का पुनर्गठन एवं डाटा एंट्री का कार्य, सरल पोर्टल को भी शीघ्र ही पूर्ण करना है, एवं 6 दिसंबर को कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में भी अधिक से अधिक संख्या में हमें पहुंचना है,इस दौरान मंडल अध्यक्ष/ महामंत्री सहित मंडल पदाधिकारियों ने मंडल से संबंधित जानकारी दी।

वहीं दूसरी ओर 3 दिसंबर को ही डभरा मंडल की बैठक थाना चौक स्थित देवसर भवानी मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें मंडल अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल सहित चंद्रपुर मंडल के प्रभारी टिकेश्वर गबेल एवं डभरा मंडल के सह प्रभारी धर्मपाल सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, डभरा मंडल की बैठक में शक्ति केंद्र की बैठकों की तिथि तय की गई साथ ही मंडल से संबंधित संगठनात्मक कार्यों की जानकारी मंडल महामंत्री द्वारा प्रदान की गई,एवं बैठक में आने वाले दिनों में मोर्चा/ प्रकोष्ठ की बैठक करने तथा कोविड-19 टीकाकरण कार्य का बूथ स्तर तक प्रचार करने का भी निर्णय लिया गया चंद्रपुर एवं डभरा मंडल की संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से रुद्र कुमार मेहर, गिरजा शंकर यादव, राजेश डनसेना, चंद्र कुमार पटेल, सुजीत पांडेय, तुलेश्वर, नेतराम चंद्रा, घासीराम अग्रवाल, सोम चंद्रा, प्रकाश खाडे, रूपसिंह चंद्रा,सुवन प्रकाश कैवर्त्त, धर्मपाल सिंह राठौर सहित पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस ने गठित की किसान सहयोग समिति, धान विक्रेता किसानों को करेंगे सहयोग

सक्ती। पी.एल. पुनिया, प्रभारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एवं मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं चंद्रशेखर शुक्ला प्रभारी महामंत्री संगठन, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एव रवि घोष प्रभारी महामंत्री प्रशासन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवम रामविलास साहु प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस एव लाल बहादुर चंद्रवंशी प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस की सहमति एवं अनुशंसा से प्रदेश स्तरीय किसान सहयोग समिति गठित की गई,छत्तीसगढ़ की सोसाइटियों में धान विक्रय के लिये आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा के सभी आवश्यक इंतजाम हो। सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रहे और इसके लिये छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने प्रदेश स्तरीय किसान सहयोग समिति गठित की।

कन्या के विवाह में विलंब होने पर 5 दिसंबर से कर सकते हैं विशेष पूजा अर्चना- बांके बिहारी गोस्वामी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

मथुरा के प्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने मनुष्य के जीवन में आए दिन विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए निदान करते रहते हैं, इसी तारतम्य में गोस्वामी जी ने बताया है कि कन्या के विवाह में यदि हो रहा है विलम्ब, तो करें मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से यह उपाय –यह उपाय गोपियों द्वारा भगवान कृष्ण को पति रूप में प्राप्ती के लिये माँ कात्यायनी की पूजा का उपाय के रूप में किया था। दिनांक 5-12-2021 रविवार को प्रात-08 बजे से सुबह-10:25 के बीच से

पूजा आरम्भ करें,मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से जिस कन्या के विवाह में विलंब हो रहा है, वह कन्या बंद मुख बाले शेर पर वर मुद्रा में बैठी माँ भगवती की फोटो के आगे शुद्ध घी का दीपक जलाकर मि का प्रसाद तय रख कर माँ कात्यायनि (भगवती) के फोटो पर रोली की बिन्दी लगाकर कमल दल गट्टे की माला से नित्य प्रति दिन एक माला सिर के बाल खोल कर करे। इस मंत्र की--कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरी, नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे करू - ते नमः । माला करने के उपरान्त मिश्रा के प्रसाद को किसी छोटी कन्या को खिलादें या फिर गाय को खिलादें स्वंय न खायें।

कई वर्षों से लोग सड़क निर्माण की कर रहे थे मांग, सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह ने किया बाराद्वार में करीब चार सौ पंद्रह लाख की सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

3 दिसंबर को नगर पंचायत क्षेत्र बाराद्वार के वार्ड नंबर एक से सकरेली तक नहर पार में करीब 414.97 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित नहर पार की सीसी रोड का भूमि पूजन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह ने किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार विकास के कार्य कर रही है, तथा 1-1 सड़क को

चिन्हाकित कर आम नागरिकों की सुविधा के लिए काम किया जा रहा है, तथा शक्ति विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के कुशल नेतृत्व में सभी विकासखंडों में विकास के काम तेजी से चल रहे हैं, तथा बाराद्वार शहर एवं ग्रामीण इलाकों में भी विकास कार्य चल रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने भी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कार्यों की जानकारी देते हुए शक्ति विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों एवं उनके आशीर्वाद से विकास कार्यों को गति मिलने के बाद कहीं तथा इस भूमि पूजन के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे, तथा प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, रूप नारायण साहू, सुनील जिंदल, अनिल यादव, राजकुमार चंद्रा सरपंच, घासीराम, बंशीधर खंडे, लेखराम राठौर, लेख राम वास, हरिशंकर, धन्नू यादव, हरिओम दुबे, दुलार, राजेंद्र यादव, संतोष महंत, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नगर पंचायत बाराद्वार के वार्ड क्रमांक एक से सकरेली तक नहर पार में बनने वाली इस सड़क निर्माण के भूमि पूजन से नागरिकों में काफी उत्साह है, तथा लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा वर्षों से लोग इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे।

संपादकीय

विपक्ष की दुविधा

राष्ट्रीय विकल्प आवश्यक

केवल क्षेत्रीय शक्तियों का मोर्चा बना कर विपक्ष भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकता है, इसके लिए एक राष्ट्रीय विकल्प जरूरी है। क्या राकांपा के शरद पवार को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग का अध्यक्ष बनाया जाएगा? यह अनेक संभावनाओं से भरा सवाल है जिसका जवाब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तथा तृणमूल कांग्रेस मुखिया ममता बनर्जी को देना होगा, लेकिन इस प्रभावी नेता का जवाब भ्रामक है। उन्होंने कहा, 'क्या यूपीए है? अभी यूपीए नहीं है?' इसका अर्थ यह लगाया गया कि वे संप्रग तथा विस्तारित रूप से कांग्रेस की प्रासांगिकता पर सवाल उठा रही हैं। इस व्याख्या का अपना अर्थ इसलिए है क्योंकि अनुमान है कि ममता बनर्जी 2024 में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक गैर-कांग्रेस विपक्षी मोर्चा बना रही हैं। क्या उनके कथन का अर्थ यह है कि ममता संप्रग मुखिया के रूप में शरद पवार की क्षमता खारिज कर रही हैं? यह नहीं पता कि ममता और पवार ने मुंबई में क्या बातें कीं। हालांकि, पवार ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए समान सोच वाले दलों के एकसाथ आने की आवश्यकता पर जोर दिया, मजेदार बात है कि यह दो शक्तिशाली पूर्व कांग्रेस नेताओं की बैठक थी जो 2024 की स्थिति पर विचार कर रहे हैं। ममता ने 1997 में कांग्रेस छोड़ी थी और शरद पवार ने इसके दो साल बाद।

यदि ममता और पवार एवं तथाकथित विरोधी जी-23 नेताओं पर गौर किया जाए तो विस्तारित कांग्रेस पर काफी चर्चा हो रही है। इससे पुरानी स्मृतियां जागती हैं, जब छतरी के रूप में जनता पार्टी तैयार हुई थी। लेकिन जब विपक्षी नेताओं के बीच थोड़ा समन्वय बन रहा था तब इसमें कई बार विभाजन हुआ। क्या अब पूर्व जनता पार्टी बनाने जैसा कोई प्रयास है। कांग्रेस में आज बहुत कुछ दांव पर लगा है। संप्रग के बजाय इस पार्टी की प्रासांगिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पार्टी के भीतर उसके प्रथम परिवार को चुनौती देने के लिए स्पष्ट आंदोलन चल रहा है। यदि कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों में खासकर पंजाब व अरुणांचल में बेहतर प्रदर्शन नहीं करती है तो एक और विरोध शुरू हो सकता है। संप्रग के बारे में प्रतिक्रिया के बावजूद ममता राष्ट्रीय राजनीति की मूल संरचना समझती हैं। वे जानती हैं कि भाजपा के खिलाफविपक्ष को 2024 में एक राष्ट्रीय विकल्प बनाना होगा और केवल क्षेत्रीय शक्तियां उसका मुकाबला नहीं कर सकती हैं। इन शक्तियों को एक राष्ट्रीय छतरी के नीचे आना होगा और उनका एक चेहरा होना चाहिए। कुछ लोग सोच रहे हैं कि यदि वर्तमान संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी सेवानिवृत्त होना पसंद करें तो क्या वे अपने स्थान पर राष्ट्रीय उपस्थिति वाला एक क्षेत्रीय नेता लाना तथा राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस संचालन के लिए छोड़ना पसंद करेंगी। लेकिन यह अनुमान 2024 में कांग्रेस द्वारा अपने दम पर 100 सीटें न ला पाने की कल्पना पर आधारित है। वर्तमान समय में विपक्ष खामोश है और वह कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव पूरे होने की प्रतीक्षा कर रहा है। इससे अगले कांग्रेस अध्यक्ष के बारे में भ्रम दूर हो जाएगा और यह भी तय होगा कि अगला संप्रग अध्यक्ष कौन होगा। हालांकि, समाधान का एक और तर्क भी दिया जा रहा है। यदि क्षेत्रीय शक्तियां कहती हैं कि कांग्रेस भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती है तो उसे दूसरा विकल्प बनाना होगा। कांग्रेस इसके जवाब में कह सकती है कि गैर-भाजपा क्षेत्रीय शक्तियां हिंदी हृदय प्रदेश के आसपास मौजूद हैं, लेकिन उनका बहुत महत्व नहीं है। ऐसे में देखना होगा कि उत्तर प्रदेश चुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहेगा क्योंकि इससे यह तर्क प्रभावित होगा।

जलवायु परिवर्तन पर सामाजिक कार्रवाई

तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर के 1.5 डिग्री तक सीमित रखने का अर्थ कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन को 2030 तक 2010 के स्तर से 45 प्रतिशत नीचे लाना होगा।

आलोक रंजन
(लेखक उप्र के पूर्व मुख्य सचिव हैं)



कॉप-26 का समापन ऐसे अंतिम प्रस्ताव से हुआ है जिसकी प्रशंसा बहुत से लोग कर रहे हैं, लेकिन दूसरों की नजरों में यह काफी नहीं है। लेकिन इन चर्चाओं ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के महत्वपूर्ण प्रभावों को रेखांकित किया है और कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि वह इसके प्रभावों से परे है। कम से कम एक महीने तक सारी दुनिया का ध्यान पूर्व औद्योगिक युग की तुलना में तापमान वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन पर पड़ने वाले इसके प्रभावों पर केन्द्रित रहा जिनका प्रभाव आजीविका तथा हमारे ग्रह के भविष्य पर पड़ सकता है। यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन ऐसा यथार्थ है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसने मानव जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है तथा इसने विनाशकारी भविष्य का खतरा पैदा किया है। विभिन्न देशों द्वारा भविष्य की एक तिथि पर नेट ज़ीरो लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता पर काफी बहस हुई। जहां नार्डिक देशों ने 2050 के पहले नेट ज़ीरो पर पहुंचने पर चर्चा की और भारत पर भी दबाव डाला गया कि वह 2050 तक नेट ज़ीरो का लक्ष्य स्वीकार करे। इससे भारत जैसी विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए विकास बनाम पर्यावरण जैसे मुद्दे उभरते हैं। संकेत किया गया कि भारत में प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत कम है। जलवायु समता का मामला भी उठा। क्या विकसित देशों को ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन रोकने में ज्यादा योगदान नहीं करना चाहिए क्योंकि वे इसकी वृद्धि के लिए ज्यादा जिम्मेदार हैं? विकसित देश भारत और चीन पर यह कह कर निशाना लगा रहे थे कि ये देश ग्रीनहाउस गैसों के बड़े उत्सर्जक हैं और इसलिए उन पर इनका उत्सर्जन रोकने की जिम्मेदारी ज्यादा है।

भारत ने नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए संकेत किया कि वह पेरिस समझौते में परिभाषित राष्ट्रीय प्रतिबद्ध योगदानों-एनडीसी के प्रति प्रतिबद्धताओं का सम्मान करता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भारत में भावी सकारात्मक कार्रवाइयों का उल्लेख किया। उन्होंने वादा किया कि भारत 2070 तक नेट ज़ीरो का लक्ष्य पूरा करने का प्रयास करेगा। भारत ने सुनिश्चित किया है कि 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 500 जीडब्लू तक बढ़ाई जा सकेगी तथा देश का 50 प्रतिशत बिजली उत्पादन नवीकरणीय स्रोतों से होगा। हमने 2020 से 2030 के बीच समेकित कार्बन उत्सर्जन को 1 बिलियन टन तथा कार्बन गहनता को 2005 के स्तर की तुलना में जीडीपी के 45 प्रतिशत तक घटाने का लक्ष्य रखा है। बाकी देशों ने भी अपनी योजनायें रखीं, पर अनुभव यह है कि किसी बाध्यकारी व्यवस्था के अभाव में विभिन्न देशों द्वारा किए वादों का क्रियान्वयन नहीं होता है। इसका एक उदाहरण विकसित देशों द्वारा 2020 तक हर साल विकासशील देशों को 100 बिलियन डालर सहायता देने का वादा है जिसे पूरा नहीं किया गया है।

जलवायु परिवर्तन के अनुकूल परिवर्तन तभी संभव होगा जब सभी संबंधित देश अपनी जवाबदेही स्वीकार करें तथा घोषणाओं को विश्वसनीय बनाने पर ध्यान दें। यह भी सामने आया है कि यदि सभी एनडीसी का क्रियान्वयन हो तो भी 2030 में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन 2020 के उत्सर्जन स्तर की तुलना में 15.9 प्रतिशत अधिक होगा। तापमान को पूर्व औद्योगिक स्तर के 1.5 डिग्री तक सीमित करने का लक्ष्य पाने के लिए वैज्ञानिकों की गणना के अनुसार कार्बनडाई आक्साइड उत्सर्जन को 2030 में 2010 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करना होगा। जलवायु परिवर्तन निश्चित रूप से एक गंभीर मामला है जिसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए पवित्र इरादों के साथ ही समुचित कार्रवाई जरूरी है।

भारत को भी काप 26 में परिभाषित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है और उसका ध्यान उच्च प्रति व्यक्ति आय तथा अपने नागरिकों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता है। इसके साथ ही भारत एक जिम्मेदार देश है और वह मानवता का भविष्य सुरक्षित रखने के प्रति भौगोलिक प्रतिबद्धतायें पूरी करने में अपनी भूमिका समझता है। हमारे लिए टिकाऊ विकास महत्वपूर्ण है। भारत को ऐसा सक्षमकारी परिवेश बनाना होगा जो वैश्विक निवेश आकर्षित कर सके। इसके लिए ढांचागत संरचना में निवेश करना होगा। ऊर्जा क्षेत्र में डिस्काम में गंभीर सुधार जरूरी हैं। हमें अपने ग्रिड ढांचे को मजबूत कर स्वच्छ ऊर्जा के लिए बैटरी भंडारण क्षमता में व्यापक वृद्धि करनी होगी। इसके लिए बड़े व कुशल कामगार बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा और रि-स्किलिंग में निवेश करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा में एक भौगोलिक तत्व भी है क्योंकि पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों को नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभानी होगी। कोयला पट्टी वाले पूर्वी भारत को बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा। भारत को एक बड़ी योजना की आवश्यकता है जिसमें 'उचित' ऊर्जा परिवर्तन के लिए सभी आयाम शामिल हों। इन सबसे नवीकरणीय ऊर्जा को टिकाऊ बनाने के लक्ष्यों पर सवाल उठेंगे। सभी विकल्पों का एक सामाजिक प्रभाव होता है। नाभिकीय ऊर्जा का सामाजिक प्रभाव संभावित विकिरण है, जबकि पनबिजली परियोजनाओं का पुनर्वास व विस्थापन का भारी पर्यावरणीय प्रभाव होता है। सौर और पवन ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भी बहुत बड़ी जमीनों की जरूरत होती है। भारत की घोषणा में कहा गया है कि फासिल ईंधन ऊर्जा आवश्यकता की 50 प्रतिशत जरूरतें पूरी करते रहेंगे जिसके कारण उत्सर्जन बढ़ेगा। भारत को एक विस्तृत रणनीति बनानी होगी तथा अपनी सभी प्रतिबद्धताओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना भी तैयार करनी होगी। यह सब काम केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर करना होगा। वास्तव में कार्बन तटस्थता की संस्कृति सभी परियोजनाओं में विकसित करनी होगी। मैंने हाल में जलवायु परिवर्तन संबंधी एक बैठक में भाग लिया जहां सम्मेलन के कार्बन तटस्थ होने का दावा किया गया क्योंकि उन्होंने सम्मेलन से पैदा कार्बन उत्सर्जन निष्प्रभावी करने के लिए उस क्षेत्र में पेड़ लगाए। इसी दृष्टिकोण का पालन किया जाना चाहिए। हर आयोजन और सभी परियोजनाओं को कार्बन तटस्थता का लक्ष्य सामने रखना चाहिए। इसके लिए उच्च स्तरीय जागरूकता तथा समाज के सभी वर्गों की गंभीरता जरूरी है।

क्रियान्वयन आसान नहीं है। आज भी दिल्ली व एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर पराली जलाने, वाहन उर्त्सजन व अन्य चीजों के कारण बहुत अधिक है। सर्वोच्च न्यायालय ने दुःख प्रकट किया है कि हर साल जाड़े में आने वाली इस समस्या के बावजूद केन्द्र व राज्य सरकारें एकजुट होकर इसका समाधान नहीं कर रही हैं। हाल में हमने टीवी के पर्दों पर यमुना में उठने वाली झाग देखी है जिससे दिल्ली में यह मनुष्यों के उपयोग लायक नहीं रह गई है। यदि इन समस्याओं को सालों तक छोड़ दिया गया है तो आश्चर्य होता है कि जलवायु संबंधी नुकसान से बचने के वादे कैसे पूरे होंगे। नियमित रूप से निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित करना जरूरी है। इसके साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाने संबंधी प्रतिबद्धतायें पूरी करने के लिए विस्तृत नीतिगत निर्णय करने होंगे। नीति निर्माताओं के सामने कठिन लक्ष्य है कि वे विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना देश के गरीबों पर बोझ न पड़ने दें। इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक निगरानी व क्रियान्वयन व्यवस्था की जरूरत होगी। जलवायु परिवर्तन की अनदेखी संभव नहीं है, पर इसके नुकसान से बचने के लिए फौरन स्पष्ट कार्रवाई जरूरी है।

ओमिक्रोन के संदर्भ में कोरोना के अनुभव पाठशाला सिद्ध हो सकते हैं

नवीन जैन,
स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल में कोविड 19 के अभी तक के सबसे ताकतवर, घातक, और मारक वेरिएंट ओमिक्रोन के दुनिया भर में फैलने की आशंका की मुनादी करके फ़िर कई देशों की सरकारों, और लोगों की नींद उड़ा दी है। उक्त संगठन ने कहा है समय रहते सभी देशों को अपनी हालिया स्वास्थ्य सेवाओं में पेंचवर्क कर लेना चाहिए, ताकि कोरोना संकट की दूसरी लहर जैसे हर कहीं मौतों के मंज़र दिखाई न दें।तफ़सील में क्यों जाएँ? बच्चा बच्चा जानता है कि दूसरी लाट की चपेट में वह महादेश अमेरिका भी आ गया था, जो प्रत्येक मामले में अपनी मूंछों पर ताव देता रहा है।उसका यह आचरण सही भी था, क्योंकि आज भी स्वास्थ्य सेवाओ के मामले में अमेरिका अव्वल है, लेकिन वही कोरोना ने सबसे ज़्यादा जान लीं। यही हाल ब्राजील के अलावा दूसरे कई देशों का हुआ। हालात बहुत मुश्किल से सम्हले। इन सबसे अलग भारत ने एक नायाब मानी गई प्रस्तुति दी। भारत ने तय तारीख के पहले ही एक अरब लोगों को पहला डोज लगाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भारत अमेरिका के पासंग में भी नहीं बैठता, लेकिन भारत ही एक मात्र देश था, जिसने विश्व के लगभग सत्तर देशों को टीके भेजने की मदद की।

प्रत्येक सरकार की आदत होती है कि वह अपनी उपलब्धियों को बढ़ा चढ़ाकर बताए, और नाकामियों को छिपाने की कोशिश करे।केन्द्र सरकार ने तो वर्षा कालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में यह तक कह दिया था कि हमारे पास इसकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं है कि देश के किसी भी हिस्से में ऑक्सीजन की कमी से किसी कोविड पेशेंट की जान गई हो, मग़र हाथ कंगन को आरसी क्या? प्रिंट मीडिया, और सोशल मीडिया के एक वर्ग ने दूध का दूध और पानी का पानी कर ही दिया।वर्ना, कई देशों से आपातकालीन हालात में भारत को ऑक्सीजन की आपूर्ति क्यों होती। यही नहीं ऑक्सीजन ट्रेन, और टेकरों की भी लगातार आवाजाही बनी रही, वह भी लंबे समय तक।एक अरब टीके की सच्चाई के बारे में भी शीर्ष वैज्ञानिकों ने गम्भीर सवाल उठाए है। उन्होंने यहाँ तक बताया कि आदिवासी, और सुदूर ग्रामीण इलाकों में या तो लचर व्यवस्था के कारण या अंधविश्वास के चलते पहला डोज़ ही नहीं लग पाया है । इस तरह की जानकारियों से पीछा छुड़ाना विशेषकर सरकार के लिए भारी पड़ सकता है।अच्छी बात यह है कि अधिकृत रूप से अभी तक नए वेरिएंट ओमिक्रोन का एक भी मरीज नहीं मिला है, जबकि अफ्रीकी देशों से गत कुछ दिनों में एक हज़ार के लगभग यात्री हवाई मार्ग से मुंबई आए हैं। सुखद खबर यह भी है कि उक्त देशों से भारत आने के लिए कोई सीधी फ्लाइट उपलब्ध नहीं है। अमेरिका से कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी पड़ती है। यहाँ इस बात ज़िक्र मौजूँ होगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की चीफ साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन का कहना है कि ओमिक्रोन वेरिएंट को लेकर सबसे बड़ा अड्थड़ा यह है कि लोग बहुत दहशत में आ गए लगते हैं। ये लोग शायद गलतफहमी पाले हुए हैं कि इस नए वेरिएंट से वैक्सीन बेअसर हो जाएगा, जबकि ऐसा नहीं होता है। डॉ . सौम्या का कहना है कि कोई भी वैक्सीन पूरी तरह से नाकामयाब हो ही नहीं सकता।यह भी याद रखा जाना चाहिए कि सेकंड वेव के दौरान ही एम्स, नई दिल्ली के निदेशक डॉ . रणदीप गुलेरिया ने अधिकृत रूप से कहा था कि जितनी भी मौतें उस वक्त हुई उनमें से 80 प्रतिशत दहशत, और अफ़रातफ़री के कारण हुई।उन्होंने तो तब रेमिडिसिवर इंजेक्शन को भी रामबाण इलाज मानने से इनकार कर दिया था। डॉ. गुलेरिया के अलावाअन्य सीनियर डॉक्टर्स का कहना था कि अधिकांश प्रकरणों में सामान्य पैरासिटामोल गोलियों से काम चल सकता था, लेकिन कई स्तरों पर जबरन भागदौड़ का माहौल बना रहा।एक बात यह भी गौर करने लायक है कि यही मानकर नहीं चलना भी अपने आप को गुमराह करना होगा कि ओमिक्रोन वेरिएंट का ओरिजन सेंटर सिर्फ अफ्रीकी देश ही हो सकते हैं, क्योंकि इसकी गिरफ्त में आ रहे देशों की सूची में रोजाना नए नए देशों के नाम जुड़ रहे हैं। यूरोपीय महासंघ के अधिकांश सदस्यों का मीडिया चूँकि ओमिक्रोन की खबरों को मिर्च मसाला न लगाकर आत्म संयम, और जन हित में जारी कर रहा है, इसलिए कहा जा रहा कि वहाँ की ज़मीनी हक़ीक़त किसी अनदेखी चिलमन से ही नज़र आ रही है, लेकिन उक्त महासंघ के साथ अमेरिका हॉइ अलर्ट मोड पर है।

जहाँ तक भारत के सम्हलकर, और सतर्क रहने की बात है तो पहली लहर के बाद हम जिस तरह से आज़ाद पक्षियों की तरह आचरण करने लगे थे, वैसा भूलकर भी न करें, और जहाँ तो हो सके अपने आस पास के लोगों को भी नहीं करने दें। मतलब साफ़ है। मास्क, सामाजिक दूरी, सफाई, सेनेटराज़र का उपयोग तो फ़िलहाल जीवन शैली में लाया ही जा सकता है। वजह यह है कि अभी तक के शोधों से पता चला है कि ओमिक्रोन वायरस अब तक का पर दादा वायरस है, मगर इसकी रेंज के बारे में कुछ भी दावे से नहीं गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि एक संक्रमित व्यक्ति 436 स्वस्थ लोगों तक कोरोना फैला सकता है। फ़िर यह आंकड़ा 136 पर पहुंचा। इसी बीच पूरी दुनिया में फर्स्ट लीड खबर बनी कि हवाओं में उड़ती मौत। फिर कहा गया कि रेमिडिसिवर बेकार है, स्टारयरेड के कथित साइड इफ़ेक्ट से ब्लैक फंगस जैसा जानलेवा मर्ज़ हो सकता है। दरअसल, यह पूरी रामायण सी लगने वाली कथा का वाचन इसलिए ज़रूरी है कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा पद्धति को छोड़िए फिलहाल, लेकिन एलोपैथी चार सौ साल के पहले ही इस्तेमाल में लाई गई। यह पद्धति ट्रायल एण्ड एरर (प्रयोग और गलती के सिद्धांत पर ही टिकी हुई है)।ओमिक्रोन काल में किसी नई पद्धति का अन्वेषण तो होने से रहा। इसीलिए जो है उसी से काम लेना पड़ेगा।ठीक है कि देश में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक सिद्धांत 1000 लोगों के पीछे एक की बजाय 1448 लोगों के पीछे एक डॉक्टर है। नर्सेस 443 लोगों के पीछे एक है, लेकिन इसी बदहाल स्वास्थ्य तंत्र ने एक तरह से छाती ठोक कर कोरोना का सामना किया।छोटे बड़े शहरों में, तो कारपोरेट हॉस्पिटल्स का संजाल बिछ रहा है, लेकिन इन अस्पतालों के खर्च का आलम यह है एक शोध के अनुसार बीमारी के वक़्त भारतीय समाज के हरेक चौथे परिवार को कर्ज़ उठाना पड़ता है, जिसका चुकारा लगभग असंभव ही होता है।सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कंगाली यह है कि आज़ादी के बाद से जनसंख्या में लगभग सात गुणा व्रद्धि हुई, जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेज की संख्या दो गुणा ही बढ़ी। केन्द्र सरकार इस संदर्भ में एक नया प्रस्ताव लाई है, मगर उसमें भी पहली दिक्कत प्राइवेट स्तर पर खुली मेडिकल यूनिवर्सिटीज की है, और दूसरी उपचार के लिए ली जानी मोटी फ़ीस की है। पहली, और दूसरी लहर के दौरान कई कारपोरेट हॉस्पिटल्स नोट छापने की मशीनें बन गए थे। एक गरीब परिवार तो ऐसे अस्पतालों में जाने से भी डरता है। इन्हीं गरीब लोगो को ग्रामीण इलाकों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर लाया जाकर बीमारी के प्रारंभिक लक्षण पता कर लिए जाएँ, तो ओमिक्रोन का संक्रमण भी रुक सकता है।खबरों में कहा गया है कि तीसरी लहर कही जाने वाली ओमिक्रोन बीमारी का दुनिया का पहला मरीज पुर्तगाल में पाया गया, जिसे थकान, और छोटी मोटी शिकायतें थीं, लेकिन समय रहते उसे क्वारन टाइन कर दिया गया। भारत के साथ दिक्कत यह भी बताई जाती है हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं 1943 में बनी एक रिपोर्ट के आधार पर बनी है। यह रिपोर्ट जिस कमेटी ने सौपीं थी, उसकी अध्यक्षता सर जोसफ विलियम भोर ने की थी। जानकार कहते हैं कि यह रिपोर्ट अब कूड़े में फेंकने के लायक हो चुकी है, क्योंकि इसकी सिफारिशें एक बडी आबादी तक पहुंच ही नहीं पाई है।केन्द्र सरकार बच्चों, और बुजुर्गों के टीकाकरण का अभियान शीघ्र छेड़ने पर भी विचार कर रही। टीके कितने कारगर होते हैं इसका प्रमाण यूरोप से आया आँकड़ा है, जिसमें कहा गया है कि उक्त देशों में 4 .70 लोगों को समय पर वेक्सिनाइज करके बचा भी लिया गया, जबकि एक दौर था जब मौत वहाँ पागल हवाओं की तरह उड़ रही थी, जिसके सिर पर कोरोना की पहली, और दूसरी लहर सवार थी।ठीक है कि बदहाल हुई कृषि, अर्थव्यवस्था, फैक्टरियों के उत्पादन, स्कूल, कॉलेज के खुलने, पर्यटन, शादी ब्याह जैसे आयोजन की बहाली भी ज़रूरी है, लेकिन इन सभी से वाजिब आय तभी मुमकिन है, जब पहले ओमिक्रोन की गुत्थी अच्छे से सुलझा ली जाए।राजनेताओं के भरोसे सब कुछ छोड़ देना अपने आप को और असहाय कर देना है। कोई भी गणतंत्र बिना गण यानी आम जनता के कंधे से कंधा मिलाकर चले बिना सफल नहीं हो सकता।इसीलिए तमाम सामाजिक संगठनों, आम जनता और अन्य को भी इस ओमिक्रोन विरोधी अभियान में अभी से अपने अपने मोर्चे सम्हाल लेना हर हालत में ज़रूरी है। एक बार फ़िर कहना पड़ रहा है कि पिछले अनुभव से मास्क, सामाजिक दूरी, टीकाकरण, सफ़ाई, सेनेट राइजेशन, अन्य सुरक्षा साधनों को जीवन शैली में शामिल कर लें, तो बुराई क्या है इसमें।ज्ञान देने की बात हो, तो भी एक बार कहना ही पड़ेगा कि जिंदगी एक ऐसी किताब होती है, जिसका दूसरा संस्करण कभी नहीं निकलता। फ़िल्म वक़्त का गाना था न, आगे भी जा लेना तू पीछे भी जा लेना तू, जो भी है यही एक पल है। कोरोना की दोनों पुरानी लहरों को ओमिक्रोन के संदर्भ में पाठशाला बनाया जा सकता है, क्योंकि अनुभव ही जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक माना जाता है या कहिए कि ठोकर खाकर ही आदमी ठाकुर बनता है।

फरमाया

कांग्रेस का नेतृत्व किसी व्यक्ति का दैवीय अधिकार नहीं है, खासकर तब जब पार्टी पिछले 10 वर्षों में बार-बार हार गई हो।

- प्रशांत किशोर
चुनावी रणनीतिकार

अंतरिक्ष के जिम्मेदार उपयोग के लिए स्पष्ट मानदंडों के बिना, हम राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरों के जोखिम का सामना करते हैं।

- कमला हैरिस
अमेरिकी उपराष्ट्रपति

भारत एक हिंदू बहुल देश है। भारत के बाहर किसी भी हिंदू को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, देश में स्वागत है।

- हेमंत बिस्वा सरमा
असम के मुख्यमंत्री

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

प्रदूषण पर सख्त अदालत

सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए अदालत ने केंद्र, दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्यों को औद्योगिक व वाहनों से होने वाले प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। महज 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करके दिखाने की चेतावनी की गंभीरता समझने की जरूरत है। यहां प्रदूषण लगातार ऐसे बना हुआ है कि बहुत सारे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। शहरों में न धूप निकल रही है और हवा साफ है। गुरुवार को हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। साल-दर-साल बढ़ते जा रहे प्रदूषण का कोई ठोस इलाज सरकार के पास नहीं है। पराली जलाने की घटनाएं इस साल पहले की तुलना में ज्यादा हुई! और दिल्ली और उसके पड़ोसी ही नहीं समूचे भारत में प्रदूषण की विनाशक स्थिति अत्यंत गंभीर और जानलेवा है। और इसमें जब तक सामाजिक संस्थाएं और जनता सरकार के साथ कदम मिलाकर प्रतिबद्धता के साथ प्रदूषण खत्म करने का प्रण नहीं ले लेती तब तक कोई भी सुधार होना संभव नहीं है। जब हम स्वच्छता के क्षेत्र में इतने सफल हुए हैं तो प्रदूषण मुक्त होने में भी कोई दिक्कत नहीं आना चाहिए! जरूरत सिर्फ दृढ़ता पूर्वक काम करने की है। और यदि हम अब नहीं चेते तो बाद में स्थिति विकट और बेकाबू होती जाएगी!

- सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम

ध्यान दे सरकार

भारत देश मे प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजातों की मृत्यु को रोकने और सुरक्षित प्रसव के लिये प्रति वर्ष अरबों रुपये सरकार खर्च करती है। जिससे महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिये इधर उधर भटकना न पड़े। सरकारी अस्पतालों में दवा ,आने जाने के लिये एम्बुलेंस के साथ प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। लेकिन कुछ अस्पतालों में महिलाओं को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जाता है। जो निजी अस्पतालों में जाते हैं। निजी अस्पतालों में ज्यादातर बच्चे सिजेरियन ऑपरेशन से कराए जाते हैं। जिससे महिलाओं को सामान्य प्रसव जिसका खर्च 15-20 हजार रूपये से तीन गुने खर्चे में सिजेरियन ऑपरेशन होता है। निजी अस्पतालों में में प्रसव दोगुना से ज्यादा प्रसव ऑपरेशन से होते हैं। सिजेरियन ऑपरेशन महिला के प्रसव में असमर्थ और मां और बच्चे के खतरे की स्थिति में किया जाता है। लेकिन ज्यादातर निजी अस्पतालों में जाने वाली महिलाओं का पैसे के लालच में सिजेरियन ऑपरेशन किया जाता है। जों महिलाओ और बच्चों के लिये नुकसान दायक होता है। बच्चो में रोग प्रतिरोधी क्षमता का ह्रास होता है। सरकार का कर्तव्य है कि हर जिला सरकारी अस्साल में ऑपरेशन की व्यवस्था करे।

- कुलदीप मोहन त्रिवेदी, जरगांव, उन्नाव

विपक्षी एकता का सवाल

विपक्षी एकता के ध्रुवीकरण के लिए इन दिनों पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री लालायित है। महाराष्ट्र के नेताओं से उनकी मुलाकात भले ही माईने रखती हो मगर जिस तरह से कांग्रेस से दूरी बना कर वे चल रही है उससे लगता नहीं कि वे अपने मकसद में कामयाब हो सकेगी क्योंकि भले ही कांग्रेस सिमटती जा रही हो पर उसका थोड़ा बहुत वजूद भी अहम् है। भाजपा से मुकाबले के लिए ममता बनर्जी ने जोड़तोड़ शुरू की है। घुर विरोधियों को साथ लेकर जिस तरह समता कुनबा बनाने की जुगत में है इसमें वे तभी सफल को सकती है जब वह समभाव से समान विचारधारा वाले दलों को एक मंच पर लाए। देखने में आया है कि ममता अपने इस अभियान में कांग्रेस से दूरी बनाए हुए हैं। महाराष्ट्र के तमाम बड़े नेताओं से मुलाकात के बाद कांग्रेस का नाम तक नही लेना ममता उचित समझ रही हैं जबकि आज ममता जिनकी शरण है उनमें से अधिकांश कांग्रेसी हैं जो इस समय अलग-2 दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। विपक्षी एकता अगर कायम करना है तो ममता को परहेज की नीति और नियत छोड़ना होगी।

- अमृतलाल मारू, दसई, मप्र

दो लाख 30 हजार क्विंटल धान की खरीदी 1400 क्विंटल धान का उठाव

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने के तीसरे ही दिन केंद्रों से धान का उठाव भी शुरू हो गया है। अब तक करीब 1400 क्विंटल धान का उठाव हो गया है। वहीं लगभग 3200 क्विंटल धान उठाव के लिए डीओ कट चुका है। निजी परिवहनकर्ताओं से भी धान परिवहन के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।जिले में एक दिसंबर से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने अब रफ्तार पकड़ ली है। तीन दिन में ही जिले में लगभग दो लाख 30 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं खरीद केंद्रों से धान उठाव के लिए राइस मिलरों का आटो पंजीयन किया गया है। करीब 97 मिलरों का आटो पंजीयन किए जाने के बाद केंद्रों से धान उठाव के लिए अनुबंध करने के साथ ही डीओ भी काटा जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 3200 क्विंटल धान का डीओ कट चुका है। वहीं राइस मिलरों ने 14 सौ क्विंटल धान का उठाव भी कर लिया है। आने वाले दिनों में खरीद केंद्रों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या और बढ़ेगी। इसके साथ ही धान उठाव में तेजी लाने निजी परिवहनकर्ताओं से भी धान का परिवहन कराया जाना है। प्रशासन द्वारा धान परिवहन के लिए टेंडर भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष खरीद केंद्रों से समय पर धान का उठाव नहीं होने की वजह से करीब 36 हजार क्विंटल धान शार्टेज हो गया था।

इस बार ऐसी स्थिति निर्मित न हो इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा केंद्रों से जल्द से जल्द धान का उठाव पर फोकस किया जा रहा है।

आने वाले दिनों में केंद्रों में और अधिक मात्रा में धान खरीदी होगी। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्रों से धान का उठाव कराया जा रहा है। इसके लिए राइस मिलरों का आटो पंजीयन कर डीओ काटा गया है। केंद्रों से करीब 14 सौ क्विंटल धान का उठाव भी हो चुका है।
–सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

भाजपा प्रत्याशी शकीला बेगम ने पर्चा दाखिल किया

थानखमरिया। थानखमरिया नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 में हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में शकीला बेगम ने पर्चा दाखिल किया रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय थान खमरिया में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया जिसमें प्रमुख रुप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी भाजपा मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया भाजपा मंडल के महामंत्री राजेश ठाकुर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री चंद्रशेखर सिंह राजपूत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदर्श जोशी पार्षद विजय शर्मा संपत तिवारी संतोष तेलीजी मनीष सेन तरुण तिवारी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांवतपुर के 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने लगवाया वैक्सीन का प्रथम डोज

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा (देवरबीजा)
www.dailypioneer.com

जिले में अब वैक्सीन से कोई न छूटे की थीम पर वैक्सीनेशन केंद्रों और घर-घर जाकर डोर टू डोर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जहां इसी के चलते आज एक 85 वर्षीय एक वृद्ध महिला ने टीका लगवाया। बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत निनवा के सहायक ग्राम सांवतपुर पहुंचे। जहां 85 वर्षीय श्यामकली बाई ने कोविड-19 टीके का प्रथम डोज स्वास्थ्य की एएनएम तृप्ति दुबे द्वारा लगवाया। जहां उन्होंने सभी स्थानीय लोगों को दोनों डोज समयानुसार लगवाने के संदेश दिया। इस दौरान शिक्षा विभाग से खेलावन मिरचण्डे , प्रतिभा सिन्हा कामिनी मंडावी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, कोटवार,एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे, ज्ञात हो कि 4 दिसंबर को टीकाकरण का महाअभियान चल रहा है जिसके तहत देवरबीजा, बीजा, नयापारा, भैसामुडा, महीदही, केशडबरी, कोदवा, भेडनी एवं अन्य गांवों में चल रहा है टीकाकरणबीजा में नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूहों की महिलाएं टीकाकरण महा अभियान में अपना योगदान दे रहे है,वैक्सीन लगवाने के लिए कर प्रेरित किया जा रहा है।

सट्टा लिखते सटोरिया गिरफ्तचार

थानखमरिया। आरक्षी केंद्र थान खेमरिया थाना प्रभारी नासिर खान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बेमेतरा के निर्देशानुसार मुखबिर से सूचना पर आरोपी पुरूषोतम गोड पिता तिहारी गोड उम्र 38 निवासी वार्ड नंबर 14 थान खम्हरिया थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा पाडे पारा थाना खम्हरिया में अंकों के सामने रूपये पैसे अंकों में लिखकर सट्टा खिला रहा है कि आरोपी के कब्जे से 03 नग कोरे कागज में लिखा हुआ विभिन्न प्रकार का अंक का सट्टा पट्टी एक नग इंटेल कंपनी का की पेड कीमत 500 रूपये जिसमें एयरटेल का सिम नंबर 9179435857 लगा है एक नग डाट पेन एवं नगदी रकम 1120 रूपये को को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध मांक 244/ 2021 धारा 4 (क) जुआ एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

नगर में चला वेक्सिनेशन महाअभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान के निर्देशन में 4 दिसंबर को जिला बेमेतरा में जिला स्तरीय महावेकसीनेशन अभियान जारी है वैक्सीनेशन का समय प्रातः 8-00 बजे से रात्रि 8-00 बजे तक निर्धारित किया गया । जिसमें नगर पालिका परिषद क्षेत्र बेमेतरा अंतर्गत 12 स्थानों पर वैक्सीन सेंटर बनाए गए हैं जिसमें 13 डॉक्टरों की टीम के द्वारा कार्य किया जा रहा है एक मोबाइल की अतिरिक्त तैयार की गई है जिसमें डॉक्टरों की टीम के साथ नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अधिकारियों एवम कर्मचारियों के साथ घर-घर जाकर वैक्सीन किया जा रहा है। शाम 5-30 बजे की स्थिति में 2000 लोगों को लगाई जा चुकी है । इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, उप अभियंता संजय मोटवानी, राजस्व उप निरीक्षक विनीत ठाकुर एवं राजेश पवार के साथ नगर पालिका की पूरी टीम के द्वारा वैक्सीनेशन का कार्य कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन डॉक्टर वंदना भेले पूरी टीम के साथ निगरानी करती रही । मोबाइल टीम में स्वास्थ विभाग से कु निकिता वर्मा, कु प्रीति खरे एवम राजेश शर्मा ने बेहतरीन कार्य किया।

जनजागरण अभियान पदयात्रा प्रभातफेरी कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 4 दिसम्बर को बढ़ती मंहगाई एवं केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ जन जागरण अभियान पदयात्रा के तहत जैन भवन चौक से प्रातः 6:30 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। रघुपति राघव राजाराम भजन गाते व वंदेमातरम, भारतमाता की जय का नारा लगाते हुए यह प्रभातफेरी निकली। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ,मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह, सेवादल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडेय,प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव रुखसाना बेगम, जिला प्रभारी महामंत्री रतिराम कोसमा,जिला सचिव रवि जायसवाल, के. ईश्वर राव,एल्डरमैन प्रमोद तिवारी, जगदीश श्रीवास, ममता पांडेय, राजू वर्गीस, पार्षद रोशन पटेल, विजय लक्ष्मी, श्रुति यादव, सूरज विभार, चंदू सिन्हा, राजकुमार साहू, हरीश साहू, रामू शर्मा, रूबी एंथोनी, फ्रांसिस कोलीन, जेबा कुरैशी, विलसन मैथ्यू,जे. पी. यादव, ओनु दत्ता,पिंकू डे,सुरेश ठाकुर, प्रवीण शर्मा, श्रीनिवास राव, राधे मण्डावी, हरीश खस, हर्ष रामटेके, अभिषेक राव, जावेद खान, बसंत साहू, अरुण कुमार ,सी एच कोंडय्या सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनजागरण अभियान पदयात्रा के तहत यह प्रभातफेरी पूरे दिसम्बर माह में रोज प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से निकाली जावेगी।

व्यय प्रेक्षक ने ली निर्वाचन व्यय संपरीक्षकों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 के संचालन के प्रेक्षण के लिए जिले के नगर पंचायत मारो, देवकर, थानखम्हरिया एवं नगरपालिका बेमेतरा के लिए सुरेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा का आगमन आज शनिवार को बेमेतरा मे हुआ। उन्होने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी निर्वाचन व्यय संपरीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के मो.नं. 9407956066 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही व्यय प्रेक्षक से सर्किट हाउस बेमेतरा में मध्यान्ह 2.00 बजे 3.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

105 साल की वृद्धा ने लगवाया कोविड–19 का टीका

बेमेतरा। बेमेतरा जिले मे वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना टीकाकरण महाअभियान का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे आज साजा विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया की 105 वर्ष की एक वयोवृद्ध महिला ने कोविड-19 का टीका लगवाया।

ग्राम पंचायत रहंगी में मितानिन दिवस पर साड़ी वितरण कर किया सम्मान

कवर्धा/पोंड़ी। ग्राम पंचायत रहंगी में सरपंच राजू मानिकपुरी ने मितानिन दिवस के मौके पर पंचायत के सभी मितानिनों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए की मितानिन ही है जो गांव में सबसे पहले सभी को जागरूक करते है स्वास्थ संबंधी जानकारी एवम बीमारियों से बचने के उपाय बताते है एक तरह से मितानिन बहनें सही मायनों में गांव की स्वास्थ संबंधी जानकारी देकर सभी का ख्याल करते हुए साथ मिलकर कार्य करती है हम सबको इनका सम्मान करना चाहिए, सरपंच राजू मानिकपुरी ने सभी मितानिनों का अभिनंदन करते हुए उन्हें श्रीफल एवम साड़ी भेंटकर सम्मानित किया और सभी को बेहतर तरीके से आगे भी कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ग्राम पंचायत के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

खदान कर्मियों में सेल प्रबंधन के दोहरे मापदंड के विरोध में रोष

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सेल कर्मियों के वेतन समझौते हेतु हुए एमओयू एवं एरियर्स वितरण तथा नए वेतनमान के फीडिंग के उपरांत खदान कर्मियों में सेल प्रबंधन के दोहरे मापदंड के विरुद्ध रोष उत्पन्न है। जहाँ एक तरफ अधिकारीयों को पर्क्स का भी एरियर्स दिया गया है वहीँ दूसरी तरफ कर्मियों के लिए पर्क्स को दिनांक 18 नवम्बर.2021 से प्रभावी मानते हुए पर्क्स के एरियर्स से कर्मियों को वंचित रखा गया है। उक्त एमओयू में इस बात का भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि खदान कर्मियों को मिलने वाले दासा राशि को पर्क्स में नहीं जोड़ा जावेगा। किन्तु कर्मियों को दासा का न तो एरियर्स राशि प्रदान की गयी है और न ही नए वेतनमान के 10त्न के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जानकारी मिलने पर राजहरा खदान समूह में कार्यरत विभिन्न श्रम संगठनों ने इसका विरोध करते हुए सेल प्रबंधन एवं स्थानीय बीएसपी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें दासा के एरियर्स राशि एवं नए वेतनमान के 10त्न राशि को दासा के रूप में तत्काल देने की मांग की थी और प्रबंधन द्वारा ऐसा न करने पर कडे कदम उठाने की चेतावनी भी दी थी। इस तारतम्य में खदान उच्च प्रबंधन ने भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ भिलाई, एटक से सम्बद्ध संयुक्त खदान मजदूर संघ एवं इंटुक से सम्बद्ध मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों को बुलाकर चर्चा की। उक्त चर्चा में प्रबंधन की तरफ से अधिशासी निदेशक खदान एवं रावघाट मानस विश्वास, मुख्य महाप्रबंधक खदान आईओसी राजहरा तपन सूत्रधार, महाप्रबंधक कार्मिक खदान मुख्यालय सूरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक दल्ली यंत्रीकृत खदान सिरपुरकर एवं महाप्रबंधक राजहरा यंत्रीकृत खदान चिंताला श्रीकांत उपस्थित थे। चर्चा के दौरान सभी श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक मत से यह कहा कि सेल एवं बीएसपी प्रबंधन के द्वारा दासा राशि को पुराने वेतनमान के हिसाब से देने का वे विरोध करते हैं और यह मांग करते हैं कि तत्काल इसपर निर्णय लेते हुए सभी खदान कर्मियों को नए वेतनमान का 10त्न दासा के रूप में दिया जाना शुरू किया जावे और जिस तरह से अधिकारियों को पर्क्स का एरियर्स दिया गया है उसी तरह से कर्मियों को भी दासा का एरियर्स दिया जावे। सभी श्रम संगठनों ने प्रबंधन को यह भी याद दिलाया कि पिछले वेतन समझौते के बाद भी बीएसपी प्रबंधन ने यही किया था जबकि आरएमडी के खदानों में नए वेतनमान का 10त्न राशि एवं उसका एरियर्स भी कर्मियों को दिया गया था। जिसके फलस्वरूप राजहरा खदान समूह के कर्मियों ने चार दिवसीय आंदोलन किया था और प्रबंधन ने नए वेतनमान का 10त्न राशि देना स्वीकार किया था। ऐसे में यह लगता है कि बीएसपी प्रबंधन कर्मियों को पुनः आंदोलन के राह पर धकेलना चाहता है। जहां तक दासा के एरियर्स की बात है तो पिछले वेतन समझौते के बाद दासा के एरियर्स का भुगतान भी अभी तक राजहरा खदान कर्मियों को नहीं मिला है और इस नए वेतन समझौते के बाद भी ऐसा लगता है कि सेल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन खदान कर्मियों को आंदोलन हेतु उकसा रहा है। श्रम संगठनों के विचार सुनने के उपरांत अधिशासी निदेशक खदान एवं रावघाट ने कहा कि श्रम संगठनों की मांग से सेल उच्च प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है और शीघ्र ही इस पर समुचित निर्णय लिया जावेगा जो कि कर्मियों के हित में होने का उन्हें पूरा भरोसा है। अतः उन्होंने सभी श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों से आंदोलन न करने की बात कहते हुए आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही इसपर निर्णय ले लिया जायेगा।

यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मिलेगी एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि

बेमेतरा। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफल प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। पात्र अभ्यर्थियों से 22 दिसम्बर 2021 तक आवेदन आमंत्रित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चंद्राकर ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग द्वारा यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्रता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस संबंध में विस्तृत जानकारी आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक-डी, भूतल, इंद्रावती भवन नवा रायपुर से प्राप्त कर सकते है।

स्थानीय टीमों के मध्य हुआ पहला मुकाबला

एकता कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के हृदय स्थल बेसिक स्कूल मैदान पर टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। स्व. राजरानी छाबड़ा की स्मृति में एकता क्रिकेट क्लब बेमेतरा द्वारा आयोजित। एकता कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पार्षद रश्मि फणेंद्र मिश्रा, पार्षद रानी डेनिम सेन, अजित छाबड़ा विद्यालय प्रतिनिधी शा. बालक उ.मा. विद्यालय ने बल्लेबाजी करते प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही स्पर्धा को लेकर नपा अध्यक्ष ने कहा कि जिले के इस एतिहासिक मैदान में शुरू से ही क्रिकेट का रोमांच हमारे नगर में क्रिकेट प्रेमियो को देखने को मिलता रहा है और आगे भी यह रोमांच बरकार रहेगा। धन्यवाद देना चाहती हु आयोजन समिति को जिन्होंने 20 वर्षो से बेसिक मैदान को इस तरह के आयोजन करके सुशोभित रखा है। ऐसा आयोजन मैदान व शहर का गौरव है। बिना भेदभाव के हमे खेल खेलना चाहिए, चाहे वह कोई सा भी खेल हो। वही अध्यक्ष ने आयोजन समिति व सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाये देते उज्वल भविष्य की कामना की। क्लब अध्यक्ष नन्नू रजक ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला इनाम 40 हजार रूपये व दूसरा 20 हजार रूपये रखा गया है। बेमेतरा के हृदय स्थल बेसिक स्कूल मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता का यह लगातार 20वां वर्ष है। शुक्रवार को उद्घाटन मुकाबला शहर के दो टीम समीर 11 व पाटकर 11 के बीच हुआ। वही दिन के पहले मुकाबले में पाटकर 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 131 रन बनाये। वही लक्ष्य का पीछा करते समीर 11 ने 45 रन ही बना पाई। इस तरह पहले मुकाबले में पाटकर इलेवन विजयी रही। अवसर पर, नन्नू रजक, पत्रकार मैडी धीवर, देबू भाथरे, अनिल यादव, निहित वर्मा, पत्रकार योगेश राजपूत, ममता ग्वालवंशी, गोविन्द दास मानिकपुरी, डेनिम सेन, महेश शर्मा सहित शहर के क्रिकेट प्रेमी दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे।

BAJAJ FINSERV
बजाज फाइनैंस लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : तृतीय तल, बजाज फिनसर्व पंचशील टेक पार्क, विमान नगर, पुणे, महाराष्ट्र, भारत – 411 014
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, स्काई पार्क, प्लॉट नंबर 3/10, राजा तालाब, पंढारी, निकट टावरी नर्सिंग होम, रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001

कब्जा सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1), (परिशिष्ट–IV) के तहत

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड (बीएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार/सह कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों की तरफ बीएफएल की ऊपर वर्णित अनुसार बकाया राशि तथा उस पर भावी ब्याज के प्रथम प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम (एलएएन नंबर, शाखा का नाम)	प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	मांग सूचना तिथि और राशि	कब्जा की तिथि
शाखा :– रायपुर एलएएन : 454LAP00023214 कर्जदार : /सह–कर्जदार 1. आसिफ मोहम्मद कर्जदार पता : नूरानी चौक, तरूण चटर्जी के मकान के बगल में, राजा तालाब, निकट रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 2. रहमत जहां सह–कर्जदार पता : नूरानी चौक, तरूण चटर्जी के मकान के बगल में, राजा तालाब, निकट रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001	नीचे वर्णितानुसार गैर–कृषि सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : म्युनिसिपल मकान नंबर 24/852, (पार्ट) प्लॉट नंबर 60/1, खसरा नंबर 60/1, सर्वे नंबर 146/82 का भाग, शीट नंबर 2, रवि नगर, पंडित रवि शंकर शुक्ला वार्ड नंबर 24, पंडरीतरारी, पीएच नंबर 109, आरआईसी रायपुर–1, नगर तहसील और जिला रायपुर–493109 चौहद्दी उत्तर : गली पूरब : श्रीमती रहमत बी का मकान दक्षिण : शीरीं बाई का मकान पश्चिम : गली	12–जुलाई–2021 रू. 36,95,684/– (रू. छत्तीस लाख पिच्यानवे हजार छह सौ चौरासी मात्र)	02–दिसम्बर–2021

स्थान : रायपुर तिथि : 05–12–2021 वास्ते बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्राधिकृत अधिकारी

शैक्षणिक भ्रमण में शास. हाईस्कूल नावापारा खुर्द पहुंचे यूथ गाइडेंस क्लब डोंड़की के बच्चे

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

ग्रामीण परिवेश के बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के क्षेत्र में शहरी वातावरण की तर्ज पर बेहतर वातावरण मिल सके इस निमित्तत शैक्षणिक जिले शक्ति के अंतर्गत शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत डोंड़की में संचालित यूथ गाईडेंस क्लब के बच्चे 04 दिसम्बर को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत शासकीय हाईस्कूल नावापारा खुर्द पहुंचे। जहां क्लब के बच्चों का प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव ने अपने विद्यालय में स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव ने बच्चों को विद्यालय भवन सहित पूरे परिसर का मुआयना कराते हुए विद्यालयीन गतिविधियों से बच्चों को रू ब रू कराया। इस दौरान बच्चों ने प्रयोगशाला कक्ष का भी मुआयना किया। इस मौके पर प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव ने बच्चों को न्यूटन डिस्क की अवधारणा के जरिए समझाया कि सफेद प्रकाश मूलतः सात रंगों से बनी होती है। वहीं शर्मा मैडम से बच्चों ने मानव शरीर और पाचन प्रक्रिया की बारीकियों को भी समझा। वहीं दूसरे सत्र में बच्चों ने विद्यालयीन बच्चों संग संयुक्त रूप से डिजिटल क्लास रूम में प्रोजेक्टर से पढ़ाई किया। इस अवसर पर प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव ने अंतरिक्ष में राकेट के जरिए उपग्रह प्रक्षेपण तथा स्पेस में अंतरिक्ष यात्रियों की दिनचर्या भी समझाया। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलयम्स के बारे में भी बच्चों ने जाना। इतना ही नहीं इस मौके पर पहला रेडियो, पहला कम्प्यूटर, पहला फ्रीज, पहला एक्सरे मशीन, पहला मोटर साईकिल, पहला कैमरा, पहला ट्रेन इंजन आदि की तस्वीरों को प्रोजेक्ट के जरिए दिखाया व समझाया गया। गौरतलब हो कि शासकीय हाईस्कूल नावापारा खुर्द जिसकी स्थापना के समय 2011 में मात्र 3 छात्र थे। आज 2021 में कक्षा 9वीं व 10वीं मिला कर कुल 89 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय से प्राचार्य पी श्रीनिवास राव के आने के बाद से विद्यालय निरंतर ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। विदित हो कि इस विद्यालय के प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव को नवगठित सक्ती जिले में बेहतर विद्यालयीन प्रबंधन, स्वच्छ विद्यालयीन प्रबंधन, डिजिटल क्लास रूम में प्रोजेक्टर से पढ़ाई सहित विद्यालय में पढ़ाई के लिए आदर्श वातावरण निर्मित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य का सम्मान बिलासपुर संभागायुक्त डा. अलंग ने प्रदान किया है। वहीं युथ गाईडेंस क्लब की बात करें तो इसके बारे में क्लब के निदेशक योम प्रकाश लहरे ने बताया कि आम तौर पर ग्रामीण परिवेश में बच्चों को पढ़ाई लिखाई के लिए वह उपयुक्त वातावरण नहीं मिल पाता है जो शहरों में शहरी परिवेश के बच्चों को मिलता है। इसी को देखते हुए डोंड़की-भांठापारा में बच्चों के लिए इसकी स्थापना की गई है। ताकि ग्रामीण परिवेश में भी बच्चों के लिए पढ़ाई- लिखाई सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए आदर्श वातावरण निर्मित किया जा सके,जहां रोजाना बच्चे शाम के समय जा कर पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद सहित मनोरंजनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हैं। यहां बच्चों के लिए एक लाईब्रेरी भी है जहां बच्चों के लिए शैक्षणिक, प्रेरणादायी ज्ञान की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बुक्स, रोजगार समाचार पत्र पत्रिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

विदेश से आने वालों से रहें सावधान, कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की स्वास्थ्य विभाग की अपील

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

वर्तमान में जिले में 57 कोरोना संक्रमित मरीज हैं। बीते कुछ दिनों में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग चैकन्ना हुआ है। शुक्रवार को हाई रिस्क वाले देश से एक महिला के जिले में आने से स्वास्थ्य विभाग ने एहतियान उसे क्वारंटाइन कर संबंधित जांच शुरू कर दी है। जिले में 62,546 पोस्ट कोविड के मरीज हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी का कहना है लोगों से अपील की जा रही है कि वह एहतियात बरतें। कोविड संक्रमण बिल्कुल खत्म नहीं हुआ। कोविड गाइडलाइन का पालन करेंगे तो संक्रमण से बचाव रहेगा। ओमिक्रॉन अभी अफ्रीका और दूसरे देशों में फैला हुआ है, देश में इसके संदिग्ध मरीज हैं। जिले में भी विदेश से लोग आ रहे हैं ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं स्वास्थ्य विभाग अपना कार्य कर रहा है पर एक बार फिर कोरोना को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। नगर निगम ने एक बार फिर से लोगों को मास्क लगाने की अपील की है और मास्क नहीं लगाने वाले पर चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि इस बार भी जिला कोरोना संक्रमण के मामले में कोताही बरतने वाला नहीं अपितु एहतियाती कदमों पर ज्यादा जोर दे रहा है।

भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

रायगढ़। नगरीय निकाय के उप चुनाव की घोषणा के बाद रायगढ़ जिले में प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का दौर शुरू हो चुका है। रायगढ़ जिले के सारंगढ़ नगर पालिका की 15 सीटों के लिए रायगढ़ नगर निगम की दो सीटों के लिए 20 दिसंबर को मतदान होना है जिसको लेकर भाजपा, कांग्रेस के अलावा जोगी कांग्रेस सहित निर्दलियों ने अपने अपने पर्चे दाखिल करके जीत के दावे किये। बड़ी संख्या में कांग्रेस तथा भाजपा के प्रत्याशियों ने रैली के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए रायगढ़ नगर निगम की दो सीटों के लिए अपने घोषित प्रत्याशियों के नाम दाखिल किये। वहीं बाद में जोगी कांग्रेस की तरफ से रायगढ़ नगर निगम के 25 व 9 के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद रायगढ़ विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी के साथ साथ भाजपा के भी प्रत्याशी ने विकास के नाम पर अपनी जीत के दावे किये। वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक ने सारंगढ़ नगर पालिका की 15 सीटों के लिए सुरक्षा व्यवस्था तथा चाक चैबंद होनें की जानकारी दी।

संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग ने मेडिकल कालेज प्रबंधन की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग मेडिकल कालेज रायगढ़ में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कालेज के व्यवस्थापन के लिए उसकी संसाधनों पर कालेज के डीन एवं अस्पताल अधीक्षक से चर्चा की। इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह, निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कालेज के डीन डॉ.पी.लूका ने संभाग आयुक्त को मेडिकल कालेज के विभिन्न कार्यो एवं आगामी संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर ध्यानाकर्षण करवाया। जिस पर संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने सभी आवश्यक कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कालेज के लिए निर्धारित नार्म्स है। सभी उपकरणों की खरीदी की जाए, साथ ही उसकी उपयोगिता भी तय की जाए। प्रत्येक उपकरण के संचालन के लिए मैन पावर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेडिकल कालेज की शिफ्टिंग और मेडिकल कालेज के निर्माण की कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान मेडिकल कालेज शिफ्टिंग में विलंब के मद्देनजर मॉडुलर ओटी की जगह नार्मल ओटी में संचालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्यो की मॉनिटरिंग कर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीन डॉ.पी.लूका ने संभाग आयुक्त को केजीएच में किए गए कार्यो से भी अगवत कराया तथा मेडिकल कालेज के बेहतर संचालन के लिए विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती की जानकारी दी। जिस पर संभाग आयुक्त ने आवश्यक मैन पावर वाले रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के लिए मांग बनाने को कहा है। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज सहित स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कालेज के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास में रोड़े बने नेताद्वय

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विगत लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य के अतिरिक्त कमरे का निर्माण किया जाना था । जिसमें 55 लाख रुपए का बिल्डिंग बनाने का कार्य होना था लेकिन पीडब्ल्यूडी के जीर्ण शीर्ण मकान को तोड़ा गया जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए अतिरिक्त कमरे का निर्माण किया जाना था ,लेकिन लंबे समय से बेजा कब्जा धारियों को 7 बार नगर पंचायत जयजयपुर के द्वारा नोटिस दिया गया लेकिन सात बार के नोटिस के बाद आज नगर पंचायत ,स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, और राजस्व विभाग के अमले के द्वारा बेजा कब्जा तोड़ने का अभियान चलाने के लिए इकट्ठे हुए वहीं पर दुकानदारों एवं अधिकारियों में तू-तू मैं-मैं की बात हुई जहां पर बहुजन समाज पार्टी के विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा कांग्रेस से अभिषेक सोनी एवं जनता कांग्रेस से महेंद्र चंद्रा ने आकर बेजा कब्जा अभियान को रोक लगाएं इससे साफ जाहिर होती है कि नगर के विकास में रोड़े बनते आ रहे हैं 100 बिस्तर का अस्पताल बनना था ।अब ऐसा लग रहा है कि नगर पंचायत जैजैपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण अवरुद्ध होता हुआ नजर आ रहा है क्योंकि विधायक केशव चंद्रा कांग्रेस से अभिषेक सोनी एवं जनता कांग्रेस से महेंद्र चंद्रा दुकानदारों का समर्थन में खड़े हो गए हैं ।इसे साफ यह जाहिर होती है कि जयजयपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अतिरिक्त कमरे का पैसा लेप्स होता हुआ नजर आ रहा है। जो पूर्व में भी लेप्स हो चुका है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष धनेश्वर साहू ने 100 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य का मांग उठाया था जो मांग पूर्ण होने की ओर थी जो आज दुकानदारों एवं नेतागण के कारण अधर में लटकता हुआ नजर आ रहा है इससे साफ जाहिर यह हो रहा है कि नगर का विकास आने वाले समय में रोड़े पढ़ते रहेंगे जिनके वजह से नगर पंचायत जैजैपुर का विकास होना तो दूर है।

बसपा ,कांग्रेस एवं जोगी जनता कांग्रेस के एक होने पर जयजयपुर नगर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विकास अवरुद्ध नजर आ रहा है जबकि लंबे समय से उन बेजा कब्जा धारियों को नोटिस दिया जा चुका था। उसके उपरांत आज अधिकारी एवं दुकानदारों में आमने सामने हुई जिससे बेजा कब्जा को रोकना पड़ा।

नगर पंचायत जैजैपुर में तीन राष्ट्रीय पार्टियां हैं जिनमें से बहुजन समाज पार्टी ,कांग्रेस पार्टी एवं जनता जोगी कांग्रेस पार्टी एक साथ है। वहीं पर भाजपा इन तीनों पार्टियों से दूरी बनाए हुई है क्योंकि नगर पंचायत जैजैपुर में भाजपा का अध्यक्ष मौजूद है।

राजस्व विभाग के द्वारा क्षेत्र के कोटवारों को बुलाया गया वहीं पर पुलिस विभाग के द्वारा भी दूसरे स्थान के पुलिस लाया गया था नगर पंचायत जैजैपुर के द्वारा उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी एकत्रित हुए लेकिन दुकानदारों एवं पुलिस प्रशासन में तू तू मैं मैं होने की वजह से बेजा कब्जा को राजस्व विभाग नहीं तोड़ पाया उन्हें 5 दिन का और अतिरिक्त समय दिया जा चुका है इससे ऐसा लगता है कि यहां का बेजा कब्जा अब नहीं टूटेगा।

नगर पंचायत जैजैपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए अतिरिक्त कमरे का निर्माण किया जाना था उन लोगों को नगर पंचायत जैजैपुर के द्वारा सात बार नोटिस प्रदान किया गया जहां पर उन दुकानदारों के 7 बार का जवाब देना उचित नहीं समझा आज विधायक के द्वारा विरोध करने पर उन्होंने यह बताया कि दुकानदारों एवं अधिकारियों में एक साथ बैठक नहीं हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 55 लाख रुपए का राशि पूर्व में भी आया जो एक बार लेप्स हो गया लेकिन आज की स्थिति में यह है कि जो अभी पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य को 55 लाख रुपए का अतिरिक्त भवन बनाने के लिए राशि मिला है वह भी लेपस होने के कगार नजर आ रहे हैं। यह प्रि या 2017 में पहली बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राशि मिली थी लेकिन आज नेता गण अपने वोट बैंक के कारण बेजा कब्जा धारियों के पक्ष में खड़े हो गए जिनकी वजह से बेजा कब्जा की कार्यवाही को बंद करना पड़ा। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़वा भाटा जैजैपुर में पर्याप्त भूमि है जहां पर 100 बिस्तरों का अस्पताल बनना था, लेकिन हमारे क्षेत्र के विधायक माननीय केशव प्रसाद चन्द्रा ने बड़वा भाटा दूर होने की बात कही जिनके वजह से वहां पर स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं हो सका नहीं तो वहां पर स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो जाता। यह परेशानी भी नहीं आती क्योंकि विधायक ने कहा कि बड़वा भाटा दूर है वहां पर मरीज को आने जाने में परेशानी होगी इसलिए वहां पर बनने वाले सौ बिस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बनने में रोड़े पड़े यह भूमि 7384 वर्ग फीट का बनना था। अब ऐसा लग रहा है कि नगर पंचायत जैजैपुर में विकास में दुकानदार एवं नेतागण रोड़े उत्पन्न कर रहे हैं जिनकी वजह से 100 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सपना अधूरा रहेगा।

ग्राम पंचायत रहंगी में मितानिन दिवस पर साड़ी वितरण कर किया सम्मान

कवर्धा/पोंड़ी। ग्राम पंचायत रहंगी में सरपंच राजू मानिकपुरी ने मितानिन दिवस के मौके पर पंचायत के सभी मितानिनों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए की मितानिन ही है जो गांव में सबसे पहले सभी को जागरूक करते है स्वास्थ संबंधी जानकारी एवम बीमारियों से बचने के उपाय बताते है एक तरह से मितानिन बहनें सही मायनों में गांव की स्वास्थ संबंधी जानकारी देकर सभी का ख्याल करते हुए साथ मिलकर कार्य करती है हम सबको इनका सम्मान करना चाहिए, सरपंच राजू मानिकपुरी ने सभी मितानिनों का अभिनंदन करते हुए उन्हें श्रीफल एवम साड़ी भेंटकर सम्मानित किया और सभी को बेहतर तरीके से आगे भी कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ग्राम पंचायत के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जय गुरुदेव ट्रेडर्स व आस्था ट्रेडिंग में जूटमिल पुलिस की दबिश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के चौकी जूटमिल क्षेत्र में केन्ट आर.ओ. वाटर प्युरीफायर कम्पनी के नकली पार्ट्स बेचे जाने की शिकायत लेकर कम्पनी का फिल्ड अफिसर चौकी प्रभारी जूटमिल से मिला। जूटमिल पुलिस फिल्ड अफिसर के साथ दो दुकानों पर रेड कर नकली सामानों की जप्ती कर आरोपियों पर कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आर.के. कम्पनी में फिल्ड अफसर पद पर कार्यरत विशाल मंडल पिता स ारायन मंडल उम्र 28 वर्ष निवासी अनाथ बाबू बजार लेन कलकत्ता 06 02 दिसंबर को चैकी जूटमिल आकर चैकी प्रभारी उत्तम साहू से मिलकर उन्हें बताया कि हमारे कम्पनी ा्मदज त.व. `लेजमउ सजक. जों`जमत चनतपपिमत का पार्टस बनाता और बेचता है। कुछ फर्म कम्पनी को गलत साबित करने के लिये कम्पनी के नकली सामान बेचकर आम जनता और सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कम्पनी के फिल्ड अफिसर के साथ जूटमिल पुलिस स्टाफ आस्था ट्रेडिंग और जय गुरुदेव ट्रेडिंग जाकर छापेमारी किये, दुकानदारों के पास वाटर प्युरीफायर का नकली मिश्रण कर सामान बेचा जा रहा था। दुकान जय गुरुदेव ट्रेडर्स एवं आस्था ट्रेडिंग शॉप के संचालक आकाश अहिरवार तथा राकेश रुनवाल के मेमोरेंडम कथन के आधार पर केंट इनलाइन सेंटीमेंट फिल्टर 11 नग, केंट आर ओ मेंब्रेन 27 नग, केंट कार्बन फिल्टर 23 नग, केंट डिजाइन की बॉडी 4 नग कुल करीब 95,000 का सामान को जप्त किया गया है। आरोपी आकाश अहिरवार पिता एम. एल. अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 18 थाना चकरनगर हाल मुकाम जय गुरुदेव ट्रेडर्स विश्वासगढ़ चर्च के पास चैकी जूटमिल तथा राकेश रुनवाल पिता स्वर्गीय एम.एल. रुनवाल उम्र 36 वर्ष मोदीनगर बोइरदादर थाना चकरनगर के विरुद्ध चैकी जूटमिल, थाना कोतवाली में 63 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को आज रिमांड पर भेजा गया है।

जैन मुनि जी महाराज का नैला जांजगीर में हुआ प्रवास

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

चर्या शिरोमणि अध्यात्म योगी पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 सद्भाव सागर जी महाराज जशपुर नगर में चातुर्मास करने के पश्चात रायगढ़ खरसिया शक्ति होकर 1 दिसंबर को नैला पहुंचे जैन समाज ने उनकी गाजे बाजे के साथ अगवानी की पूज्य मुनि श्री के 1 दिसंबर को आहार चर्या विकास जैन एवं हर्ष पाटनी जांजगीर के घर पर होने के पश्चात दोपहर 2:00 बजे भव्य शोभायात्रा के रूप में पूज्य मुनि संघ का नैला जैन मंदिर में शाम 5:00 बजे आगमन हुआ गुरु भक्ति आचार्य भक्ति के पश्चात णमोकार चालीसा का पाठ सभी भक्तों के द्वारा लयबद्ध गाया गया पूज्य मुनि श्री के 2 दिसंबर की आहार चर्या सुशील कुमार जैन एवं यंत्र कुमार जैन के घर पर हुई पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में विश्व शांति हेतु मूलनायक भगवान महावीर स्वामी विधान का आयोजन किया गया उक्त विधान में सौधर्म इंद्र यंत्र कुमार जी जैन एवं कुबेर की भूमिका में सुशील कुमार जैन अध्यक्ष जैन समाज नैला बने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पाण्डुक शिला में विराजमान कर बबलू जैन नवापारा राजिम को शांति धारा करने का सौभाग्य मिला पूज्य मुनि श्री के तीन दिवसीय प्रवास में प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे शांति धारा एवं दो प्रवचन तथा शाम 6.30 बजे आचार्य भक्ति, प्रवचन, णमोकार चालीसा का पाठ करने के पश्चात शंका समाधान एवं भजन किया गया, पूज्य मुनि संघ के द्वारा सर्व समाज नैला को धर्म सभा के रूप में संबोधित किया गया पूज्य मुनि श्रीसुयश सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि दृष्टि पवित्र है तो सृष्टि पवित्र है गुरुओं की प्रज्ञा कारिणी दृष्टि से शिष्य और भक्त आत्म उन्नति को प्राप्त होता है गुरु परीक्षा के द्वारा योग्यता को परखते हैं शिष्य उस योग्यता में अपने आप को निपुण पाते हैं। सुनना भिन्न विषय है सुनकर समझना भिन्न विषय है एक का अर्थ शब्दों के अर्थ को जानना और एक का अर्थ सुनने के पश्चात जो जीवन में चरितार्थ हो पूज्य मुनि ने कहा कि दृष्टि जैसी होती है वस्तु वैसी ही दिखाई देती है एक वस्तु को जानने वाले अनेक दृष्टियां हैं दृष्टि अच्छी है तो वस्तु अच्छी दिखती है और यदि आपकी दृष्टि खराब है तो अच्छी वस्तु भी खराब दिखाई देती है पूज्य मुनिश्री ने कहा कि साधु किसी समाज विशेष के नहीं होते हैं।

जेएलएन कॉलेज में एड्स जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

एड्स को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाना जरूरी : देवेंद्र शुक्ला

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के दिशा-निर्देशन में शक्ति के जेएलएन कॉलेज में गठित रेड रिबन के तत्वधान एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में एड्स जागरूकता तथा एचआईवी को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं के बीच एड्स जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतिस्पर्धाये भी संपन्न हुई, जिसमें प्रमुख रुप से निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता,प्रमुख थी, एवं सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ अपनी भागीदारी करते हुए अपनी शानदार प्रस्तुति दी, तथा महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं के बीच उन्मुखीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर मेघनाथ जायसवाल, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ देवेंद्र शुक्ल एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नारायण उपाध्याय ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया, तथा इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ देवेंद्र शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स पूरी दुनिया में संक्रमण से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है, जिसे सरल भाषा में हम सभी एचआईवी के नाम से भी जानते हैं, एवं आज पूरे देश में एड्स जागरुकता को लेकर शासन द्वारा विभिन्न प्रकार से जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, तथा समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से सार्वजनिक स्थानों पर भी एड्स जागरूकता संबंधी संदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाते हैं, एवं हम सभी को भी मिलजुलकर इस एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों को जागरूक करने की दिशा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है, वहीं इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मेघनाथ जायसवाल, महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नारायण उपाध्याय ने भी इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी इस एड्स जागरूकता सप्ताह के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम भी आने वाले दिनों में लोगों को इससे होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को देखते हुए लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे, एवं इस दिशा में अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए शासन- प्रशासन के भी इस जागरूकता कार्यक्रम में निरंतर सहयोग करेंगे, कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक निर्मला राठौर ने करते हुए विस्तार पूर्वक महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए इस समस्त कार्यक्रमों में उपस्थिति हेतु छात्र/ छात्राओं का आभार व्यक्त किया, तथा सदैव इसी तरह इसी उत्साह के साथ कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी करने का आग्रह किया, तथा इस दौरान महाविद्यालय की ओर से बताया गया कि आगामी 9 दिसंबर को एड्स जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आयोजित समस्त प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण किए जाएंगे तथा इस दौरान सभी छात्र/ छात्राएं अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित रहे, उल्लेखित हो की शक्ति के जेएलएन कालेज में समय-समय पर निरंतर शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन होता है, एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर तथा छात्र-छात्राएं भी निरंतर समस्त कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन में अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

लैलूंगा क्षेत्र के जंगलों में जगह बदल बदल कर हो रहा 52 परी का खेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जुआ, सट्टा, अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध ऑपरेशन क्लीन चलाने के निर्देश दिये हैं। इसके बावजूद लैलूंगा थाना क्षेत्र के जंगलों में जुआ खिलाने वाले जुआडियांन को इकट्ठा कर जंगल में जगह बदल-बदल कर जुआ खिलवाने में मस्त हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के कोडासिया, राजपुर, चैरंगा, सलखिया के जंगलों में दिन के उजाले में 52 परी का खेल बेखौफ चल रहा है। जुआ के कारोबार चलाने वालों को किसी भी प्रकार से कोई डर ना भय नहीं है जब स्थानीय पुलिस के जानकारी में चल रहा जुआ का कारोबार तो डर किस बात की ये बोलना गलत नहीं होगा। लैलूंगा थाना क्षेत्र में प्रेस की टीम को देखर स्थानीय ग्रामीणों ने जुआडियों के बारे में कुछ बोलने लगा उसके बाद प्रेस की टीम ने भी ग्रामीण की बात सुनकर पूछ ताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि दिन के 11 से 12 बजे चालू होकर शाम के 5 बजे तक इस इलाके के जंगल मे प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों में जंगल में जुआ का खेल चलते रहता है। जुआडियों को स्थानीय ग्रामीण अगर कुछ बोल देंगे तो जुआडियों द्वारा खुद बोलने लगते हैं कि हमारा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। क्योंकी हमारा तो सीधा लैलूंगा थाना प्रभारी से सेटिंग है। हर चीज को थाना वाले जानते हैं तभी तो हम लोग दिन दहाड़े प्रत्येक दिन लैलूंगा थाना क्षेत्र के जंगलों में जगह बदल-बदल कर जुआ का खेल खेलवाते रहते हैं और हमे बोलने वाले कोई भी नहीं तभी ग्रामीण ने भी कहां सही बोल रहे हो भाई बोलकर चले जाता हैं। जिन जगहों पर जुआ का खेल चलता है उस जगह से लैलूंगा थाना की दूरी महज 10 से 15 की लो मीटर ही होगी प्रत्येक दिन इन्ही जंगलों में जगह बदल-बदल कर अवैध जुआ जैसे कारोबार को फलने फूलने देना स्थानीय पुलिस और जुआडियों की बीच सांठगांठ की ओर इशारा करता है। बिना सांठगांठ का जुआ चल पाना मुमकिन ही नहीं है।

युवा उत्सव में पहुंचे विधायक विनय भगत स्वागत प्रस्तुति में खुद भी बजाया नगाड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ मनोरा
www.dailypioneer.com

विकास खंड स्तरीय युवा उत्सव में स्कूली छात्र छात्राओं का बेहद खूबसूरत तरीके से प्रस्तुति देख विधायक भी मंत्रमुग्ध हो गए। जशपुर विधायक विनय कुमार भगत उपस्थित महोत्सव के मुख्य अतिथि थे। युवा उत्सव में छात्रों ने विधायक को सांस्कृतिक गीत गाते हुए उनका स्वागत किया। और विधायक बच्चों की नाचगान को देख स्वयं भी नगाड़ा बजाकर नाचने लगे। विधायक ने अपने पुराने अंदाज में नगाड़ा बजाया। उत्सव में उपस्थित सभी शिक्षक और ग्रामीण भी नाचने लगे। विधायक के नगाड़ा की थाप पर छात्र छात्राओं के साथ बीईओ, बीएआरसी, सीईओ टीचर शिक्षक और ग्रामीण भी झूम उठे।

उत्सव में कई नृत्य रहे शामिल

लोक नृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक, एकल शास्त्रीय गायन, एकल वाद्य वादन, हारमोनियम सुगम वादन, गिटार वादन, शास्त्रीय नृत्य, वक्तृत्व कला, रॉक बैण्ड, भौरा लट्टू आदि।

छात्राओं ने दी सुन्दर नृत्य प्रस्तुति

स्कूली बच्चे के द्वारा यह नृत्य में सुआ, पंथी, करमा नाच, सरहुल नाच, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाच, फुगड़ी, गेड़ी दौड़ चाल का बच्चों ने बखूबी से नृत्य किया और लोगों ने आनंद लिया।

राज्य स्तरीय पर होंगे सम्मानि

मनोरा में रॉक बैंड, पारम्परिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद - विवाद,क्विज,निबंध कबड्डी,खोखो, अतिथियों के सामने जबरदस्त खेल प्रस्तुत किए। उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालों को राज्यस्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अंत मे विधायक द्वारा युवा उत्सव में नृत्य प्रस्तुत किए गए सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार भेंट किया गया। कार्यक्रम में उदित कुमार चौहान बीईओ मनोरा, तरुण पटेल बीआरसी मनोरा, आर.एस. पिल्ले मंडल संयोजक मनोरा, सूरज चौरसिया, बीडीसी दिनेश प्रधान, सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

20स्कूल के 359 प्रतिभागी शामिल

सांस्कृतिक गतिविधियों में 20 स्कूलों के कुल 359 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । युवा उत्सव के कार्यक्रम का संचालन मनोरा बीईओ और बीआरसी के द्वारा किया गया। विकास खण्ड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मुख्य रूप से 18 विधा शामिल थे जो प्रथम एवं द्वितीय एवं तृतीय सेक्शन में विभाजित था। इस उत्सव में कुल 16 प्रतियोगिता आयोजित हुए।

जांच चौकियों को नहीं मिले स्पष्ट दिशा-निर्देश, अब यहां किसान हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं। इसलिए चेकपोस्ट से गुजरने वाले किसानों से उनकी कृषि उपज के बारे में जानकारी ली जा रही है। परेशानी उन किसानों को हो रही है जो अपनी उपज, कृषि उपज मंडी में बेचना चाहते हैं। परेशानी और किसान, अब एक ही सिक्के के दो पहलू बनते जा रहे हैं। मानसून, बोनी, खाद-बीज से लेकर धान बेचने के बाद, भुगतान तक के हर चरण में जैसी दिक्कत का सामना किया जा रहा है, वह केवल हताशा ही पैदा कर रही है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने अवैध बिक्री पर रोक के लिए बने चेकपोस्ट अब ऐसे किसानों के लिए परेशानी की वजह बन रहे हैं, जो अपनी उपज बेचने, कृषि उपज मंडी आ रहे हैं। विवशता है चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों की, इसलिए पूछताछ तो होगी ही क्योंकि ऐसे किसानों की निर्बाध आवाजाही के लिए साफ निर्देश, अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

संकट यहां के किसानों के लिए

प्रदेश की बड़ी कृषि उपज मंडियों में से एक भाटापारा कृषि उपज मंडी में बिलासपुर, कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा और दुर्ग जिले के किसानों की उपज हमेशा से आती रही है। जिले की सीमा पर स्थापित जांच चौकियां, अब इन जिलों के ऐसे किसानों के लिए सिरदर्द बनती जा रही हैं, जो अपनी उपज बेचने आना चाहते हैं।

विवशता इनकी भी

अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सीमा पर बनी जांच चौकियों में जिन कर्मचारियों को तैनात किया गया है, उनकी विवशता यह है कि जांच को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश अब तक नहीं मिले हैं। लिहाजा उन्हें कृषि उपज लेकर जिले में प्रवेश कर रहे हर वाहन की जांच करनी पड़ रही है। संदेह होने पर उपर के अधिकारियों से निर्देश मांगे जा रहे हैं। ऐसे में किसानों की तरह उनकी भी विवशता और परेशानी समझी जा सकती है।

बीते बरस ऐसी थी व्यवस्था

बीते बरस समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के दौरान बनी ऐसी जांच चौकियों में कृषि उपज लेकर आने वाले वाहनों की जांच के दौरान किसान ऋण पुस्तिका साथ रखने के निर्देश थे। इसके अलावा संबंधित गांव के सरपंच व पंचायत सचिव द्वारा जारी पत्र, जिसमें ग्राम का नाम, कृषि उपज के स्थानीय होने की जानकारी का स्पष्ट उल्लेख करने के नियम थे। इस पत्र के आधार पर कृषि उपज मंडी के लिए परिवहन की अनुमति थी।

भुथिया में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुथिया में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम युवा समाजसेवी रुपेश कुमार द्वारा विभिन्न गांवों से आए दिब्यांगजनों जैसे बेटी खाई भोई, श्यामा प्रधान, राजकुमार भोई, रश्मिता प्रधान, संतोष बरीहा,कुल्लूढूंढा, प्रकाश सरवास, सतपथी सेठ, कुंडापाली तिलकचंद साहू ,अंकुश कैवर्त, सेमलिया ,कीर्तन ध्रुवल, रजनी स्वाई, मुडपहार,अनुसया यादव, अरविंद नाग ,सिरपुर ,फोकट लाल ,कनपला,गरुण बरिहा राजाडीह, प्रमोद भोई, मोहगाव, राजकुमार कन्हेर,प्रकाश,जंगलबेढा, अभी, देवराज बरीहा,सनातन यादह्यह्यव,भुथिया, आदि का माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

युवा समाजसेवी रुपेश कुमार ने कार्यक्रम आयोजन कर्ता सुरेन्द्र नंद एवं समस्त ग्रामवासी भूथिया के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, धन्यवाद के पात्र हैं समस्त ग्रामवासी जिन्होंने गत वर्षानुसार अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन कर दिव्यांग जनों का सम्मान किया जा रहा है । रुपेश कुमार द्वारा आगे कहा गया कि दिव्यांग जनों की सहयोग के लिए में सदैव तत्पर रहूंगा। गौरतलब हो कि युवा समाजसेवी रुपेश कुमार द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण काल की विषम परिस्थिति में लगातार गरीब, असहाय ,कमजोर वर्ग के लोगों को आवश्यक राशन सामग्री, तथा ठंड से बचने के लिए शाल ,कंबल ,चादर प्रदान कर सहयोग किया जा रहा है। अन्य व्यक्तियों द्वारा भी दिब्यांगजनों का सहयोग किया गया है । कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से प्रहलाद कन्हेर, मोहन नंद, अविनाश छतर ,विक्की कुमार विशेष रूप से सरपंच उत्तर जगत एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भुथिया सहित समस्त ग्रामवासी भूथिया का सहयोग रहा।

नाबालिग को गलत कार्य के लिए उकसाती थी युवती

रायगढ़। थाना चक्र धरनगर क्षेत्र अन्तर्गत रहने वाले नाबलिग बालक के परिजन सारंगढ़ क्षेत्र की युवती पर उनके बालक को गलत कामों के लिये उकसाने तथा घर छोड़कर उसके पास भागकर आने का दबाव बनाने जैसी शिकायत बाल कल्याण समिति रायगढ़ में शिकायत किया गया था। शिकायत पत्र की काउंसलिंग पश्चात अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा युवती पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन भेजा गया, जिस पर आरोपिया के विरूद्ध धारा 108 भादवि एवं 11 (3)(4),12 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बालक के परिजनों ने बताया कि आफिस काम के लिए नवम्बर 2020 में युवती को काम पर रखे थे। युवती इनके घर भी आना जाना करती थी, इसी दरम्यान इनके घर के नाबालिग बालक से मोबाइल नम्बर लेकर उससे बातें करती और उसे गलत कार्य करने के लिये उकसाती थी। परिजन बताये कि दोनों को मोबाइल पर बातें करते देख युवती को काम से हटा दिये थे। उसके बाद भी युवती लड़के से सम्पर्क रखी थी। युवती वर्तमान में गुड़गांव दिल्ली में रहना बताती है।

घटने लगी आवक, बढ़ने लगे भाव, सरना महामाया और सफरी में 50 रुपए की आई गर्मी

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू। पहला असर कृषि उपज मंडी में कमजोर आवक और तेज कीमत के रूप में सामने आया। चालू और अगले माह भी स्थिति ऐसी ही बने रहने की संभावना है। समितियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की व्यवस्था, भले ही कई सवाल उठा रही हो लेकिन कृषि उपज लेकर मंडी पहुंच रहे किसानों को अब कीमत अच्छी मिलती नजर आने लगी है। पहला दिन, कमजोर आवक, के बाद तेज भाव के बीच शुरू हुआ। सरना उत्पादक किसानों को लगभग साल भर के इंतजार के बाद अच्छी कीमत मिली तो कमजोर आवक के बाद प्रतिस्पर्धा ने चावल और पोहा मिलों ने तेजी के बीच खरीदी की।

महामाया ने दिखाई तेजी

सर्वाधिक रकबे में खेती के बाद अब दो माह तेजी के बीच, पोहा मिलों को ऐसे ही दिन के साथ खरीदी करनी होगी क्योंकि महामाया धान उत्पादक किसानों का रुख अब उपार्जन केंद्रों की ओर हो चला है। 1480 से 1700 रुपए क्विंटल के बीच चल रहा महामाया धान अब प्रतिस्पर्धा के बाद 1500 से 1800 रुपए क्विंटल पर नीलाम हुआ। यह तेजी मंडी सूत्रों के मुताबिक जनवरी अंत तक बनी रहने की पूरी संभावना है।

उबलने लगा सफरी

80 और 90 के दशक में विदाई ले चुके सफरी धान ने अपनी वापसी फिर से खेतों में कर ली है। चावल मिलों के रुझान के बाद रकबा आहिस्ता-आहिस्ता बढ़त लेता नजर आने लगा है। ऐसे में कृषि उपज मंडी में भी आवक शुरू हो चुकी है। 1425 से 1450 रुपए क्विंटल पर नीलाम हुए सफरी में भी क्विंटल पीछे 50 रुपए की तेजी आ चुकी है। सरना और महामाया की भांति इसमें भी तेजी की पूरी संभावना बन रही है।

आवक हुई कमजोर

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के पहले दिन से कृषि उपज मंडी की आवक में लगभग 25 फीसदी गिरावट देखने में आई। लगभग 15000 कट्टा धान की आवक के बीच आने वाले दिन और भी गिरावट का संकेत दे रहें हैं। कीमत को लेकर जैसी संभावना व्यक्त की जा रही है, वह भी तेजी की धारणा को मजबूत कर रहें हैं।

लंबे इंतजार के बाद सरना में गर्मी

1400 से 1450 रुपए क्विंटल पर पिछले कई माह से ठहरे हुए सरना में गर्मी आने लगी है। उपज की आवक का प्रवाह उपार्जन केंद्रों की ओर होने के बाद चावल मिलों को रोजाना की जरूरत के लिए बढ़ी हुई कीमत पर खरीदी करनी पड़ी। समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद कमजोर आवक के बीच सरना की नीलामी 50 रुपए की तेजी से शुरू हुई। 1450 रुपए से 1490 रुपए क्विंटल की नई कीमत के बाद संभावना तेजी की ही बनी हुई है।

जिला स्तरीय बालीबाल रसाकस्सी तैराकी खेल आयोजित

मुंगेली। खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बालीबाल रसाकस्सी तैराकी खेल आयोजित किया जिसमें लोरमी पथरिया मुंगेली के महिला खिलाड़ी भाग लिए जिसमे रस्साकसी में विजेता लोरमी टीम, उपविजेता पथरिया टीम वॉलीबॉल में विजेता मूँगेली टीम , उपविजेता लोरमी टीम की बालिका रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर रही कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बर्नजी विशिष्ट अतिथि मनमोहन सिंह क्षत्री जिला अध्यक्ष कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल मुंगेली जिला पंचायत सदस्य वशिउल्लाखान नितेश पाठक जिला अध्यक्ष भाजपा मोहन मलाह उपाध्यक्ष नगर पालिका मुंगेली बलदाऊ साहू अध्यक्ष जिला खेल अधिकारी विजय वर्मा ब्लाक नोडल अधिकारी रामभजन देवांगन सर सुबोध सिंह अशोक यादव रीना चंद्रवंशी जलेश यादव सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे जिसमे सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को इनाम वितरण किया।

सोशल मीडिया में उपजा विवाद, घायलों के घर तक पहुंचे आरोपी किया चाकू से हमला कर हुआ फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भखारा ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष के बेटों पर किसी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, इसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।घटना के बाद फरार हुवे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। भखारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिंगदेही निवासी ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष गोपी किशन साहू के बेटे ऋषभ साहू और डिग्गू अपने घर में आराम कर रहे थे। इस दौरान रात करीब 9:30 बजे कुछ युवकों ने उसे जरूरी काम होने का हवाला देते हुए उसे घर से बाहर बुलाया और बाहर आने पर युवकों ने ऋषभ और डिग्गू पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को बठेना अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि इसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

वाहन को भी जब किया गया

पुलिस ने बताया कि आरोपी गुलशन के पास से एक बटंची चाकू व एक मोटरसाइकिल। इसी तरह धनराज उर्फ बुग्गी के पास से एक धारदार चाकू तथा आरोपी शुभम के पास से कार जप्त कर लिया गया है।

पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि आरोपी गुलशन गर्ग पिता गणेश्वर गर्ग उम्र 21 साल पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक भखारा, राजा उर्फ राजकुमार साहू पिता छगन साहू उम्र 18 वर्ष पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक वार्ड नंबर-6 भखारा, कृष्णकांत साहू पिता रामचंद्र साहू उम्र 20 साल पुराना बाजार चौक भखारा, धनराज यादव उर्फ बुग्गी पिता दीपक यादव उम्र 19 साल भाटापारा तथा शुभम कुमार साहू पिता स्वर्गीय सुनील साहू उम्र 24 वर्ष महावीर चौक भखारा के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

भखारा के दो युवकों पर कुछ युवकों ने धारदार चाकू से हमला कर घायल किया है। इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।
संतोष जैन, टीआई भखारा

डेढ़ किलो अवैध गांजा के साथ कुनकुरी पुलिस ने बिक्री करने वाले दंपत्ति को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दंपत्ति को कुनकुरी पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कुनकुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुहैल खान एवं उसकी पत्नी शरीफुन निशा दोनों मिलकर कुनकुरी आदर्शनगर, सुकबासुपारा गड़ाकटा में पुड़िया-पुड़िया बनाकर गांजा बेच रहे हैं जिससे छोटे बच्चे नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं, सूचना पर कुनकुरी पुलिस शुक्रवार को सुहैल खान व उसकी पत्नी को पकड़ने के लिए ग्राहक बनाकर भेजा गया जो सुहैल खान के घर में गांजा का होना पाया गया जिस पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा सुहैल खान व उसकी पत्नी शरीफुन निशा निवासी-बेन्दरभदरा के घर की तलाशी ली गई जहॉं से डेढ़ किलोग्राम गांजा जप्त किया गया एवं आरोपियों के विरूद्ध अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने के अपराध में थाना-कुनकुरी में मादक पदार्थ की धारा अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी1. सुहैल खान उम्र 48 वर्ष व 2. शरीफुन खान उम्र 38 वर्ष निवासी-बेन्दरभदरा थाना-कुनकुरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही व अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त करने तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी कुनकुरी उप निरीक्षक भास्कर शर्मा, स0उ0नि0 बैजन्ती किण्डो, आरक्षक प्रमोद रौतिया, विनोद तिर्की, रूद्रमणी यादव, युधिष्ठिर यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अज़ीम प्रेमजी विवि में आवेदन की अंतिम तिथि 7 दिसंबर

कक्षाएं जुलाई 2022 से शुरू

रायपुर। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा फुल टाइम, आवासीय (रेसीडेन्शियल) स्नातक कार्यक्रम 2021 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में उपलब्ध है और पूर्वकालीन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 दिसंबर, 2021 है। स्नातक कार्यक्रम की कक्षाएं जुलाई 2022 से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय के स्नातक कार्यक्रमों में शामिल कोर्स हैं- 3 वर्षीय बी.एससी. फिज़िक्स, जीवविज्ञान या गणित और बी.ए. अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र या इतिहास। 4 वर्षीय बी.एससी. बी.एड. डुअल डिग्री, विज्ञान और शिक्षा - भौतिकी, बायोलॉजी या गणित और शिक्षा में विशेषज्ञता के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 7 दिसंबर 2021 एवं प्रवेश मध्य अप्रेल 2022 होगी। प्रवेश परीक्षा की तिथि 19 दिसंबर 2021 एवं नियमित प्रवेश मध्य मई 2022 होगा जबकि साक्षात्कार प्रक्रिया 19 फरवरी 2022 एवं नियमित प्रवेश जून 2022 रहेगा। विदित हो कि तिथियां में फेरबदल संभव हो सकता है । इच्छुक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बरगूंट्टी गाँव, सरजापुर होबली, अनेकाल तालुक, बेंगलुरु, कर्नाटक-563000 एवं फोन नंबर आठ नौ सात एक आठ आठ नौ नौ आठ आठ पर संपर्क कर सकते हैं।

विश्व दिव्यांगता दिवस पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने दिखाया जौहर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांगता दिवस 3 दिसंबर को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जरहागांव में आयोजित हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने हेतु 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान जरहागांव में विभिन्न प्रकार के खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य इन बच्चों की प्रतिभा का सम्मान एवं उनके कौशलों को उचित मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा बच्चों द्वारा भाग लिया गया। श्रवण बाधित बच्चों का 100 मीटर दौड एवं जलेबी दौड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान समीर प्राथ.शाला पचोटिया, कु. आकांक्षा मा.शाला पुछेली, द्वितीय स्थान दशरथ प्राथ.शाला कोसमा, रुबी यादव प्राथ. शाला हथनीकला, तृतीय स्थान सुनील प्राथ. शाला गैंजी, पूजा मा.शाला जरहागांव, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुनील प्राथ. शाला गैंजी, कु. कामिनी मा.शाला गैंजी, रुबी यादव द्वितीय स्थान समीर प्राथ. शाला पचोटिया, आकांक्षा मा.शाला पुछेली, तृतीय स्थान दशरथ प्राथ.शाला कोसमा, नीतू मा.शाला जरहागांव कुर्सी दौड में संजना पचोटिया , सरस्वती धनगांव गो. द्वितीय स्थान मनोहर प्रा.शाला हरदी, शिल्फी मा.शाला जरहागांव तृतीय महेन्द्र कुमार प्राथ.शाला गैंजी, कामिनी मा.शाला गैंजी, मटका फोड में रुबी यादव प्राथ.शाला हथनीकला, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पूजा साहू मा.शाला धनगांव गो. द्वितीय सरस्वती मा.शाला धनगांव गो. तृतीय चमेली मा.शाला बरछा सामुहिक नृत्य में पायल, अंकिता, दिव्यांशी, डिम्पल, गरिमा एवं सौम्या आदि का चयनित हुए । सभी बच्चों को अतिथियों के हाथों से पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ.प्रतिभा मण्डलोई विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली, अशोक कश्यप एपीसी मुंगेली, रामचन्द्र साहू ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, माया मनहरण जायसवाल जनपद सदस्य जरहागांव, धीरसिंग बंजारे सरपंच जरहागांव, सदाराम कश्यप अध्यक्ष शाला विकास प्रबंध समिति, डी.सी.डाहिरे खण्ड समन्वयक, उमेश कश्यप सीएसी फरहदा,महेश आहूजा सीएसी जरहागांव, गौकरण डिंडोले सीएसी सेमरचुवा,शत्रुहन साहू सीएसी दशरंगपुर, खिरेन्द्र साहू सीएसी कोना, होनहार वैष्णव सीएसी बरेला, दिनेश मिश्रा प्रधानपाठक, रामकुमार सार्थी प्र.प्रधानपाठक जरहागांव, सतीश साहू सीएसी धनगांव गो.,संजीव सक्सेना बीआरपी, प्रिया यादव बीआरपी, रवि लहरे प्र.बीआरपी , धर्मेन्द्र कश्यप धनगांव गो., संजय साहू, सुरेश कश्यप, दीपचंद जायसवाल, बलीराम साहू, अनिल जायसवाल, विजय सेन, भागवत साहू, शरद पाण्डेय, खुमेश्वर सोनवानी, प्रमोद ध्रुव प्रधानपाठक, अनिता साहू, अनसूईया जायसवाल, रजनी कश्यप, फुलेश्वरी रात्रे , राजाराम कश्यप, नरेश कश्यप, आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

नव युवा जागरण प्रतिष्ठान ने मनाया विश्व एड्स दिवस

जशपुरनगर। एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही नव युवा जागरण प्रतिष्ठान संस्था के द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के सदस्यों ने बताया कि जागरूकता ही एड्स जैसी गंभीर बीमारी का उपचार है। बचाव के लिए बनाए गए नियमों का पालन करें और अपने व परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल करें।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या: सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-21-22-18 **दिनांक:** 29.11.2021
कार्य : विद्युत (सा) काम का हिस्सा-(1) मरौदा में ट्रैक मशीन स्टेब्लिंग साइडिंग का प्रावधान, (2) रीसेप्सन यार्ड भिलाई में वेल्डिंग सुविधा का विस्तार, (3) रायपुर में आरपीएफ के लिए जेसीओ मेस का निर्माण, (4) डीपीएच, बीवाईएल, बीवाईटी, एचएन, एसएलएच, एसजेडबी, बीआईए और बीक्यूआर में मौजूदा ट्रैक मशीन स्टेब्लिंग साइडिंग में सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 22,29,719/- **बयाना राशि:** शून्य। **निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक 29.12.2021 को 11.45 बजे तक, विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.) एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)
दपूम.रेलवे / रायपुर
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एपी/106
South East Central Railway @secrail

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.
-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्रमांक 209/2021-2022
वार्ड का नाम - श. चूडामणि नायक वार्ड क्र. 38
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श. चुडामणि नायक वार्ड क्र. 38** वार्ड स्थित भवन/भूमि **15/38/B-7 लवकुश विहार 7/5 D/183** जो कि निगम अभिलेख में **श्री प्रबोध पांडे पिता सुधाकर पांडे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती संध्या पांडे पति स्व. प्रबोध पांडे** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.
-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्रमांक 210/2021-2022
वार्ड का नाम - पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 22** वार्ड स्थित भवन/भूमि **22/नया RPR814 F00851** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती अलफिया वाण पिता अख्तर हुसैन कादर अली** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री जुजर हुसैन पिता कैजार हुसैन** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

नपं अध्यक्ष के देवर की गाड़ी से रेत परिवहन, विधायक ने दिए कार्रवाई के आदेश

रेत से भरी माजदा को पकड़कर छुरिया डिपो में खड़ा किया गया

■ विधायक पति पर लगाया चालक से बदसलूकी का आरोप

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



वन परीक्षेत्र बाघनदी के जंगलों से अवैध रेत परिवहन का आए दिन मामला सामने आ रहा है। लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रही है। बताया जाता कि कुछ मामलों में कांग्रेस की सत्ता सरकार से जुड़े कांग्रेसी नेताओं का नाम सामने आ रहा है। आज ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जिससे सत्ता सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

नगर पंचायत छुरिया की अर्धयक्ष राजकुमारी सिनॅहा के देवर तरुण सिनॅहा की माजदा पर अवैध रेत परिवहन को लेकर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई विधायक छननी साहू द्वारा आदेश के बाद हुई है। वहीं वाहन मालिक ने विधायक पति चंदू साहू पर गाड़ी के चालक से बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका चालक रॉयल्टी चुकाकर ही रेत लेकर आ रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार जोब से रेत लेकर आ रहा माजदा वाहन (सीजी 08 एएम 3698) छुरिया नगर पंचायत के वन विभाग डिपो के पास डीजल खत्म होने के चलते सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक छन्नी साहू व उनके पति चंदू साहू का वहां से गुजरना हुआ। सड़क पर रेत से भरी वाहन को देखकर खड़ी माजदा के ड्राइवर से जानकारी लेने के बाद वन परीक्षेत्र अधिकारी को सूचना देकर वाहन का जांच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया।

इस पर छुरिया वन परीक्षेत्र डिप्टी रेंजर एवं वन समिति के सदस्यों द्वारा वाहन को छुरिया डिपो के अंदर रखा गया है। माजदा वाहन चालक से जब पूछा गया कि रेत कहां से ला रहे हो तो चालक ने बताया कि यह वाहन छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष के देवर का है और जोब क्षेत्र से रेत लेकर आया है। इसकी पुष्टि करने छुरिया वन परीक्षेत्र डिप्टी रेंजर व कर्मचारी वाहन चालक को अपने साथ मौके पर निरीक्षण के लिए ले जाया गयावहीं रेत से भरी माजदा किसी वर्मा के नाम से पंजीकृत है जिसका इंश्योरेंस और फिटनेस दोनों फेल दिखा रहा है। फिलहाल रेत से भरी माजदा को छुरिया वन डिपो में खड़ी कराया गया है। खबर लिखे जाने तक मौका निरीक्षण करने गए वन परीक्षेत्र डिप्टी रेंजर वापस नहीं पहुंचे थे।

> क्षेत्रीय विधायक के पति द्वारा मेरे ड्राइवर बीरसिंह उईके से गाली गलौज किया गया है।यदि मेरे गाड़ी मंर कोई अवैध परिवहन हो रहा है तो उसका कार्यवाही करनी चाहिए ना कि मेरे ड्राइवर से गाली गलौज।
>
> -तरूण सिन्हा

अपहरण एंव दुष्कर्म का आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

■ नाबालिग को हैदराबाद ले जाकर रह रहा था आरोपी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

पूर्व बगैर परिजनों को जानकारी दिए नाबालिक किशोरी को साथ ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और बहला-फुसला कर उसे तेलंगाना राज्य के अमीनपुर लेकर चला गया। यहां उसने नाबालिक से कई बार शारिरिक संबंध भी बनाए। पुलिस ने अमीनपुर से ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

बताया गया कि बीते 13 नवंबर को नाबालिक की मां ने पुलिस थाने में किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 12 नवंबर सुबह 10 बजे से उनकी बेटी उन्हें मिल नहीं रही। उन्होंने शंका जाहिर की थी कि कोई व्यक्ति उसे अपने साथ ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने छानबीन शुरु की। इसके बाद थाना स्तर पर टीम गठित कर दुर्ग, भिलाई,राजनांदगांव एवं सरहदी राज्य में लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान जानकारी मिली की। नाबालिग को ग्रामकमेरी थाना बाघनदी निवासी आरोपी अखिल उर्फ मुरारी मंडावी द्वारा हैदराबाद अमिनपुरतेलंगाना में ले जाकर रखा गया है। सूचना को पुख्ता करने के फौरन बाद टीम हैदराबाद निकल गई। थाना प्रभारी निरीक्षक शिवचंद्रा के नेतृत्व में टीम ने किशोरी को आरोपी अखिल उर्फ मुरारी मंडावी के कब्जे से बरामद किया और पूछताछकी गई। पूछताछ पर पीड़िता द्वारा आरोपी अखिल उर्फ मुरारी मंडावी के द्वारा बहलाफुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाना की बात कही गई। आरोपी के खिलाफ धारा366,376 (2) (ढ) भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर प्रदेशभर में होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष, बस्तर संभाग प्रभारी पवन मेश्राम ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 6 दिसंबर को परिनिर्वाण दिवस पर प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए संगठन ने मेश्राम को प्रदेश प्रभारी बनाया है।

आयोजन के संबंध में शनिवार को स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रवार्ता में मेश्राम ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष नवीन मारकंडेय के निर्देश पर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को बूथ, मंडल व जिला स्तर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर को पार्टी श्रद्धांजलि अर्पित करेगी।कार्यक्रम में पूर्व मंत्रीगण, वर्तमानव पूर्व सांसदद्वय, वर्तमान व पूर्व विधायकद्वय, बुद्धजीवी, शिक्षाविद्, भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहकर बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

मेश्राम ने कहा कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली स्थित उनके निवास में हुआ, जैसे ही इस बात की जानकारी आम लोगों को हुई, उनके निवास स्थान पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस हुजूम को देखकर गांधी परिवार और कांग्रेस इतने जोर से हड़बड़ाई कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर को राजघाट में स्थान नहीं दिया। इसकी मुख्य वजह थी कि अगर डॉ. भीमराव अम्बेडकर साहब को राजघाट में स्थान दिया गया होता तो आज गांधी परिवार और कांग्रेस का कोई नामलेवा नहीं होता।

भूपेश सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए दूसरों पर आरोप लगा रही : हिरेंद्र कुमार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू ने कहा है कि अवस्था के बीच भूपेश सरकार ने धान खरीदी प्रारंभ कर दी। सरकार किसानों के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं। पहले 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ की जाती थी उसे 1 दिसंबर कर दिया। इसके बाद भी सरकार किसानों के धान खरीदने के लिए बारदाना की व्यवस्था पूर्ण नहीं कर पाई। सरकार कहती है 25 परसेंट किसानों के बारदाने और 75 परसेंट बारदाना सरकार उपलब्ध कराएगी। लेकिन किसानों को 50 प्रतिशतबारदाना देना पड़ा।

हिरेंद्र ने कहा किप्रदेश सरकार सिर्फ केंद्र पर अरोप लगाती हैं। किसान 30 से 40 रुपए में खरीद रहे हैं। बाजार में व्यापारी केपास कट्टा उपलब्ध है लेकिन सरकार के पास नहीं। यह आश्चर्यजनक है। अगर सरकार वास्तव में किसान हितैषी है तो सोसाइटी के माध्यम से किसानों को बारदाना उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सरकार ने बारदाने की दर 25 रुपए करने की घोषणा की है लेकिन यह नाकाफी है। पहली बात तो यह भी कि पहले किसानों द्वारा दिए बारदाने के दाम अब तक किसानों को नहीं मिले हैं।

भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की चिंता करते हुए पेट्रोल और डीजल पर वेट टैक्स कम किया और किसानों को राहत दी। इसलिए केंद्र सरकार ने पेट्रोल में 5 और डीजल में 10 रुपएकम किए थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी कहां कि हम हिंदुस्तान के पूरे प्रदेशों में से कम डीजल और पेट्रोल की रेट कम करेंगे और किसान मजदूर व्यापारी इंतजार कर रहे थे किलेकिन इसका नतीजा सिर्फ ही रहा। पेट्रोल में 77 पैसा और डीजल में एक रुपए 44 पैसा कम कर लोगों से मजाक किया गया। लगातार खुद को किसान पुत्र बताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और इनकी कथित किसान हितैषी सरकार आम लोगों, किसानों की परेशानियों का मजाक उड़ा रही है।

सरकार की शक्ति से नहीं होगी समाज व धर्म की रक्षा

■ कनिष्ठ शंकराचार्य ने बताया धर्म के लिए त्याग को अहम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के साकेत धाम परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीरामकथा में कथा प्रवक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू जागरण परिषद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण न्यास अयोध्या अनंतविभूषित कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीआत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने धर्म के लिए त्याग के महत्व को समझाया। उन्होंने गौ, गंगा व गीता पर तर्कपूर्ण व्याख्यान देते हुए धर्म के रक्षार्थ आगे आने आव्हान किया।

पूज्य महाराज ने गौ, गंगा एवं गीता पर विस्तार से बताया कि जब तक राष्ट्र में गो की रक्षा नहीं होगी गीता का सम्मान नहीं होगा, गंगा में स्वच्छता नहीं होगी, तब तक देश में शांति नहीं हो सकती है। देश में शांति स्थापित करना है, तो पहले गांव की रक्षा करना होगा। उन्होंने कहा कि गांव की रक्षा सरकारों के बल पर नहीं हो सकती। जब तक समाज का मन गौ रक्षा पर नहीं लगता है, तब तक गौ रक्षा होना संभव ही नहीं है। समाज को चाहिए कि गौ की सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े आश्रमों में गौशालाओं में तन मन धन से सहयोग कर गौशालाओं को संबल प्रदान करें। कनिष्ठ शंकराचार्य ने कथा के माध्यम से धर्म का महत्व समझाते हुए बताया कि राम बनवास का अभिप्राय है। मानवता के लिए परमात्मा राम ने धरातल पर आकर के समाज को शिक्षा दिया कि धर्म की रक्षा के लिए सिंहासन त्यागना पड़े, पद त्यागना पड़े, परिवार को त्यागना पड़े, तो त्याग देना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब तक जीवन में त्याग नहीं होगा, तब तक धर्म की स्थापना नहीं हो सकती है।

रेवाडीह वार्ड में मनाया गया मितानिन दिवस

राजनांदगांव। रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 राजनांदगांव में विगत दिनों वार्ड पार्षद एवं कनिष्ठ सभापति नगर पालिक निगम गामेन्द्र नेताम के नेतृत्व में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया।उपस्थित मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पार्षद द्वारा साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल मे जब लोग घरों में कैद थे तब हमारी मितानिन दीदियों ने अपने जान की परवाह किये बगैर अपने जान जोखिम में डालकर कोरोना पीड़ितों की सेवा में लगे रहीं। इनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जितेन्द्र कौशिक, वार्ड अध्यक्ष उमेश राजपूत, ठाकुरराम साहू, दौलत साहू, मितानिन प्रेरक सुरुज बाई, निर्मला साहू, मितानिन सुमरित बाई, ज्योति यादव, कान्ति ठाकुर,सरिता सोनकर, गिरजा साहू, उर्मिला बाई, माधुरी साहू, शकुन बाई, रजनी निषाद, बसन्ती मंडावी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डिलेश्वरी नेताम एवं वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

नगर पंचायत गंडई में मितानिन दीदीयों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत गंडई में गत दिवस 11 मितानिन दीदीयों को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कोरोना काल मे उनके द्वारा सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में विगत 18 वर्षो से स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीण एवं नगरीय वार्डो के पारा एवं मोहल्ला में मितानिन दीदीयों का सराहनीय योगदान रहा है। राज्य में प्रत्येक वर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया जाता है। नगर पंचायत गंडई में मितानिनों द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए वार्डो में टीकाकरण कराने के सम्बंध में सर्वे कर शासन को प्रेषित किया था साथ ही जिला कलेक्टर के आदेशानुसार नवम्बर एवं दिसंबर के टीकाकरण महाभियान में शत-प्रतिशत वैक्सिनेशन कराने के लिये लोगों को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

जिसके तारतम्य में गत दिवस नगर पंचायत गंडई के सभागृह में 11 मितानिन/एमडी एवं मैनेजर, मितानिन कार्यक्रम छुईखदान ब्लॉक को नगर उपाध्यक्ष द्वारा साल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर उपाध्यक्ष जाबिद खान ने मितानिनों का सम्मान करते हुए उनको प्रतिमाह मानदेय राशि दिए जाने की मांग की है। कार्यक्रम का सफल संचालन निकाय के कर्मचारी कमल किशोर नेताम ने किया। इस समय निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, सीएमओ तथा निकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय गंडई में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम

गंडई पंडरिया। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नार्को स्वास्थ कल्याण एवं स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के स्वतंत्रता के 75वी वर्षगाठ की उपलक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के माध्यम से राज्य में न्यू इंडिया जागरूकता अभियान के तहत नगर के पं.देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन.एस.वर्मा ने किया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गंडई के परामर्श दाता हिमाचल वर्मा व स्टाफ और साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक ए.के. श्रीवास्तव ने विश्व एड्स दिवस पर अपने विचार व आभार प्रकट किया।

मौलिक हिन्दी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत साहित्यकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को मिला दिल्ली में पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < गंडई-पंडरिया
www.dailypioneer.com

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की संस्कृति विषयक मौलिक हिन्दी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत साहित्यकारों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई थीं। जिसमें वर्ष 2020 के लिए छत्तीसगढ़ के सुपरिचित साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉ.पीसी लाल यादव की पुस्तक ÷छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति÷ को चयन समिति द्वारा मानक के अनुरूप चयनित किये जाने पर सँस्कृति मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया गया।

विगत 2 दिसंबर को केन्द्रीय ग्रन्थालय के सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में केन्द्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के लेखक डॉ.पीसी लाल यादव को पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया।इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय के अवर सचिव, संयुक्त सचिव संजुक्ता मुद्गल, निदेशक राजभाषा डॉ.आर.रमेश आर्य,चयन समिति के सदस्य डॉ.हरि सिंह पाल के साथ ही मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी व संगीत नाटक अकादमी नईदिल्ली के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की प्रशंसा की और अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के अनुभवों को साझा करते हुए कहा-छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।उनके इस कथन पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने लेखक डॉ.पीसी लाल यादव के रचनाकर्मकी प्रशंसा करते हुए शुभकामनायें व्यक्त की औरआगे भी साहित्य व संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करते रहने के लिये प्रेरित किया। डॉ.पीसी लाल यादव की इस उपलब्धि पर अनेक इष्ट मित्रों, साहित्यकारों व लोक कलाकारों ने बधाईयाँ देकर हर्ष प्रकट किया है।

राधेश्याम सिंह राजपूत का निधन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कौरिनभाठा निवासी सेवा निवृत्त प्र.श्रे.लि. राधेश्याम सिंह राजपूत का शुक्रवार की शाम 5 बजे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को उनके निज निवास से निकली जिसमें सामाजिक जन, उनके सहकर्मी, मित्र व शुभचिंतकों सहित शहर के नागरिक शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान मुक्तिधाम में शोक सभा में स्व. राजपूत को श्रद्धांजलि दी गई। उन्हें करीब से जानने वाले और सामाजिक जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे राजपूत का स्वभाव सरल रहा, वे सदैव अपने सिद्धांतो पर ही चले और जमीन से जुड़े रहे। शासकीय सेवा में लंबा समय गुजारने वाले स्व. राजपूत काफी मिलनसार रहे। उनके सहकर्मी भी उनके उन्हें याद करते हुए भावुक हो गए। सभी ने भगवान से स्व. राजपूत के परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थन की।

एसएसपी का तबादला और स्वास्थ्य मंत्री के समर्थक पर एट्रोसिटी का मामला दर्ज होना महज संयोग मात्र है?

शहर की राजनीति गरमाई ,बदले की राजनीति का आरोप

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को जैसे ही एस एस पी दीपक झा के तबादले की खबर आई उसके तुरंत बाद स्वास्थ्य मंत्री के समर्थक पंकज सिंह के खिलाफ 2 माह 20 दिन पुराने मामले में एट्रोसिटी एक्ट के तहत भी अपराध दर्ज कर लिया गया। पंकज सिंह जमानत पर है मगर सिविल लाइन टी आई ने उसको शीघ्र गिरफ्तार करने का बयान भी दे दिया। अब इस मामले पर राजनीति छिड़ गई है। विगत 18 सितम्बर को एक परिचित और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता के इलाज को लेकर हो रही देरी पर पीड़ित पक्ष द्वारा पंकज सिंह को सूचित करना पड़ा। पंकज सिंह सिम्स पहुंचे और पूरे घटनाक्रम को सुनने के बाद टेक्नीशियन के साथ कथित मारपीट और गाली-गलौज की गई ऐसा आरोप है । मामले में

कांग्रेस नेता पंकज सिंह के खिलाफ सिटी कोतवाली पु,लिस द्वारा एट्रोसिटी एक्ट की धारा जोड़े जाने के बाद एक बार फिर से प्रदेश में राजनीति गर्म हो गई है। इसे बदले की कार्यवाही बताया जा रहा है।

सिम्स में रेडियोलॉजिस्ट तुला चंद तांडे द्वारा मरीज से सहयोग नहीं करने पर कांग्रेस नेता द्वारा दबाव बनाए जाने के खिलाफ सिम्स के कर्मचारियों ने लामबंद होते हुए घटना दिनांक को अर्थात एक माह 20 दिन पहले कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उस वक्त केवल मारपीट का आरोप लगाया गया था, जिसमें जातिगत आक्षेप की शिकायत नहीं थी। बावजूद इसके अब पंकज सिंह के खिलाफ एट्रोसिटी की धारा जोड़े जाने को नैतिक रूप से गलत बताया जा रहा है। 18 सितंबर की रात सिम्स में एम आर आई करने वाले टेक्नीशियन द्वारा तरह-तरह के बहाने बनाए जाने के बाद परिजनों ने कांग्रेस नेता पंकज सिंह को मौके पर बुलाया था । इनके द्वारा दबाव बनाए जाने पर मरीज का एम आर आई हो पाया था लेकिन होम करते पंकज सिंह ने अपने हाथ जला लिए और इस मामले में उनके खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज हो गया। इसके बाद कांग्रेसियों ने कोतवाली थाने पहुंचकर विरोध किया था। शहर विधायक शैलेश पांडेय भी कोतवाली थाना पहुंचकर विरोध व्यक्त किया था। कुछेक कांग्रेस नेताओ ने इशारो इशारो में बताया गया कि यह सब कार्रवाई कांग्रेस के दूसरे गुट के इशारे पर हो रही है। विधायक शैलेश पांडेय ने भी उस दौरान कहा था कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के करीबी होने की सजा वे भुगत रहे हैं। इस बार भी उन्होंने दबे शब्दों में इस कार्यवाही का विरोध करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। तो वहीं अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने इसे हैरान करने वाला मामला बताते हुए अब जोड़े गए एट्रोसिटी एक्ट को विलोपित करने की मांग की है।

दावा किया जा रहा है कि तक कोतवाली पुलिस ने इस मामले की जांच की। इसके बाद शुक्रवार को इस मामले में एट्रोसिटी एक्ट की धारा जोड़ी गई। इसके अलावा पंकज सिंह के खिलाफ धारा 294 और 323 का मामला भी पंजीबद्ध है। इसी मुद्दे पर 22 सितंबर को कांग्रेस के एक गुट ने कोतवाली थाने का घेराव किया था। दुःखद पहलू यह है कि मसानगंज निवासी चुट्टू अवस्थी के जिस भाई के उपचार के लिए यह पूरा प्रकरण हुआ उनकी कुछ दिनों बाद मौत हो गई थी लेकिन इस मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद पंकज सिंह ने अग्रिम जमानत ले ली है। अब इस मामले में एट्रोसिटी एक्ट जोड़े जाने के बाद उनकी गिरफ्तारी की संभावना भी बन गई है । यह मामला भले ही ऊपर ऊपर से पंकज सिंह का लग रहा हो लेकिन गहराई में यह कांग्रेस के उन दो गुटों के बीच की लड़ाई है जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में है। कहा तो यह भी जा रहा है कि बिलासपुर एसपी के तबादले के पीछे एक कारण यह हो सकती है।

सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया,कहा किसानों को कोई भी दिक्कत न हो



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने मोपका, महमंद और गतौरा धान खरीदी केन्दों का औचक निरीक्षण किया। किसानों के साथ उन्होंने बातचीत कर व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही खरीदी केन्द्रों में तैनात लोगों को धान तौल में पारदर्शिता के साथ काम करने को कहा। नायक ने बताया कि किसानों की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। सख्त कार्रवाई भी होगी। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक शनिवार को मोपका, महमन्द और गतौरा धाना खरीदी केन्द्र पहुंचे। इस दौरान उन्होने खरीदी केन्द्रों में मौजूद एक किसानों से विस्तार से बातचीत की । उन्होंने खरीदी केन्द्रों में तैनात कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसानों की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

दोषी पाए जाने पर किसी को नहीं बख्शा जाएगा। इस दौरान उन्होने धान नाप तौल करते समय पारदर्शिता रखने की बात भी कही। नायक ने किसानों से बातचीत कर आने वाली किसी भी समस्या को अवगत कराने को कहा। नायक ने बताया कि मोपका में धान बेचने पहुंचे ऐसे किसानों को जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर टीका भी लगाया जा रहा है। नायक ने कहा कि मोपका समेत महमंद में धान खरीदी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। नायक ने जानकारी दी कि गतौरा धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था में कुछ खामियां देखने को जरूर मिली है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सख्त निर्देश भी दिया गया कि यदि धान ख़रीदी मे किसी भी प्रकार लापरवाही मिलेगी तो कर्मचारियों को खामियजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। जिला सहकारी बैंक चैयरमैन ने बताया कि बारदाना की कमी नहीं है। किसानों को परेशान होने की जरूरत भी नहीं है। इस दौरान पुष्पेंद्र शर्मा रिंकू , प्रत्यूष तिवारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से रवि जायसवाल और ऋषि सिंह भी मौजूद थे।

पोषण बाड़ी योजना से आयी खुशहाली

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की पोषण बाड़ी योजना से कई परिवारों की बाड़ी लहलहा रही है। इससे उनके दैनिक जरूरत के लिए सब्जी आसानी से मिल जाती है। सब्जी बेचकर घर की कुछ जरूरते भी पूरी हो जा रही है। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलपान के संतोष मरावी और सुहागदास मानिकपुरी अपनी बाड़ी में उद्यानिकी विभाग की मदद से सब्जी लगा रहे हैं। संतोष मरावी ने बताया कि अपनी बाड़ी में उन्होंने भुटटा, सेमी, भिन्डी और लौकी लगाई है। उद्यानिकी विभाग की पोषण बाड़ी योजना के अंतर्गत उन्हें विभिन्न प्रकार की सब्जी किट निःशुल्क प्रदाय की गयी है। इसी प्रकार सुहागदास मानिकपुरी ने अपनी बाड़ी में भिन्डी, तोरई, लौकी और लाल बाझी उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदान की गयी सहायता से लगायी है। इन सब्जियों से उनके घर में उपयोग के लिए

सब्जी की दैनिक जरूरत तो पूरी हो ही जाती है। इसके अलावा ज्यादा उत्पादन होने पर वे दन सब्जियों को साप्ताहिक बाजार में बेच भी देते हैं जिससे परिवार का कुछ खर्च भी निकल जाता है।

आबकारी विभाग की टीम ने बरामद किया शराब का जखीरा ,कई सौ किलो लहान भी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग की टीम ने एक साथ कई ठिकानों पर छापामार कार्रवाई कर शराब का जखीरा बरामद किया है। कुल 6 प्रकरणों की कार्रवाई में सैकड़ों किलोग्राम लहान भी जब्त किया गया है। सभी मामलों में आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि लगातार मुखबीर से मिल रही खबर और कलेक्टर डॉ.मित्तर के निर्देश पर कोचियों के खिलाफ अलग अलग ठिकानों पर कार्रवाई की गयी है। आबकारी टीम को कमोबेश सभी स्थानों पर बड़ी सफलता मिली है।

नीतू नोतानी ने बताया कि जिले के कई ठिकानों पर मदिरा के अवैध निर्माण के खिलाफ छापामार कार्रवाई की गयी। पिछले तीन दिनों की लगातार कार्रवाई में आबकारी टीम को बड़ी सफ्लता मिली है। बिरकोना थाना कोनी, पोड़ी थाना सिरगिट्टी और ग्राम दैहानपारा फरहदा थाना सीपत, लोहर्सी सोन थाना पचपेड़ी मे अलग अलग कार्रवाई के दौरान 6 प्रकरण सामने आये है। सभी स्थानों से करीब 66 लीटर महुवा शराब , करीब 6 लीटर देशी शराब और 775 किलोग्राम महुवा लहान जब्त हुआ है। सभी 6 प्रकरणों में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)(क) (च) ,34 (2) 59 (क) की कार्रवाई की गयी है।

आबकारी उपायुक्त ने बताया कि बरामद अवैध शराब और जब्त लहान को तत्काल नष्ट किया गया है। कार्यवाही में सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर ,आशीष सिंह,उपनिरीक्षक आनंद वर्मा, स्टाफ़ मूलचंद कौशिक, राजेश पांडे, ,शुभम रजक ,नेतराम, अनवर, देवदत्त जायसवाल, गणेश चेलकर, उपेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा।

नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2021 हेतु सामान्य प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर नियुक्त

बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बिलासपुर द्वारा नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2021 के संचालन के लिए जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संयुक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा भास्कर सिंह मरकाम को आवश्यक जानकारी व सुविधाएं प्रदान करने हेतु उप अभियंता नगर पालिक निगम बिलासपुर आशीष कुमार गुप्ता एवं सहायक राजस्व निरीक्षक जोन क्रमांक 1 सकरी, विवेक पाण्डेय को लाईजनिंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बिलासपुर द्वारा उप निर्वाचन 2021 के संचालन के लिए जिले में नियुक्त व्यय प्रेक्षक दिलीप सिंह को आवश्यक जानकारी व सुविधाएं प्रदान करने हेतु क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के सहायक लेखा अधिकारी अनमोल वाजपेयी मो.न. 9425536428 को लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बालको प्रबंधन,केंद्र और राज्य सरकार को हाईकोर्ट की नोटिस चोटिया कोल माइंस से कोयला उत्खनन का मामला

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार ,राज्य शासन और बालको प्रबंधन को चोटिया कोल माइंस से कोयला उत्खनन को लेकर दायर याचिका पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है उल्लेखनीय है कि चोटिया कोल माइंस से कोयला उत्खनन का कार्य बालको प्रबंधन ने कुछ वर्ष पूर्व लिया था। इस माइंस को प्राप्त करने के लिए बालको प्रबंधन ने अधिकतम प्रीमियम राशि की बोली के कारण लीज पर प्राप्त किया था। कुछ दिन तक तो बालको प्रबंधन ने इस कोल माइंस से कोयला निकाला, लेकिन बाद में उसे बंद कर दिया। अब बालको प्रबंधन कोल इंडिया से कोयला खरीद रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट वीरेंद्र पांडे ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि बालको चोटिया से कोयला उत्खनन करे, ताकि केंद्र और राज्य सरकार को प्रीमियम व रॉयल्टी प्राप्त हो। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र, राज्य सरकार और बालको प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ज्ञातव्य है कि बालको प्रबंधन ने भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कोयला खदानों की नीलामी के समय चोटिया कोल ब्लॉक को सर्वाधिक प्रीमियम पर प्राप्त किया था। प्रकाश स्पंज आयरन चांपा से खदान का आधिपत्य भी ले लिया गया। कोयले का उत्खनन शुरू भी करा दिया गया। कुछ ट्रांसपोर्टर्स को काम दे दिया गया। सब कुछ ठीक चलता रहा बालको ने कोरोना के समय से कोयले का उत्खनन बंद कर दिया। जिन ट्रांसपोर्टर्स ने बालको प्रबंधन के आश्वासन अथवा लिखित में दिए गए अधिकार पर भरोसा किया उनकी आर्थिक रूप से कमर टूट गई। बड़ी मात्रा में खरीदी गई ट्रकें खड़ी हो गईं। बालको प्रबंधन ने ऐसे ट्रांसपोर्टर्स को उनका वाजिब भुगतान भी नहीं किया। बालको प्रबंधन की यह मनमानी क्या केंद्र और राज्य सरकार की जानकारी में नही है? बहरहाल, मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है।

शहर के कई मोहल्लों में डायरिया का प्रकोप

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण का दहशत शहर में लगातार तो है लेकिन शहर के कई मोहल्लों में डायरिया ने पांव पसारना शुरू कर दिया है ।शहर के तारबाह 'संजय गांधी नगर और तालापारा क्षेत्र में डायरिया मरीज लगातार मिल रहे है। इन मोहल्लों के गंभीर रूप से प्रभावित डायरिया मरीजों को जिला अस्पताल और सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

बिलासपुर के कई मोहल्ले इन दिनों डायरिया के चपेट में हैं। खासकर तारबाहर, तालापारा और सरकंडा परिक्षेत्र राजकिशोर नगर, अशोक नगर शामिल है।लेकिन डायरिया का सर्वाधिक असर तारबाहर क्षेत्र में दिख रहा है।

जानकारी के मुताबिक आज इस क्षेत्र में मितानिनो के द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया गया। जिसमें 123 घरों में मरीजों को ओआरएस क्लोरीन टेबलेट वार्ड वासियों को बांटी गई है । इधर डायरिया के बढ़ते संक्रमण को देखकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए कैंप मोहल्ले में लगाया गया है। तारबहार के गुरुघासीदास मंदिर के पास कैंप लगाया गया है। जिसमें एक डॉक्टर समेत नर्सो की टीम मौके पर मौजूद थी। जिनके द्वारा मरीजों के परिजन को तत्काल दवा दी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार दूषित पेयजल के कारण डायरिया बीमारी फैलती है। इस इलाके की अधिकांश पाइपलाइन नाली के आसपास हैं। जिसके चलते अधिकाश कई पाइप लाइन का दूषित हो सकता है। इस पानी के सेवन से बड़ी संख्या में लोगो की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसके चलते लोगो में उल्टी दस्त की शिकयत आने लगी।

सविधान दिवस पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी आज

बिलासपुर। संविधान दिवस को सविधान पकवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है इसी परिपेक्ष में 5 दिसंबर रविवार दोपहर 1:00 बजे भाजपा कार्यालय में संभाग स्तरीय संगोष्ठी का कार्यक्रम जिसमें बिलासपुर जांजगीर-चांपा कोरबा रायगढ़' मुंगेली एवं मरवाही जिले के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा लाल सिंह आर्य पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय पूर्व केंद्रीय मंत्री नेता प्रतिपक्ष शधरमलाल कौशिक , अमर अग्रवाल पूर्व मंत्री, पुन्नूलाल मोहले विधायक, डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी विधायक , नारायण चंदेल विधायक, रजनीश सिंह विधायक सौरव सिंह विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय की उपस्थिति में संपन्न होगा ।

दस दिसंबर के बाद ही स्थिति सामान्य होने की संभावना

तूफान 'जवाद' का भय से आरक्षण करवा चुके रेल यात्रियों की बढ़ गई परेशानी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आंध्रप्रदेश, ओड़िशा तट पर संभावित चक्रवाती तूफान जवाद को ध्यान में रखकर रेलवे प्रशासन ने तीन दर्जन से भी अधिक अधिक ट्रेनें रद कर दी है। अचानक से ट्रेनें रद होने से महीने और पखवाड़ेभर पहले टिकट बुक करा चुके यात्री परेशान हैं। उन्होंने मजबूरी में अपनी यात्रा रद करनी पड़ी है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि दस दिसंबर के बाद ही स्थिति सामान्य होने की संभावना है। इसके बाद ही रद्द की गई ट्रेनों का संचालन विभिन्न रूटों पर किया जा सकेगा।

संबलपुर-टिटलागढ़ सेक्शन में दोहरीकरण का चल रहा काम, कई ट्रेन प्रभावित : रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास करने इस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर-टिटलागढ़ सेक्शन में दोहरीकरण परियोजना का कार्य कराया जायेगा। यह कार्य 8 से 15 दिसम्बर, 2021 तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होने से गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। इस कार्य के फ्लस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है।

रद्द की गई ये ट्रेनें : 11 से 15 दिसंबर 2021 तक टिटलागढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08263 टिटलागढ़-बिलासपुर स्पेशल पैसेंजर रद रहेगी। इसी तरह11 से 14 दिसंबर 2021 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ स्पेशल पैसेंजर रद रहेगी। 08 से 14 दिसंबर 2021 तक पूरी एवं दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18425 / 18426 पूरी-दुर्ग-पूरी एक्सप्रेस रद रहेगी

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें, 11 एवं 14 दिसंबर को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेढ़ाखोल-सम्बलपुर सिटी- सरला जंक्शन- झारसुगुड़ा रोड़ होकर चलेगी, 12 दिसंबर को अमृतसर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा रोड़-सरला जंक्शन- सम्बलपुर सिटी- रेढ़ाखोल होकर चलेगी, 8 दिसंबर पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20813 पूरीङ्कजोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेढ़ाखोल-सम्बलपुर सिटी- सरला जंक्शन-झारसुगुड़ा रोड़ होकर चलेगी, 11 दिसंबर जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा रोड़-सरला जंक्शन- सम्बलपुर सिटी- रेढ़ाखोल होकर चलेगी, 13 दिसंबर को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेढ़ाखोल-सम्बलपुर सिटी- सरला जंक्शन- झारसुगुड़ा रोड़ होकर चलेगी, 4 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22866 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेढ़ाखोल-सम्बलपुर सिटी- सरला जंक्शन- झारसुगुड़ा रोड़ होकर चलेगी, 12 दिसंबर को बिकानेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा रोड़-सरला जंक्शन- सम्बलपुर सिटी-रेढ़ाखोल होकर चलेगी, 8 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20861पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड जं-विजयनगरम जंक्शन-टिटलागढ़ होकर चलेगी, 10 दिसंबर को अहमदाबाद से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20862 अहमदाबाद-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-विजयनगरम जंक्शन-खुर्दा रोड जं होकर चलेगी, 12 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड जं-विजयनगरम जंक्शन-टिटलागढ़ होकर चलेगी, 10 दिसंबर को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12993 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-विजयनगरम जंक्शन-खुर्दा रोड जं होकर चलेगी, 13 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12994 पूरी-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड जं-विजयनगरम जंक्शन-टिटलागढ़ होकर चलेगी, 12 दिसंबर को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12145 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-विजयनगरम जंक्शन-खुर्दा रोड जं होकर चलेगी, 14 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12146 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड जं-विजयनगरम जंक्शन-टिटलागढ़ होकर चलेगी, 9 दिसंबर को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड जं-विजयनगरम जंक्शन-टिटलागढ़ होकर चलेगी, 7 दिसंबर को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20824 अजमेर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-विजयनगरम जंक्शन-खुर्दा रोड जं होकर चलेगी।

रायपुर। श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एवं कॉलेज के चेयरमेन तथा श्री बालाजी थिंक मीडिया प्रा.लि. (पायनियर) के डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र नायक ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के दफ्तर में केक काटकर पूरी टीम के साथ अपना जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर श्रीबालाजी थिंक मीडिया की डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, मेडिकल कॉलेज के डीन श्री मानिक चटर्जी, सीएफओ श्री नीतिन पटेल, ग्रुप के महाप्रबंधक डॉ. बिरेन्द्र पटेल, राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल, संपादक ए.एन. द्विवेदी तथा निलांचल सेवा समिति के चेयरमेन श्री संपत अग्रवाल समेत पूरी टीम उपस्थित रही।

प्रदेश के किसानों को कंगाल करना चाहती है भूपेश सरकार : विष्णुदेव साय

मंडी शुल्क150 प्रतिशत बढ़ाकर कांग्रेस सरकार ने बता दिया वो किसानों के दुश्मन है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि धान खरीदी के नाम पर प्रदेश के अन्नदाताओं को प्रताड़ित करने वाली प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क में सीधे 150 प्रतिशत का इजाफा करके कृषि और कृषक विरोधी चरित्र का शर्मनाक परिचय दिया है। साय ने कहा कि धान के अलावा अन्य फसलों पर मंडी शुल्क में 50 फीसदी की बढ़ोतरी भी प्रदेश के कृषकों के साथ अन्याय की पराकाष्ठा है। भाजपा अध्यक्ष साय ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ किसान विरोधी होने का झूठा प्रलाप करने वाली कांग्रेस की प्रदेश सरकार खुद किसानों पर लगातार अत्याचार करके उनके आर्थिक शोषण पर उतारू हो गई है। साय ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले का दुष्परिणाम किसानों को ही भुगतना पड़ेगा क्योंकि इससे एक ओर जहां खुले बाजार में धान की कीमतें अपने न्यूनतम स्तर तक पहुंच जाएगी वहीं दूसरी ओर इस बढ़े हुए मंडी शुल्क का आर्थिक भार भी किसानों पर ही पड़ेगा। साय ने कहा कि प्रदेश सरकार 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का ढोल पीटकर चोर दरवाजे खोल रही है और किसानों को कंगाल बनाने के षड्यंत्रों में मशगूल हैं। किसानों को बेहतर आर्थिक व सामाजिक स्तर प्रदान करने के सब्जबाग दिखाकर प्रदेश सरकार अपने धोखाधड़ी और लूट खसोट के मूल राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन कर रही है।

भाजपा अध्यक्ष साय ने कहा कि पिछले साल की तुलना में केंद्र सरकार से इस बार मंडी शुल्क के नाम पर तीन गुना वसूली करने वाली भूपेश सरकार ने किसानों को मंडी में न तो कोई सुविधा दिया न ही मंडियों का कोई विकास किया, उल्टे किसानों की आर्थिक प्रताड़ना पर उतर आई है और निश्चित रूप से किसानों को इस शुल्क बढ़ोतरी से काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रदेश सरकारी इस शुल्क बढ़ोतरी को वापस लेने की तत्काल घोषणा करे।

विष्णु देव साय समझ लें दहशत में है उनकी भाजपा : मरकाम

भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान कि हार के डर से नगरीय निकाय चुनावी की जिम्मेदारी से कांग्रेस के नेता भाग रहे हैं और कांग्रेस को सबक सिखाने जनता तैयार बैठी हैं, पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि कांग्रेस न तो किसी से डरती और न ही किसी जिम्मेदारी से भागती। हार की दहशत में तो प्रधानमंत्री मोदी हैं जो अपने फैसले पलट रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में आसन्न और सुनिश्चित हार से दरअसल भाजपा थर थर कांप रही है और उसके नेता मानसिक तनाव में अनर्गल प्रलाप में जुटे हुए हैं। हम उनका डिप्रेशन समझ सकते हैं और प्रदेश की जनता भी उनकी असलियत पहचान चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जनता भाजपा को खदेड़ने का मन बना चुकी है। भाजपा के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है। जनता इस बात को समझ चुकी है कि भाजपा को हराने से ही अच्छे दिन वापस आयेंगे। जिस प्रकार से अभी देश के कई राज्यों में विधानसभा के उपचुनाव हुए और भाजपा शासित राज्यों में भी भाजपा प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई। उपचुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा के आम चुनाव में करारी हार के डर से भयभीत मोदी भाजपा की सरकार अब अपने फैसले को बदल रही है। मोदी सरकार के तानाशाही रवैया तुगलकी फरमान से आम जनता के गृहस्थ जीवन एवं रोजी रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न हुये है। उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद मोदी सरकार हार के डर से बैकफुट पर है और देश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा के हारने से ही देश के हालात सुधरेंगे इसलिए देश, प्रदेश और निकाय के चुनाव में जनता भाजपा को हरा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि नगरीय निकाय के चुनाव के प्रथम चरण में 10 नगर निगम में 10 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करायी थी। उसी तरह दूसरे चरण के आसन्न 4 नगर निगम, 3 नगर पालिका, 8 नगर पंचायत आम चुनाव एवं 15 नगरीय निकाय के उपचुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशियों की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। नगरीय निकाय चुनाव में भी सभी जगह कांग्रेस की परिषद बनेगी।

32 करोड़ की सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन में पहुंचे विधायक विनय

जनता से कहा, मैं धर्म की नहीं विकास की राजनीति करूंगा

■ सन्ना से पंडरापाठ होते हुए बगीचा और बगीचा से कामारीमा सन्ना मार्ग का निर्माण शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा जशपुर के विधायक विनय भगत के द्वारा शनिवार को सन्ना से पंडरापाठ होते हुए बगीचा 11 किलो मीटर की सड़क लागत 10 करोड़ 15 लाख, बगीचा से कामारीमा सन्ना मार्ग तक कुल 26 .60 किलोमीटर लागत 21 करोड़ 60 लाख की मुख्य सड़क का भूमि पूजन किया। इससे पहले कई जनप्रतिनिधियों के समक्ष ग्रामीणों ने इस जर्जर सड़क के निर्माण के लिए निवेदन किया था लेकिन कभी भी जनता की मांग को इसके पूर्व जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया। जशपुर के विधायक विनय भगत ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए आम जनता के हितों के लिए उक्त मांग को विधानसभा में जोर शोर से रखा जिसका परिणाम यह हुआ कि आज आम जनता को बहुत ही अच्छी सड़क की सौगात मिलने वाली है।

जनता को कभी निराश नहीं करूंगा : विनय

विधायक विनय भगत ने सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह में कहा, सन्ना की जनता को मुझसे बहुत उम्मीद है और मैं सन्ना के लोगो को निराश नही होने दूंगा। क्योंकि यहां के विकास और आम जनता ने इसके लिए मुझे विधायक बनाया है, धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले सावधान हो जाए ,मैं धर्म के नाम पर नहीं विकास पर विश्वाश करता हूं और इस क्षेत्र का विकास मैं करूंगा। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को बहुत गुमराह किया जा चुका है अब सभी जान गए हैं विधायक क्या होता है। मैं पहले के विधायक के जैसा नही,जो सिर्फ नाम मात्र का विधायक होते थे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सूरज चौरसिया ,जशपुर ग्रामीण अध्यक्ष मनमोहन भगत, बी डी सी अमित महतो ,महामंत्री सतीश गुप्ता,शासकीय कर्मचारी एसडीओ पीडब्लूडी उप अभियंता, क्षेत्र की सरपंच रेशमा मिंज, बहुरा सरपंच रविंद्र कुजूर,सरपंच कोपा,सपंच छिछली,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे,सभी ने माननीय संवेदनशील विधायक विनय भगत जी को धन्यवाद और साधुवाद दिया।

विकास उपाध्याय ने रोहिणीपुरम तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने नगर निगम आयुक्त सह रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक प्रभात मलिक एवं अतिरिक्त प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा के साथ रोहिणीपुरम तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्याय ने कहा कि आम नागरिकों की आवश्कताओं के अनुरूप सुविधाओं का उन्नयन कर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है । मुख्य मार्ग सौंदर्यीकरण के साथ ही पाथवे एवं तालाब में बिसर्जन कुंड निर्माण के संबंध में भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. लगभग 72 लाख रुपये की लागत से इस तालाब का कायाकल्प कर रहा है। इस कार्य योजना के अंतर्गत तालाब के चारों तरफफुटपाथ निर्माण, घाट निर्माण, लाईटिंग, फ्लोटिंग हाईजेट फ उंटेन, बैठक व्यवस्था, फेंसिंग एंव पौधरोपण, गार्डन, डस्टबिन और साईनेज का कार्य प्रगतिरत है। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एम.डी. प्रभात मलिक ने तकनीकी टीम से इस तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्य एजेंसी को निर्देशित किया है। इस मौके पर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मैनेजर सिविल राकेश गुप्ता, एस.पी. साहू, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर नलिनी साहू उपस्थित रहीं।

विजय शृंखला और संस्कृतियों का महासंगम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में और 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विजय श्रंखला और संस्कृतियों का महा संगम कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। ऐसा ही एक कार्यक्रम 8 सीजी गर्ल्स बीएन एनसीसी, रायपुर द्वारा ग्रुप मुख्यालय छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आयोजित किया गया । एनसीसी ग्रुप छत्तीसगढ़ के कैडेटों ने बसना (तहसील), महासमंद (जिला) के रहने वाले शहीद सिपाही योगेश्वर दास की पत्नी पंकजनी देवी को शासकीय हाई स्कूल बसना में आयोजित एक समारोह में तहसीलदार और बसना के प्रधान की उपस्थिति में सम्मानित किया। ब्रिगेडियर एके दास वी एस एम ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय छत्तीसगढ़ की ओर से श्रीमती पंकजनी देवी पत्नी शहीद सिपाही योगेश्वर दास को कैडेट्स के साथ कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आशीष बडोला द्वारा सम्मानित किया गया। इस पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी 25000 एनसीसी कैडेटों की ओर से कैडेटों ने 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा करने का संकल्प लिया। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि इस साल हमारा देश आजादी के 75 साल और 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने और आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित की गई यह प्लेसमेंट फर्मेसी के छात्रों के लिए आयोजित ही गई । अपोलो फ र्मेसी लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव किया गया। इस प्लेसमेंट में श्रीरावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फ र्मेसी कुम्हारी और फैकल्टी ऑफ फार्मेसी से कुल 31 छात्रों ने भाग लिया।जिसमे 13 छात्रों को चयनित किया गया। इस इंटरव्यू में कंपनी के एक्सपर्ट प्रबंधक एचआर महेश, वरिष्ठ कार्यकारी एचआर लाओ मन्ना, कार्यकारी एचआर-टी एंड डी देवाशीष सरकार और जूनियर कार्यकारी संचालन आशीष धन्जे द्वारा लिखित परीक्षा और इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी की गई। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ.जे.के. उपध्याय ने श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार,और प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दी।

अग्निशामक यंत्र के विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया गया

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के सिविल डिफेंस वालंटियर तथा सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर श्री एस कोटेश्वर राव के द्वारा कैरिज एवं वैगन ट्रेनिंग सेंटर /बी एम वाई में विशेष प्रशिक्षण अभियान विस्तार पूर्वक चलाया गया जिसमें ट्रेन में यात्रा करते समय ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने के लिए जानकारी प्रदान की गई एवं लोगों को इससे निपटने के लिए तरीके बताए गए इसके तहत कैरिज एवं वैगन कर्मचारी, एवं आरपीएफ कर्मचारी को इससे संबंधित जानकारी प्रदान की गई ताकि ट्रेनों में आगजनी को रोका जा सके।

मुंबई के विशेषज्ञों ने ऑन्कोलॉजी में उन्नत उपचार प्रोटोकॉल्स पर चर्चा की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुंबई के अग्रणी अस्पताल कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल (केडीएएच) के जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्टस् ने रायपुर का दौरा किया और यहां के प्रमुख डॉक्टरों से मुलाकात के दौरान अपने ज्ञान को साझा किया, साथ ही मरीज़ों की देखभाल को बेहतर करने के लिए कैंसर के उपचार प्रोटोकॉल में विकास / प्रगति पर चर्चा की। केडीएएच के डॉक्टर्स डॉ राजेश मिस्त्री, डायरेक्टर-ऑन्कोलॉजी और डॉ समीर तुलपुले, कंसल्टेंट-जनरल हेमोल्टोलॉजी, हेमो- ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-एएमएस भिलाई (आईएमए) और स्थानीय डॉक्टर्स के साथ चर्चा की। मरीज़ों को लाभ मिल सकें इसके लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें विशेषज्ञता, प्रौद्योगिकी, समय पर और प्रभावी उपचार इन सभी का मिश्रण होता है और इससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की सुविधा प्रदान की जाती है। महामारी के दौर में इसकी ज़रूरत और भी ज़्यादा महसूस की जा रही है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल, कैंसर के लिए व्यापक देखभाल केंद्र जैसी सुविधाओं के साथ, इस क्षेत्र और देश में स्वास्थ्यसेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सेंटर फॉर कैंसर विशेषज्ञता को एक साथ लाकर सभी प्रकार के कैंसर के मरीज़ों को व्यापक और समन्वित देखभाल प्रदान करता है। डॉ राजेश मिस्त्री ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की 'दा विंची रोबोटिक सिस्टम' के बारे में बात की जो डॉक्टरों को अलग-अलग प्रकार के कैंसरों के लिए बड़ी संख्या में सर्जरीज़ करने में सक्षम बनाती है।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

Psychiatric Name	2	Professor/Asso.Prof
	2	Asst. Prof
Med. Surgical Nursing	2	Professor/Asso.Prof.
	2	Asst. Prof
Community Health Nursing	2	Professor/Asso.Prof.
	2	Asst.Prof
Child Health Nursing	2	Professor/ Asso.Prof.
	2	Asst. Prof.
Tutor	4	Minimum 1 Year exp.

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

B.Sc Nursing	4 years	Pathology technician	1 year
Post Basic Bsc Nursing	2 years	Operation theater tech.	1 year
M.Sc. Nursing	2 years	X-Ray technician	1 year
Medical Surgical Nsg.		Ortho and dresser tech.	1 year
Community Health Nsg.			
Child Health Nsg.			
Mental Health Nsg.			

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241095 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403